WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, बुधवार, 29 अक्टूबर 2025 शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 252 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए

रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

नक्सली दहशत से दहलते गांव जांगला में साकार होने लगा पीएम मोदी का सपना

सुदूर जंगल में बसे गांवों में पहुंचने लगी विकास की रोशनी

कमलेश पैकरा

बीजापुर/नवप्रदेश। पिछले साढ़े चार दशक से ज्यादा समय से नक्सली हिंसा से दहशतजदा बीजापुर के वनांचल इलाकों में पीएम मोदी के सपने साकार होने लगे हैं। सुदूर जंगल में बसे गांवों में भी विकास की किरणें फूटने लगी है। वनांचल में बसे अंतिम पंक्ति के गरीब-गुरबों तक सरकार की बेहतर सुविधाएं पहुंचाने का पीएम नरेंद्र मोदी का सपना छत्तीसगढ़ में साकार होने लगा है।

बीजापुर का नाम सुनते ही लोगों के जेहन में नक्सली खौफ की अनगिनत दास्तानें आ जाती है। मुठभेड़, आईईडी विस्फोट और माओवाद से भयभीत ग्रामीणों ने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि उन्हें सरकार की योजनाओं का कभी फायदा भी मिल पाएगा। बीजापुर के जांगला गांव में अब लोगों के लिये सुकून का पिटारा खुल चुका है। पीएम मोदी के निर्देश पर बस्तर के लोगों को अकल्पनीय सौगातें मिल रही हैं।

बम विस्फोट से दहलते बस्तर में गरीब आदिवासियों के जीवन में बेहतर सुविधाओं और खुशियों की बयार चल पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शुभारंभ इसी जांगला गांव में 14 अप्रैल 2018 को किया था। यहीं से पूरे देश में आयुष्मान भारत योजना का शुभारंभ हुआ।

जांगला के वेलनेस सेंटर से आसपास के ग्रामीण इलाकों के बाशिंदों को सुलभ, सस्ती और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है। वेलनेस सेंटर में गर्भावस्था जांच व देखभाल, नवजात शिशु सेवा, प्रसव के बाद देखभाल, परिवार नियोजन, मानसिक स्वास्थ्य, नेत्र रोग उपचार, संक्रामक और गैर-संक्रामक बीमारियों की जांच व उपचार सहित कुल 12 स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है।

गंभीर रूप से बीमार और गर्भवती मरीजों को भर्ती करने के लिए यहां दो बेड भी उपलब्ध कराए गए हैं। आसपास के गांव बरदेला, बेंगला, मातला, छोटे गोंगला, पोटेनार, बड़े तुंगाली और पीटे तुंगाली से यहां रोज करीब दो दर्जन से ज्यादा मरीज उपचार के लिए आते हैं।

हर हफ्ते भैरमगढ़ से दो बार और बीजापुर से एक बार डॉक्टरों की टीम यहां आती है। मलेरिया, सिफलिस और एचआईवी जैसी बीमारियों की पहचान के लिये केंद्र में आरडीटी और स्लाइड जांच की सुविधा उपलब्ध है। स्लाइड जांच के लिये सैंपल सीएचसी भैरमगढ़ भेजे जाते हैं। गंभीर मरीजों को उच्च स्तरीय इलाज के लिए रेफर किया जाता है।

ग्रामीण स्वास्थ्य के प्रति हो रहे जागरूक

सेंटर की प्रमुख गीतेश्वरी नेताम ने बताया कि 'नियमित जांच, समय पर दवा उपलब्धता और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श के कारण ग्रामीण अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक जागरूक हो रहे हैं। हर व्यक्ति को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।'बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण जांगला वेलनेस सेंटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वस्थ भारत' के विजन का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

वेलनेस सेंटर को सुविधायुक्त बनाया जाएगा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बी आर पुजारी ने बताया कि जांगला वेलनेस सेंटर में और अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। ताकि, मरीजों की बेहतर देखभाल और आपातकालीन सेवाओं की सुविधा मिल सके। यहां इलाज कराने आए मरीज कोंडरोजी निवासी सोनतू राम जायसवाल के मुताबिक जांगला वेलनेस सेंटर खुलने से ग्रामीणो को इलाज सुविधा के मामले में काफी राहत मिली है।

आज बेबाक

असद्दुदीन ओवैसी और प्रशांत किशोर के गणित के चलते तेजस्वी यादव का एमवाई समीकरण गड़बड़ा गया है। लालटेन वालों के परंपरागत मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए ओवैसी और पीके सब्बल लेकर भीड़ गये हैं। नतीजतन तेजस्वी यादव बौखलाए हुए हैं। उन्होंने अपने वोट बैंक को दरकने से बचाने के लिए बहुत बड़ा बोल बोला है कि यदि बिहार में उनके नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार बनी तो वे वक्फ कानून को कूड़ेदान के हवाले कर देंगे। उन्हें कौन समझाये कि संसद से पारित वक्फ कानून पूरे देश में लागू होगा और बिहार भी इस देश का हिस्सा है।

छठ पूजा के समापन पर प्रधानमंत्री मोदी ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

नई दिल्ली (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सूर्य देव के सम्मान में मनाए जाने वाले चार दिवसीय पर्व छठ पूजा के पावन समापन पर देशवासियों को हार्दिक बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में इस अवसर पर लिखाः 'आज, भगवान सूर्य देव को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही छठ के महापर्व का पावन समापन हो गया। उन्होंने इस पर्व के गहन महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस चार दिवसीय अनुष्ठान ने सभी को छठ पूजा की हमारी महान परंपरा की दिव्य झलक देखने का अवसर प्रदान किया।

प्रियंका का दो दिवसीय वायनाड दौरा

नयी दिल्ली (वार्ता) कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा बुधवार से अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगी । पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 29 और 30 अक्टूबर को वायनाड दौरे पर रहेंगी और इसके बाद बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार करने जाएंगी । वह वायनाड में राजीव गांधी मेमोरियल सरकारी आयुर्वेद औषधालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगी।

कैबिनेट ने पीएंडके उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी रेट्स को दी मंजूरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को रबी सीजन 2025-26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी। रबी सीजन 2025-26 के लिए अनुमानित बजटीय आवश्यकता लगभग 37,952.29 करोड़ रुपये होगी, जो कि खरीफ सीजन 2025 की बजटीय आवश्यकता से लगभग 736 करोड़ रुपए अधिक है।इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के साथ किसानों को सब्सिडीयुक्त, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

महत्वपूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता

डाई अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और एनपीकेएस (नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटाश, सल्फर) ग्रेड सहित पीएंडके उर्वरकों पर किसानों को सब्सिडी रबी 2025-26 के लिए अनुमोदित दरों के आधार पर प्रदान की जाएगी। इससे किसानों को सस्ती कीमतों पर इन महत्वपूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार किसानों को डीएपी सहित पी एंड के उर्वरकों के 28 ग्रेड उर्वरक ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

आठवें वेतन आयोग की रूपरेखा को कैबिनेट की मंजूरी 18 महीने का कार्यकाल, 50 लाख कर्मियों को फायदा

सरकार ने केंद्रीय कर्मियों के वेतन और अन्य लाभों में बदलावों की जांच और सिफारिश करने के लिए 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी। कैबिनेट ने आज 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संदर्भ की शर्तों को मंजूरी दे दी। साथ ही पोषक तत्व आधारित सब्सिडी योजना को भी मंजूरी दे दी है।

कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग के तहत विचार होने वाले विषयों को मंजूरी दी। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। आयोग में एक अध्यक्ष, एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव शामिल होंगे।

1 जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद: वैष्णव

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आठवां वेतन आयोग 18 महीने के भीतर सिफारिशें प्रस्तुत करेगा, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होने की संभावना है। मंत्री ने बताया कि आयोग की सिफारिशें रक्षा सेवा कर्मियों और लगभग 69 लाख पेंशनभोगियों सहित लगभग 50 ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

तय सब्सिडी दरें

नाइट्रोजन	: 43.02 प्रति किलो
फॉस्फोरस	: 47.96 प्रति किलो
पोटाश	: 2.38 प्रति किलो
सल्फर	: 2.87 प्रति किलो

नई दरें होंगी 1 अक्टूबर से लागू

वैष्णव ने बताया कि इस रबी के लिए सब्सिडी दरें पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 14,000 करोड़ रुपये अधिक रखी गई हैं। ये दरें पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (ह्क्चस्) योजना के तहत तय की गई हैं, जिसमें आयात कीमतों, पोषक तत्वों की मांग, सब्सिडी भार और अधिकतम खुदरा मूल्य (रूक्रक्क) जैसे कारकों को ध्यान में रखा गया है। नई सब्सिडी दरें 1 अक्तूबर से लागू होंगी। एनबीएस सब्सिडी व्यवस्था के अंतर्गत 28 ग्रेड के पी और के उर्वरक शामिल हैं।

जनपद उपाध्यक्ष के ऑफिस के बाहर नकाबपोशों ने चलाई गोली

हमले में दो लोग हुए घायल, इलाके में मचा हड़कंप

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के मस्तूरी क्षेत्र में मंगलवार शाम सनसनीखेज गोलीकांड की घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। अज्ञात बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने जनपद उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता नितेश सिंह के निजी ऑफिस के सामने नहर पार फायरिंग कर दी। इस हमले में नितेश सिंह के पास बैठे दो लोग गोली लगने से घायल हो गए हैं। फिलहाल दोनों घायलों को इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, 3 नकाबपोश हमलावर बाइक पर सवार होकर मस्तूरी क्षेत्र के नहर पार इलाके में मौजुद नितेश सिंह के निजी ऑफिस के सामने पहुंचे और अचानक दो राउंड फायरिंग कर दी। गोली लगने से नितेश सिंह के रिश्तेदार चंद्रकांत सिंह ठाकुर और कर्मचारी राजू ठाकुर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि गोली सीधे नितेश सिंह की ओर चलाई गई, लेकिन वह बच गए। फायरिंग के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

गोलीबारी की आवाज सुनते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मस्तूरी और तोरवा थाने की टीम मौके पर पहुंची।

एसएसपी रजनेश सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावरों की तलाश के लिए पूरे तोरवा-मस्तूरी क्षेत्र में नाकेबंदी कर दी गई है। सभी थानेदारों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। फॉरेंसिक टीम और साइबर यूनिट को भी जांच में लगाया गया है। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, यह भी जांच की जा रही है कि फायरिंग का कारण पुरानी रंजिश, राजनीतिक विवाद या व्यक्तिगत दुश्मनी तो नहीं है। एसएसपी रजनेश सिंह स्वयं घटनास्थल ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

माओवादी संगठन को फिर बड़ा झटका

45 सालों से सक्रिय नक्सली लीडर बंडी ने किया सरेंडर

जगदलपुर/नवप्रदेश। माओवादी संगठन को फिर एक बड़ा झटका लगा है। तेलंगाना में माओवादी संगठन के कुख्यात लीडर बंडी प्रकाश ने आज सरेंडर किया। 45 वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय बंडी प्रकाश ने तेलंगाना डीजीपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

25 लाख का घोषित था इनाम : बंडी प्रकाश तेलंगाना स्टेट कमेटी और स्पेशल जोनल कमेटी के सदस्य थे। वे माओवादी संगठन में प्रभात, अशोक और क्रांति के नाम से भी सक्रिय थे। तेलंगाना सरकार ने बंदी प्रकाश पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। बंडी प्रकाश सिंगरेनी कोलबेल्ट कमेटी में भी सचिव के पद पर सक्रिय थे। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पोलित ब्यूरो सदस्य वेणुगोपाल उर्फ सोनू दादा के आत्म समर्पण के बाद सिंगरेनी कमेटी ने भी हथियार डालने का ऐलान किया था।

माओवादियों की बड़ी साजिश नाकाम : सुरक्षाबलों ने 40 किलो आईईडी बम बरामद कर किया निष्क्रिय सुकमा/नवप्रदेश । जिले के थाना फुलबगड़ी क्षेत्र से एक बड़ी ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

एग्रीमेंट

20 करोड़ 53 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक आर्चरी सेंटर

तीरंदाजी के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मिलेगा अवसर : साय

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में आज जशपुर जिले के बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में बगीचा विकासखंड अंतर्गत सन्ना पंडरापाठ में तीरंदाजी अकादमी स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन और एनटीपीसी के बीच एग्रीमेंट किया गया। एनटीपीसी द्वारा यह परियोजना कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (ष्टस्क्र) के तहत 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से संचालित की जाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास और एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) बिलाश मोहंती उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा सीएसआर के माध्यम से आर्चरी सेंटर की स्थापना के लिए 20 करोड़ 53 लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है, यह अत्यंत हर्ष का विषय है।

उन्होंने कहा कि जशपुर क्षेत्र के युवाओं में तीरंदाजी के प्रति अपार संभावनाएं हैं, और इस सेंटर के आरंभ होने से उन्हें प्रशिक्षण और संसाधनों की बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि वर्ष 2036 में भारत ने ओलंपिक खेलों की मेज़बानी के लिए दावेदारी प्रस्तुत की है। हमारी कोशिश होगी कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में अधिकतम संख्या में शामिल हों और पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। यह तभी संभव है जब हम आर्चरी सेंटर जैसे और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करें। ऐसे केंद्रों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने घोषणा की है कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेताओं को 2 करोड़ रुपए और कांस्य पदक प्राप्त करने वालों को 1 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि राज्य खेल अलंकरण समारोह को पुनः आयोजित किए गए हैं और इसके माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में 'खेलो इंडिया के नए प्रशिक्षण केंद्र आरंभ किए गए हैं और जनजातीय क्षेत्रों में खेल अधोसंरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश प्राचीन ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

उगते सूरज को अर्घ्य देकर लिया आशीर्वाद

पटना। छठ पूजा का आज आखिरी और चौथा दिन है. मंगलवार, 28 अक्टूबर यानीआज छठ के चौथे और आखिरी दिन सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हो जाएगा। इस दिन व्रती महिलाएं जल में डुबकी लगाकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और जीवन में ऊर्जा की कामना करती हैं।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने की छठ पूजा, उगते सूरज को दिया अर्घ्य

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में अपने आवास पर छठपूजा के आखिरी दिन उगते सूरज को 'उषा अर्घ्य' दिया।

डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने सूर्य को दिया अर्घ्य

मुंगेर। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने पैतृक निवास तारापुर में अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य. छठी मईया से की बिहार के विकास, उन्नति, संपन्नता की कामना की।

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने मनाया छठ पर्व

लखीसराय। लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय विधानसभा अंतर्गत बड़हिया नगर परिषद में कॉलेज घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को दिया अर्घ्य।

लाइटिंग के जरिए वोटिंग की अपील

छठ महापर्व पर दीघा घाट में अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां लाइटिंग के जरिए मतदान की अपील भी की गई।

'नमकहराम' नहीं है मुसलमान कौम

'एम-वाय' को भेदने पहुंचे मुंगेर, मोनाजिर हसन के लिए बिछाई बिसात

मुंगेर। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि मुसलमान कौम नमकहराम नहीं है। यह बस बराबरी की हकदारी चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास जैसी बड़ी-बड़ी बात बोलते हैं। लेकिन उनके नेता हमे नमकहराम कहते हैं। लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए ओवैसी ने कहा कि हम महागठबंधन से कुछ सीटें मांग रहे थे। उनलोगों ने नहीं दिया। अब गिरेबान झांक रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि नीतीश कुमार को राजगीर की चिंता है तो लालू प्रसाद को अपने बेटे की। मुसलमान अब किसी के झांसे में आने वाले नहीं हैं। दशकों से मुसलमानों के वोट का इस्तेमाल सत्ता हासिल करने के लिए किया गया, लेकिन बदले में इस समुदाय को सिर्फ उपेक्षा मिली। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में तीन फीसदी वाला उपमुख्यमंत्री बनने का दावा कर सकता है, लेकिन 17 फीसदी वाला मुख्यमंत्री बनने का सपना क्यों नहीं देख सकता? 17 फीसदी वाले मुसलमान अपने ही वोट से किसी और को मुख्यमंत्री बना सकते हैं तो खुद क्यों नहीं बन सकते।

मुसलमानों को वोट बैंक बनाकर भागे रहे सत्ता सुख

राजद और एनडीए पर हमला बोलते हुए ओवैसी ने कहा कि लालू का 15 साल जंगलराज पार्ट-1 था, जबकि मौजूदा एनडीए सरकार जंगलराज पार्ट-2 है। दोनों ने मुसलमानों को वोट बैंक बनाकर सिर्फ सत्ता का सुख भोगा। भाजपा ने एक भी मुसलमान को टिकट नहीं दिया। यह है प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' की हकीकत।

चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी मामले में प्रशांत किशोर को जारी किया नोटिस

पटना/ए.। प्रशांत किशोर, जिन्होंने अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत बिहार से की है और अब जन सुराज पार्टी के रूप में जनता के बीच अपनी पहचान बना रहे हैं, इन दिनों एक अप्रत्याशित विवाद में मुख्य पात्र बन गए हैं. उनका नाम बिहार के रोहतास जिले के सासाराम संसदीय क्षेत्र में मतदाता के रूप में दर्ज है, वहीं पश्चिम बंगाल के कोलकाता-कालीघाट रोड पर भी उनका मतदाता पंजीकरण पाया गया है. दो जगहों पर वोटर लिस्ट में नाम होने ने चुनावी समय पर कानूनी और राजनीतिक हलचल तेज कर दी है।

बताते चले, चुनाव आयोग ने देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर के दूसरे चरण को लागू करने का ऐलान करने पर, जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि- बिहार में एसआईआर लागू होने से क्या हो गया, कुछ लोगों को दिक्कत हुई, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा।

प्रशांत किशोर ने कहा, 'एसआईआर बिहार में किया गया, इससे क्या फर्क पड़ा? क्या किसी का नाम काटा गया? कुछ लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा. भाजपा चाहे जितनी कोशिश कर ले, वो किसी का नाम हटाना चाहेगी, किसी को डराना चाहेगी और किसी को परेशान करना चाहेगी।'

जन सुराज के प्रवक्ता सैयद मसीह उद्दीन ने कहा कि प्रशांत किशोर अब बिहार के मतदाता हैं और उन्होंने पिछले साल ही बंगाल का वोटर कार्ड रद्द करवाने के लिए आवेदन दिया था. उन्होंने कहा, -उस आवेदन की स्थिति क्या है, यह स्पष्ट नहीं है, पर उन्होंने नियम के अनुसार प्रक्रिया पूरी कर दी थी. हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग ने पहले ही उनका पश्चिम बंगाल में जारी हुआ ईपीआईसी रद्द कर दिया होगा।

जो भी व्यक्ति अपने गृह राज्य से बाहर व्यवसाय, नौकरी, शिक्षा या किसी अन्य कारण से रहता है, वह उसी जगह का मतदाता बन सकता है जहां वह निवास करता है. जब चुनाव आयोग प्रशांत किशोर से सवाल करेगा, हमारी लीगल टीम उसका जवाब देगी।

बिहार और बंगाल—दोनों जगह दर्ज नाम

चुनावी दस्तावेजों के अनुसार, प्रशांत किशोर का नाम बिहार के रोहतास जिले के सासाराम संसदीय क्षेत्र में वोटर के रूप में दर्ज है। उनका मतदान केंद्र कोनार स्थित मध्य विद्यालय है—जो उनका पुश्तैनी इलाका माना जाता है। वहीं दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में उनका नाम कोलकाता के 121 कालीघाट रोड पर दर्ज है। यह वह पता है जहां तृणमूल कांग्रेस का मुख्यालय स्थित है। चुनावी हलकों में यह बात खास ध्यान खींच रही है क्योंकि 2021 में बंगाल चुनाव के दौरान पीके ममता बनर्जी के राजनीतिक रणनीतिकार रहे थे और उसी समय के दौरान यह पता उनके मतदाता पते के रूप में सूचीबद्ध हुआ बताया गया है।

बंगाल टीएमसी कनेक्शन पर भी चर्चा

इस विवाद ने राजनीतिक हलकों में एक और चर्चा को जन्म दिया है—क्या बंगाल की राजनीति में टीएमसी के सलाहकार रहे पीके का नाम कालीघाट पते पर दर्ज होना महज संयोग है, या किसी पुराने दस्तावेज़ की वजह से यह प्रविष्टि अब तक कायम है?

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंज्याल ने अभी तक इस मामले पर कोई औपचारिक टिप्पणी नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार, अब इस पर जिला चुनाव कार्यालयों से रिपोर्ट मांगी जा सकती है. जन सुराज विरोधी दलों ने आयोग से जांच की मांग उठाई है कि कैसे एक व्यक्ति का नाम दो राज्यों की मतदाता सूची में बना रह गया।

कानूनी पेच: एक व्यक्ति, दो नाम—कानून क्या कहता है

कानून के मुताबिक, दो राज्यों में एक व्यक्ति का नाम वोटर सूची में दर्ज होना अवैध है. Representation of the People Act, 1950 की धारा 17 में साफहै कि कोई व्यक्ति एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत नहीं हो सकता. धारा 18 कहती है कि किसी मतदाता का नाम दो वोटर लिस्ट में दर्ज पाया गया तो वह प्रावधान का उल्लंघन माना जाएगा। अगर कोई व्यक्ति अपना निवास बदलता है, तो उसे फॉर्म 8 भरकर पुराना नाम हटवाना और नया मतदान क्षेत्र चुनना होता है। चुनाव आयोग के जानकारों के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति के खिलाफइस तरह की दोहरी प्रविष्टि साबित हो जाती है, तो वोटर रिकॉर्ड में संशोधन किया जाता है और संबंधित अधिकारी जांच के बाद एक नाम हटाने का आदेश देते हैं।

तेजस्वी को ज्ञान नहीं, वक्फकानून राज्य सरकार नहीं हटा सकती

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "यह तो आश्चर्य की बात है कि तेजस्वी यादव खुद को मुख्यमंत्री पद का दावेदार कहते हैं और उनको इतना नहीं पता कि संसद में पारित हुआ कोई भी कानून राज्य सरकार नहीं हटा सकती। उनको संविधान का ज्ञान नहीं है जो इस तरह की बात कर रहे हैं।"

नई दिल्ली(आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के बीच राजद नेता और महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे। इस पर सियासत तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसे अब राज्य सरकार नहीं हटा सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग और देश के लोग देख रहे हैं और हंस रहे हैं। यह कैसी भाषा है? मेरी राय में, तेजस्वी को कोई ज्ञान नहीं है। दूसरी बात, वह पद के लिए इतने तड़प रहे हैं कि कुछ भी बोल देंगे। मुस्लिमों का वोट हासिल करने के लिए ऐसे कह देंगे कि वक्फकानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे। वह ऐसा कैसे कह सकते हैं?"

लोकआस्था के महापर्व छठ पर किरेन रिजिजू ने कहा, ÷छठ पूजा बहुत खास है। डूबते और उगते सूर्य की पूजा करना विश्व की भलाई के लिए है। यह महापर्व समाज के सभी समुदायों और वर्गों को एक साथ एक धागे में बांधता है। मैं छठ पूजा के मौके पर सभी को शुभकामनाएं देता हूं।

चारा घोटाले को लेकर सीबीआई के पूर्व अतिरिक्त निदेशक उपेंद्र नाथ बिस्वास के बयान पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, ÷कांग्रेस के समय में कोई व्यवस्था नाम की चीज नहीं थी, वो सिर्फ एक परिवार में विश्वास करते थे। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं की मानसिकता तो आप जानते ही हैं।

एसआईआर पर जवाब नहीं तो करेंगे विरोध

लखनऊ(आईएएनएस)। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने 12 राज्यों में होने वाले एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में हुए एसआईआर को लेकर हम लोगों ने सवाल पूछे थे, लेकिन किसी भी सवाल का जवाब नहीं मिला है। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के लिए एसआईआर की घोषणा की है। 12 राज्यों में एसआईआर में पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, राजस्थान, पुडुचेरी, मध्य प्रदेश, लक्षद्वीप, केरल, गुजरात, गोवा, छत्तीसगढ़ के अलावा अंडमान और निकोबार को कवर किया जाएगा।

राजनीतिक माहौल चुनावी रंग में रंगा ...

महागठबंधन का साझा घोषणापत्र जारी

पटना/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव में आज से प्रचार अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है। छठ महापर्व के समापन के साथ ही अब राजनीतिक माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंग गया है. पटना में आज महागठबंधन की तरफसे साझा चुनावी घोषणापत्र जारी किया गया। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' शीर्षक घोषणापत्र को जारी करते वक्त तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के सहयोगी दलों नेता मंच पर मौजूद रहे. इनमें इनमें वीआईपी से मुकेश सहनी, कांग्रेस से मदन मोहन झा, आईआईपी से आईपी गुप्ता, माले से दीपांकर भट्टाचार्य और सीपीआई से रामनरेश पांडे मंच पर मौजूदगी देखी गई। महागठबंधन के घोषणापत्र में 20 महीने के अंदर परिवार के हर सदस्य को नौकरी, 200 यूनिट फ्री बिजली, जीविका ष्टरू दीदियों को नियमित करने और ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने सहित कई बड़े वादे किए गए हैं।

एनडीए जारी करेगा विकसित बिहार

इसके साथ ही सभी प्रमुख दलों के नेताओं ने आज से राज्यभर में अपनी-अपनी सभाओं और जनसभाओं की शुरुआत कर दी है। पहले चरण के मतदान में अब केवल 10 दिन शेष हैं, ऐसे में उम्मीदवार और दल दोनों ही मतदाताओं तक पहुंचने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, एनडीए 30 अक्टूबर को अपना घोषणापत्र जारी कर सकता है, जिसका शीर्षक "विकसित बिहार" होगा।

12 बिन्दुओं पर घोषणा, रोजगार और जीविका दीदियों पर फोकस

1. इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही 20 दिनों के अंदर प्रदेश के हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का अधिनियम लाया जाएगा।
2. हमारी सरकार युवकों को नौकरी देने के अपने संकल्प पर अमल करते हुए 20 महीने में शीघ्र नौकरी प्रदान करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर देगी.।
3. सभी जीविका दीदियों को स्थायी किया जाएगा और उन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाएगा. उनका वेतन 30,000 रुपये प्रतिमाह सुनिश्चित किया जाएगा।
4. जीविका दीदियों के द्वारा लिए गए ऋण पर ब्याज माफकिया जाएगा और दो वर्षों तक बिना ब्याज का ऋण प्रदान किया जाएगा. जीविका केंद्र की दीदीयों को उनके कार्य के निष्पादन के लिए हर महीने 2,000 रुपये का भत्ता दिया जाएगा।
5. इसके अतिरिक्त, जीविका केंद्र के अध्यक्ष और कोषाध्यक्ष को भी मानदेय प्रदान किया जाएगा।
6. सभी संविदाकर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मचारियों को स्थायी किया जाएगा.
7. आईटी पार्क, स्पेशल इकोनॉमिक जोन (स्र्ध), डेयरी-वेस्ड इंडस्ट्रीज, एग्रो-वेस्ड इंडस्ट्रीज, स्वास्थ्य सेवा, कृषि उद्योग, फूड्ड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, लॉजिस्टिक्स, टेलिकम्यूनिकेशन और पर्यटन के क्षेत्रों में कौशल-आधारित रोज़गार का सृजन किया जाएगा।
8. 2000 एकड़ में एजुकेशनल सिटी
9. माई बहिन योजना के तहत महिलाओं को ढाई हजार रुपए प्रतिमाह की राशि दी जाएगी.
10. सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1500 रुपए दी जाएगी और इसमें हर साल 200 रुपए की वृद्धि की जाएगी।
11. 200 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी।
12. ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की जाएगी।

'मेरी राह अलग है, मार्गदर्शन जनता से मिलता'

पटना/ए.। चुनाव प्रचार पर निकलने से पहले मीडिया से बातचीत में तेजप्रताप यादव का दर्द छलक पड़ा. उन्होंने कहा लालू जी जननायक थे, लेकिन अब वे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को मार्गदर्शन देते हैं. मुझे वह मार्गदर्शन नहीं मिलता. मेरा मार्गदर्शन बिहार के गरीबों और युवाओं से आता है। तेजप्रताप के इस बयान को राजनीतिक विश्लेषक स्पष्ट संकेत मान रहे हैं कि लालू परिवार में मतभेद अब सतह पर आ चुके हैं।

राजद 27 बागियों को पार्टी से निकाला

❑ राजद से निकाले गये नेताओं में 4 पूर्व विधायक शामिल

पटना/ए.। बिहार चुनाव से पहले राजद ने बागियों को ठिकाने लगाना शुरू कर दिया है. पार्टी ने एक साथ 27 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है. निकाले गये नेताओं में परसा के विधायक छोटे लाल यादव, राजद की चर्चित नेता रितु जायसवाल सहित कई नेता शामिल हैं। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग से पहले बागियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। राष्ट्रीय जनता दल ने पार्टी की चर्चित महिला नेता रितु जायसवाल समेत 27 लोगों को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है. ये सभी अलग-अलग जिलों से हैं। इनमें से कुछ लोग राजद के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं, तो कुछ लोगों पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के आरोप हैं. राजद के इन सभी 27 नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित करने का आदेश प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने जारी कर दिया है।राजद के प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी सूची में सबसे चौंकाने वाला नाम पार्टी की महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऋतु जायसवाल का है।

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश
राजधानी

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था ऋचा की गोष्ठी

रायपुर/ नवप्रदेश। ऋचा संस्था की गोष्ठी मीना शर्मा के संयोजन में वृंदावन हॉल में आयोजित की गई। इस गोष्ठी की खास बात थी, स्व नीता श्रीवास्तव की किताब तुम ग़ज़लों में जिंदा हो का लोकार्पण। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ साहित्यकारा महिला शक्तियों को मंचासीन किया गया । तत्पश्चात मां सरस्वती और स्व शांति यदु के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

किरण वैद्य द्वारा मधुर स्वर में सरस्वती वंदना की गई। मंचासीन महिला शक्तियों का ऋचा द्वारा सम्मान किया गया। अंजू को पुष्पगुच्छ प्रदान कर जन्मदिन की बधाई प्रेषित की गई। नीता जी के जन्मदिन पर मधु सक्सेना ईरा पंत मुकेश शाह द्वारा उनके परिवार का पुष्पगुच्छ द्वारा अभिवादन किया गया एवं उनकी गरिमामय उपस्थिति में नीता जी के गज़ल संग्रह का वितरण किया गया। सचिव मीना जी द्वारा नीताजी की खूबियों के वर्णन से कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। नीता जी की गज़ल पुस्तिका ले कर सबने एक तस्वीर खिंचवाई।

जीएसटी की ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी की बैठक में चेम्बर सदस्य हुए शामिल

रायपुर/ नवप्रदेश। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग द्वारा नया रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में आयोजित तीसरी ग्रीवेंस रिड्रेसल कमेटी (जीआरसी) मीटिंग में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी जी के मार्गदर्शन में चेम्बर प्रतिनिधिमंडल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह बैठक जीएसटी से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक शिकायतों, तकनीकी मुद्दों और

नीतिगत अस्पष्टताओं पर चर्चा करने और उनके त्वरित समाधान हेतु आयोजित की गई थी।

चेम्बर वाइस चेयरमेन सी.ए. चेतन तारवानी ने बताया कि ÷जीएसटी भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम लगातार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि जीएसटी प्रणाली व्यापार-अनुकूल हो। जीआरसी मीटिंग में हमारी भागीदारी यह दर्शाती है कि हम अपने सदस्यों की चिंताओं को सीधे सरकारी मंचों पर उठाकर उनके समाधान के लिए प्रयासरत हैं।

राजनीतिक दलों के साथ सीईओ ने की महत्वपूर्ण बैठक तथा विभिन्न मीडिया संस्थानों के साथ प्रेस वार्ता

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की शुरुआत!

रायपुर/ नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसी सिलसिले में, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने आज दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गई, जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। प्रत्येक मतदान केंद्र में लगभग 1,000 मतदाता होते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी (BLO) होता है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ERO) होता है। ईआरओ एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट (SDM) स्तर का अधिकारी होता है, जो कानून के अनुसारः मसौदा मतदाता सूची तैयार करता है।

दावों और आपत्तियों को प्राप्त करता है और उन पर निर्णय लेता है। और अंतिम मतदाता सूची तैयार करता है और प्रकाशित करता है। प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (AERO) होता है। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील की सुनवाई करते हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीईओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) के निर्णय के विरुद्ध द्वितीय अपील की सुनवाई करते हैं।

बी.एल.ओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान/लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ (Electoral Form) भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ई.एफ (E.F.) ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे । गणना चरण के दौरान ई.एफ (E.F.) के अलावा, ई.एफ (E.F.) के साथ कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है।

ईआरओ/एईआरओ को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है; और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ईआरओ के फैसले के खिलाफ पहली अपील की सुनवाई करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डीएम के निर्णय के खिलाफ दूसरी अपील की सुनवाई करेंगे।

उपस्थित दल

- बहुजन समाज पार्टी (BSP)
- भारतीय जनता पार्टी (BJP)
- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफइंडिया (मार्क्सवादी) (CPI-M)
- इंडियन नेशनल कांग्रेस (INC)
- आम आदमी पार्टी (AAP)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी (NPP)

ईआरओ/एईआरओ द्वारा नोटिस जारी करना और उस पर निर्णय लेना।

उन मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे जिनका अंतिम एसआईआर से मिलान/लिंक नहीं किया जा सका। मतदाता के रूप में उनकी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए सांकेतिक दस्तावेजों का सत्यापन करना

अंतिम एसआईआर से पहले उनके ठिकाने का पता लगाने के लिए सुनवाई।

ईआरओ/एईआरओ द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त करना और उन पर निर्णय लेना। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का कोई भी मतदाता या बीएलए दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है।

अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

जिला मजिस्ट्रेट द्वारा प्रथम अपील और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों द्वारा द्वितीय अपील प्राप्त करना और उन पर निर्णय लेना

राजनीतिक दलों की रही सक्रिय भागीदारी

मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित इस 'बैठक' में राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है। इस अवसर पर, सीईओ यशवंत कुमार ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे पुनरीक्षण के दौरान अपने बूथ स्तरीय एजेंटों (BLAs) के माध्यम से निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जा सकें और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें।

एसआईआर के प्रमुख चरण

पूर्व-गणना चरण

बीएलओ, ईआरओ और डीईओ का प्रशिक्षण। बीएलओ द्वारा अंतिम एसआईआर के साथ मैन्युअल मिलान/लिंकिंग। ECINET द्वारा अंतिम एसआईआर के साथ कंप्यूटर मिलान/लिंकिंग।

राजनीतिक दलों की भागीदारी

सीईओ, डीईओ और ईआरओ सभी मान्यता प्राप्त दलों से मिलेंगे और एसआईआर प्रक्रिया को विस्तार से समझाएंगे। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण। बीएलए मतदाताओं से विधिवत भरे हुए ईएफभी एकत्र कर सकते हैं. प्रतिदिन 50 ईएफ तक प्रमाणित कर सकते हैं और बीएलओ को जमा कर सकते हैं।

गणना चरण : विधिवत भरे गए गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान/लिंकिंग और संग्रहण 1,200 मतदाताओं की अधिकतम सीमा वाले मतदान केंद्रों का युक्तिकरण।

मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन

ड्राफ्ट रोल में वे सभी मतदाता शामिल होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो गए हैं। ड्राफ्ट रोल में शामिल न किए गए अनुपस्थित/स्थानांतरित/मृत/डुप्लिकेट नामों की सूची सीईओ वेबसाइट/सार्वजनिक कार्यालयों पर डाली जाएगी।

सीईओ ने राजनीतिक दलों को पूरे एसआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की भी जानकारी दी

1. **मुद्रण/प्रशिक्षण कार्य:** 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर 2025 तक।
2. **घर घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य:** 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक।
3. **मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन** : 09 दिसम्बर
4. **दावे और आपत्ति की अवधि:** 09. दिसम्बर से 08. जनवरी 2026 तक
5 **नोटिस चरण (सुनवाई और सत्यापन):** 09 दिसम्बर से 31 जनवरी तक
6. **मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन** : 07 फरवरी 2026।

न्यूज गैलरी

आकाश तिवारी नेता प्रतिपक्ष

रायपुर/ नवप्रदेश । कल सामान्य सभा है इससे पहले रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष की कुर्सी दौड़ में अब आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में सभापति सूर्यकांत राठौर ने मान्यता देते हुए पत्र जारी कर दिया है। बता दें पहले संदीप साहू नेता प्रतिपक्ष बने फिर आकाश तिवारी,फिर विरोध में कांग्रेस पार्षद लामबंद हुए और फिर संदीप को नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया। इस बीच पीसीसी चीफ ने निगम में पत्र भेजा था कि आकाश तिवारी ही नेता प्रतिपक्ष के रुप में पार्टी की ओर से अधिकृत हैं। इसकी घोषणा आज हो गई। अब संदीप व समर्थक कांग्रेस पार्षदों का क्या रुख होता है कल सुबह तक पता चल पायेगा। निगम में कांग्रेस के आठ पार्षद हैं। वैसे जानकारी मिली है कि संदीप के समर्थक पार्षद गुप्त जगह पर बैठक ले रहे हैं वही सामाजिक बैठक भी टिकरापारा में किसी जगह पर हो रही है।

सभी सम्बंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से सामान्य सभा में उपस्थित रहें

रायपुर/ नवप्रदेश। आज रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम मुख्यालय में 29 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे नगर निगम के सामान्य सभा कक्ष में आहुत नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक को लेकर निर्धारित एजेंडों और प्रश्नकाल में पार्षदों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के सम्बन्ध में तैयारी को अंतिम रूप देने अधिकारियों की आवश्यक बैठक बुलाई। महापौर मीनल चौबे ने अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर,संजय बागड़े,निगम सचिव श्रीमती संगीता साहू, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, उपायुक्तगणों,जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में नगर निगम सामान्य सभा की बैठक के संबंध मे निर्देश दिए। महापौर मीनल चौबे ने सामान्य सभा की बैठक में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को पूर्ण जानकारी सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

सभापति राठौर ने ली भाजपा, कांग्रेस व निर्दलीय पार्षदों की बैठक

रायपुर निगम की सामान्य सभा बैठक आज

रायपुर/ नवप्रदेश। बुधवार प्रातः 11 बजे आहूत रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक के पूर्व आज नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने नगर निगम कांग्रेस भाजपा और निर्दलीय पार्षदों की बैठक निगम सभापति कक्ष में बुलवायी ।

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने सत्ता पक्ष, प्रतिपक्ष एवं निर्दलीय पार्षदों से रायपुर नगर निगम की सामान्य सभा के सबके सहयोग से व्यवस्थित संचालन हेतु सकारात्मक सहयोग देने कहा सभापति ने सभी पार्षदों को अपनी बात एवं विचार सामान्य सभा की बैठक में रखने पर्याप्त समय देने की बात कही। सभापति ने कहा कि रायपुर नगर विकास से संबंधित रखे गये एजेण्डों पर सभी पार्षदगण खुलकर सकारात्मक सोच के साथ

अपने विचार रखे ताकि नगर विकास का मार्ग सामान्य सभा में सकारात्मक बहस के माध्यम से राजधानी शहर में प्रषस्त हो सके।

सभापति राठौड़ द्वारा ली गई बैठक में भाजपा पार्षद दल की बैठक में सभापति कक्ष में नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चौबे और रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर की उपस्थिति रही। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में सभी कांग्रेस पार्षद, भाजपा पार्षद दल की बैठक में सभी भाजपा पार्षद एवं सभी निर्दलीय पार्षदगण निर्दलीय पार्षदो ंकी बैठक में सम्मिलित हुए ।

स्वास्थ्य केंद्रों में अनियमितताओं पर आप ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

रायपुर/ नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के नेता मिथलेश साहू की अगुवाई में रायपुर पश्चिम विधानसभा के स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया, जिसमें स्वास्थ्य व्यवस्था में गंभीर अनियमितताएँ सामने आईं।

पाई गई मुख्य खामियाँ:

स्टाफकी भारी कमी। जीवन रक्षक दवाओं (टिटनेस, रेबीज) का स्टॉक में अभाव।

मंगल बाजार स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ नदारद मिला और केंद्र परिसर का उपयोग कोई तीसरा व्यक्ति निजी निवास के रूप में कर रहा था, जो सरकारी संपत्ति का खुला दुरुपयोग है।

इन गंभीर लापरवाहियों के विरुद्ध पार्टी के पदाधिकारी ने रायपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

अधिकारी (CMHO) को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में तत्काल स्टाफ की नियुक्ति, जीवन रक्षक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने और मंगल बाजार केंद्र में अवैध उपयोग की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है, जिसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 5 दिवस के भीतर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

आप नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इन अनियमितताओं को 5 दिवस के भीतर ठीक नहीं किया गया तो पार्टी जनता के स्वास्थ्य के लिए बड़ा आंदोलन करेगी।

एसआईआर को लेकर कांग्रेस नेता फिर छग में झूठ फैलाने में जुटे : पाण्डेय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने देश के विभिन्न राज्यों समेत छत्तीसगढ़ में भी चुनाव आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का एलान किए जाने का स्वागत करते हुए कहा है कि चुनाव आयोग की यह पहल भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगी और देशभर में चुनाव प्रणाली में आए दोषों को स्वयमेव निवारण होगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि इसमें करीब 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन की कार्यवाही में मतदाता सूची में सुधार, नए मतदाताओं का समावेश और सूची में त्रुटियों का निवारण किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि एसआईआर को लेकर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं के पेट में मरोड़ उठने लगा है और वे एक बार फिर झूठ फैलाकर इस मुद्दे पर प्रदेश की जनता को दिग्भ्रमित करने की नाकाम कोशिशों में जुट गए हैं। जनता द्वारा बार-बार नकारे जाने से अब कांग्रेस पूरी तरह हताश और निराश हो गई है। भारतीय लोकतंत्र को बदनाम करते रहने की इनकी कोशिश एक अक्षम्य अपराध है।

विस अध्यक्ष ने नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवा रायपुर (अटल नगर) नवीन विधान सभा भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया । इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, नोडल अधिकारी नवीन विधान सभा उद्घाटन समारोह एस. प्रकाश, कलेक्टर रायपुर, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने मंगलवार को ''भारत रत्न'' पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण स्थल, पौध-रोपण स्थल, सभा भवन,

समूह छायाचित्र एवं मंचीय कार्यक्रम स्थल तथा प्रधानमंत्री के आगमन की समस्त तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान दिये ।

एक सपना पक्के घर का जो हो रहा पूरा

रायपुर /नवप्रदेश। रोटी, कपड़ा और मकान जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं में से एक है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार को सभी मौसम से बचाते हुए लगातार प्रयासरत रहता है कि वह परिवार की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकुशल जीवन यापन कर सके। अपने परिवार को सुरक्षित रखने और समाज में जीवन स्तर को बेहतर बनाए रखने के लिए खुद का पक्का घर भी बहुत जरूरी है। ग्रामीण अंचलों में लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण पक्का घर बनाने का सपना जल्द पूरा नहीं हो पता है।

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अब पूरी तरह ऑनलाइन

- **अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के आधार कार्ड हेतु ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र की कोई बाध्यता नहीं**

रायपुर /नवप्रदेश। भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023 में संशोधित ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से राज्य में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाए जा रहे हैं। इस प्रकार, छत्तीसगढ़ राज्य में प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र का ऑनलाइन बनाया जाना अनिवार्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में वर्ष 2023 में संशोधन किया गया है। संशोधन के अनुसार अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों की जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध आधार होगा। अर्थात, इस तिथि के पूर्व जन्मे बच्चों के मामलों में अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे। परंतु अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही तिथि प्रमाण का एकमात्र स्त्रोत होगा। राज्य में अप्रैल 2023 के बाद से जन्मे प्रत्येक बच्चे के लिए ऑनलाइन जारी जन्म प्रमाण पत्र को ही मान्य किया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के जन्म तिथि प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है। उनके लिए अन्य दस्तावेज भी मान्य हैं। लेकिन अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म प्रमाण का एकमात्र आधार होगा।पूर्व में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र मैन्युअल पद्धति से जारी किया गया था, उनके लिए भी अब पोर्टल में ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का प्रावधान उपलब्ध है। इससे पुराने प्रमाण पत्र भी डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किए जा सकेंगे। यह संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में केवल उन्हीं जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिनमें क्यूआर कोड है। यह विषय संज्ञान में आने पर इस विषय में राज्य सरकार द्वारा सहायक प्रबंधक, हैदराबाद से अनुरोध किया गया है कि वे राज्य के सभी आधार केंद्रों को उचित दिशा-निर्देश जारी करें। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में संशोधित पोर्टल के लॉन्च के बाद प्रारंभिक चरण में कुछ तकनीकी कठिनाइयाँ आई थीं, जिन्हें भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा समाधान कर दिया गया। साथ ही राज्य के सभी रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को नए पोर्टल के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। आवश्यकता अनुसार जिला स्तर पर भी नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। राज्य में अप्रैल 2023 के बाद से सभी जन्म प्रमाण पत्र केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बनाए जा रहे हैं, और वर्तमान में पोर्टल पूरी तरह से तकनीकी रूप से सुचारू रूप से संचालित है।

सुविचार

सही दिशा और सही समय का ज्ञान न हो तो दृष्टि दोष के कारण ऊगता हुआ सूरज भी डूबता हुआ दिखता है। - अज्ञात

बिहार के बाद अब पूरे देश में एसआईआर

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार में सफलता पूर्वक कराये गये एसआईआर के साथ अब पूरे देश में एसआईआर कराने की घोषणा कर दी है इसके दूसरे चरण में उत्तरप्रदेश, बंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और केरल सहित 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जो तीन माह में पूरी हो जाएगी। सबसे पहले उन राज्यों में एसआईआर कराया जाएगा जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इस तरह दूसरे चरण के एसआईआर में पचास करोड़ से अधिक मतदाताओं की वोटरलिस्ट की सघन जांच की जाएगी और अपात्र मतदाताओं के नाम वोटरलिस्ट से हटाये जाएंगे। तथा पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया सफल रही है। वहां लगभग 65 लाख नाम काटे गये हैं। जबकि लगभग 20 लाख मतदाताओं के नाम जोड़े भी गये हैं। जिन अपात्र लोगों के नाम काटे गये हैं उनमें से किसी ने भी अपना नाम मतदाता सूची से हटाये जाने पर आपित्त दर्ज नहीं कराई है। इसका मतलब साफ है कि वे अपात्र थे। गौरतलब है कि बिहार में जब एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की गई थी तो विपक्षी पार्टियों ने इसकी जमकर मुखालफत की थी। लोकसभा में नेताप्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एसआईआर के खिलाफ बिहार में 16 दिनों की वोटर अधिकार यात्रा निकाली थी और वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा दिया था किन्तु उनकी यह कवायद व्यर्थ गई। बिहार में किसी भी मतदाता ने एसआईआर का विरोध नहीं किया बल्कि इसका समर्थन किया। नतीजतन महागठबंधन की वोटर अधिकार यात्रा फ्लॉप शो साबित हुई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यही है कि राष्ट्रीय जनता दल ने वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे से किनारा कर लिया और अब तेजस्वी यादव बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एसआईआर का जिक्र भी नहीं करते हैं। वहीं दूसरी ओर वोट चोर गद्दी छोड़ का नारा देने वाले राहुल गांधी ने तो बिहार से किनारा कर लिया है वे दोबारा लौट कर अभी तक बिहार नहीं गये हैं। जबकि वहां चुनावी सरगर्मियां तेज हो रही है। यहां तक कि जब महागठबधन की ओर से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया गया तब भी राहुल गांधी बिहार नहीं गये। जाहिर है एसआईआर को लेकर बिहार में वोट चोरी का विपक्ष ने जो मुद्दा जोर शोर से उठाया था वह टांय-टांय फिस हो गया है। अब जबकि चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने का एलान किया है तो एक बार फिर आईएनडीआईए में शामिल विपक्षी पार्टियों ने एसआईआर का विरोध करना शुरू कर दिया है। सबसे पहले समाजवादी पार्टी ने इसका विरोध किया है और कहा कि एसआईआर के जरिए भारतीय जनता पार्टी चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर ऐसे वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाने की योजना बना रही है जो भाजपा के खिलाफ वोट देते हैं। कांग्रेस ने भी पूरे देश में एसआईआर कराये जाने का विरोध करना शुरू कर दिया है। इस पर पलटवार करते हुए भाजपा ने कहा है कि विपक्षी पार्टियां घुसपैठियों की समर्थक है। वे नहीं चाहती की घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाये जायें। जबकि इस बारे में सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही यह निर्णय दे दिया है कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर कराने की प्रक्रिया संवैधानिक है और इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। इसके बावजूद विपक्षी पार्टियां एसआईआर को लेकर विधवा विलाप कर रही है। इसका सबसे प्रबल विरोध बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी कर रही है क्योंकि बंगाल में ही सबसे ज्यादा बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिये लंबे समय से रह रहे हैं और उन्हें वोट बैंक बनाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार ने तमाम सुविधाएं उपलब्ध करा रखी हैं। उनके राशनकार्ड बन गये हैं और फर्जी मतदाता पहचान पत्र भी बन गये हैं। इन अवैध घुसपैठियों की संख्या बंगाल में लाखों की बताई जा रही है। यदि इन घुसपैठियों के नाम वोटरलिस्ट से हटा दिये जाएंगे तो ममता बनर्जी के लिए अगले साल होने जा रहे बंगाल विधानसभा के चुनाव में सत्ता पर काबिज रहना बेहद मुश्किल हो जाएगा। यही वजह है कि उन्होंने भी एसआईआर का विरोध शुरू कर दिया है किन्तु अब चुनाव आयोग एसआईआर कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

युवा शक्ति के 25 स्वर्णिम वर्ष, छत्तीसगढ़ की रजत जयंती एक गौरवगाथा

बृजमोहन अग्रवाल

छत्तीसगढ़ अब अपने स्थापना के 25 वर्ष पूरे करने जा रहा है। एक युवा राज्य, जो अपनी संस्कृति, संसाधन और संघर्ष की शक्ति के बल पर नए भारत के विकास का प्रतीक बन चुका है। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि उन सपनों को याद करने का भी है, जिनके बीज भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने बोए थे। उनकी दूरदृष्टि और आत्मविश्वास ने इस धरती को उसकी अपनी पहचान दी, "छत्तीसगढ़ राज्य" के रूप में।

पौने तीन दशक की यह यात्रा किसी साधारण प्रदेश की कहानी नहीं है। यह उस मिट्टी का गौरवगान है जिसने अपने परिश्रम, अपने विश्वास और अपनी अस्मिता से असंभव को संभव किया। आज जब हम रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, तो यह गर्व से कह सकते हैं कि छत्तीसगढ़ केवल 25 वर्ष का राज्य नहीं, बल्कि 25 वर्षों का अनुभव, ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरा हुआ युवा प्रदेश है, जिसकी आंखों में नए भारत का उज्जवल सपना झिलमिला रहा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में जिस दृढ़ संकल्प से इस प्रदेश ने लाल आतंक पर निर्णायक प्रहार किया है, वह अपने आप में इतिहास बन गया है। कभी भय और असुरक्षा से जूझता यह प्रदेश आज विकास के सूरज से आलोकित है। आत्मनिर्भरता, सुशासन और सुरक्षा, इन तीन स्तंभों पर अब नया छत्तीसगढ़ मजबूती से खड़ा है।

1 नवंबर को जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी रजत जयंती समारोह में सम्मिलित होंगे, तो यह उन सभी स्वप्नदृष्टाओं के प्रति श्रद्धांजलि होगी जिन्होंने छत्तीसगढ़ को उसकी अस्मिता दी। वहीं 5 नवंबर को रायपुर के आसमान में भारतीय वायुसेना की ÷सूर्य किरण एरोबेटिक टीम÷ का भव्य हवाई प्रदर्शन इस उत्सव को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह केवल आकाश में रंगों की परतें नहीं होंगी, बल्कि एक संदेश होगा कि छत्तीसगढ़ अब खुले आसमान में आत्मविश्वास के साथ उड़ान भरने को तैयार है।इस रजत जयंती पर, एक जनप्रतिनिधि के रूप में मैं यह प्रण करता हूं कि यह यात्रा अब स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर होगी। हमारी युवा शक्ति का जोश, मातृशक्ति का संकल्प, किसानों की कर्मनिष्ठा और उद्यमियों का कौशल, ये सभी मिलकर आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ को भारत की विकास गाथा का अग्रदूत बनाएंगे।

छत्तीसगढ़ अब सीमाओं में बंधा राज्य नहीं, बल्कि नई संभावनाओं की पहचान बन चुका है। इस रजत जयंती अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और नारी सशक्तिकरण के मार्ग पर अपने इस राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएँगे।

उपयोग की वस्तु क्यों बन गये मुसलमान

आचार्य श्रीहरि

मुस्लिम नेता ओवैशी ने बहुत ही कड़ी और विचारणीय बात बोली है जो मुस्लिम राजनीति पर सटीक बैठती है, भारतीय राजनीति का भी यही यथार्थ है। अब यहां यह प्रश्न उठता है कि ओवैशी ने ऐसी कौन सी बात बोली है जिसकी गूंज बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान हुई है और विधान सभा चुनाव को प्रभावित करने की उम्मीद हो रही है। कांग्रेस और राजद गठबंधन की मुस्लिम राजनीति और दृष्टिकोण को लेकर ओवैशी ने अपना गुस्सा जाहिर किया है। कांगेस और राजद ने मिलकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर दिया, प्रगतिशील इंसान पार्टी के मुकेश निसाद को उपमुख्यमंत्री घोषित कर दिया गया। इस पर ओवेशी ने बयान जारी कर कहा कि दो प्रतिशत वोट वाले मुकेश निसाद को उप मुख्यमंत्री घोषित कर दिया गया जबकि 20 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले मुसलमानों में किसी को भी मुख्यमंत्री घोषित नहीं किया गया, जबकि किसी मुस्लिम नेता को उप मुख्यमंत्री का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया होता तो पहाड नहीं टूट पडता? इसमें राजद और कांग्रेसी की क्या परेशानी है? मुसलमान सिर्फ दरी बिछाने और माइक लगाने के लिए, भीड जुटाने के लिए वस्तु बन गये हैं, इनकी कोई राजनीतिक जरूरत इन्हें नहीं होती है, उपयोग करो और इन्हें उठा कर फेक दो, वास्तव में मुसलमान कांग्रेस और अन्य दलों के लिए निरोध ही बन गये हैं। ओवेशी के इस बयान और विरोध पर कांग्रेस और राजद के अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है और इस पर दोनों दलों ने जवाब देना उचित नहीं समझा है। पर भाजपा और जद यू की बाहें खिल गयी है, उन्हें लगता है कि ओवैशी के इस विरोध का फायदा उन्हें मिल सकता है, मुस्लिम बहूल सीटों पर राजद और कांग्रेस की परेशानी हो सकती है, मुस्लिम इस उपेक्षा के खिलाफ वोट कर सकते हैं और राजद - कांग्रेस को आईना दिखा सकते हैं? ओवैशी एक फिर बिहार विधान सभा चुनावों में आश्चर्यचकित करने वाली सफलताएं हासिल कर सकते हैं।

प्रगतिशील इंसान पार्टी के मुकेश निसाद को उप मुख्यमंत्री का उम्मीदवार क्यों घोषित कर दिया गया और किसी मुस्लिम को उप मुख्यमंत्री का उम्मीदवार क्यो नहीं घोषित किया गया? इस पर विहार ही नहीं बल्कि पूरे देश मे चर्चा हो रही है। खासकर मुस्लिम संगठनों में रोष है और व्यापक चर्चा हो रही है। जहा तक मुकश निसाद को उप मुख्यमंत्री घोषित करने की बात है तो यह आश्चर्य चकित भी है और समझ से परे भी है। क्योकि मुकेश निसाद का बिहार में न तो कोई बडा जनाधार है और न ही वह संघर्षशील है, उसकी बिहार की राजनीति की समझ भी बहुत ज्यादा और सटीक नहीं है। लालू यादव के यादववाद की तरह वह सिर्फ निसादवाद की राजनीति की बात करता है जबकि बिहार में निसाद की जनसंख्या यादव और मुस्लिम जैसा है नहीं। दो प्रतिशत के आसपास इनकी जनसंख्या है। सबसे बडी बात यह है कि मुकेश निसाद खुद पिछला विधान सभा चुनाव हार गये, वे नीतीश कुमार की मेहरबानी पर मंत्री बने थे फिर इन्होंने मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब देखा था और बेऔकात की राजनीति शुरू कर दी थी, जद यू और भाजपा को ही आंख दिखाना शुरू कर कर दिया था। दुष्परिणाम यह हुआ कि मंत्री पद से हटाये गये और इनके विधायक जद यू-भाजपा में शामिल हो गये। मंत्री पद जाते ही ये भाग कर मुबंई चले गये और राजनीतिक तौर पर खामोश हो गये। फिर इस चुनाव में वे मुंबई से लौट कर पैंतरेबाजी दिखा रहे हैं। मुकेश निसाद को लेकर ओवैशी का आक्रोश के कारण के पीछे यही अवधारणा है।

यादव या निसाद अपने बल पर चुनाव जीतने और नीतीश कुमार-भाजपा का सामना अरने और अपनी सरकार बनाने में अक्षम हैं, इनका जातिवाद निरर्थक है। इन्हें अपनी सरकार बनाने और नीतीश कुमार-भाजपा की सरकार बनाने से रोकने के लिए अनिवार्य तौर पर मुसलमानों का सहारा चाहिए और मुसलमानों की वैशाखी चाहिए। मुस्लिम समर्थन से ही लालू प्रसाद यादव अपनी सरकार बनाते थे। राजद की आज जो शक्ति है, हनक है वह भी मुसलमानों के समर्थन के कारण है।

भारत का 'डिजिटल डायमंड'

हरीश शिवनानी

बात इसी 15 अगस्त की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से एलान किया कि भारत का पहला 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप इसी साल के अंत तक बाजार में आ जाएगा। इस एलान को अभी बमुश्किल एक पखवाड़ा ही बीता कि भारत के वैज्ञानिकों ने दो सितंबर को अपनी पहली पूरी तरह स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर चिप 'विक्रम' लॉन्च करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली। ऐतिहासिक इसलिए कि यह महज एक छोटी चिप मात्र नहीं है बल्कि निकट भविष्य में ही भारत को एक वैश्विक शक्ति बनाने का मुख्य स्रोत है, क्योंकि आने वाली दुनिया की दशा और दिशा को सेमीकंडक्टर चिप्स ही संचालित करेगी। इसलिए यह अकारण नहीं कि मोदी ने इस नन्ही चिप को 'डिजिटल डायमंड' घोषित किया है। इस चिप को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की सेमीकंडक्टर लैब ने विकसित किया है। इसे विशेष रूप से अंतरिक्ष मिशनों और रॉकेट लॉन्च की कठिन परिस्थितियों का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। ये चिप्स न केवल भारतीय उद्योग जगत का नक्शा बदल देंगी अपितु युद्ध तकनीकी को भी सातवें आसमान पर पहुंचा देंगी। 'डिजिटल डायमंड' भारत की वैश्विक ताकत होने का नया प्रतीक है।

भविष्य के युद्ध तोप और टैंकों से नहीं, इन्हीं माइक्रोचिप्स से लड़े जाएंगे। माइक्रोचिप्स आधुनिक तकनीक का आधार हैं। स्मार्टफोन से लेकर मिसाइलों तक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लेकर ड्रोन तक, हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार 2025 में 600 अरब डॉलर का हो चुका है और 2030 तक इसके 1,000 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। यही सेमीकंडक्टर उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया में और ऊंचे स्थान पर ले जाएगा। यही वजह है कि चिप निर्माण के इको सिस्टम को और मजबूत बनाने के लिए सरकार इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आइएसएम) के दूसरे चरण के लिए काम कर रही है। इसके तहत स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या अब 10 हो गई है, जिनमें छह राज्यों में चिप से जुड़े पूरे इको सिस्टम को कवर किया जाएगा और इंसेंटिव भी दिए जाएंगे। पहले चरण के तहत भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर से जुड़े प्लांट को 75,000 करोड़ से अधिक के इंसेंटिव देने का प्रविधान किया था। इनमें से 65,000 करोड़ चिप के निर्माण तो 10,000 करोड़ मोहाली स्थित सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला के आधुनिकीकरण के लिए आवंटित किए गए। इन यूनिटों में आटो सेक्टर से लेकर बिजली, इलेक्ट्रानिक्स, उपभोक्ता वस्तु व रक्षा सभी जगह पर इस्तेमाल होने वाले चिप का निर्माण होगा। फ़िलहाल 28 स्टार्टअप चिप डिजाइनिंग के सेक्टर में काम कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय मांग के आधार पर इनको पूरा प्रोत्साहन भी मिल रहा है। चिप निर्माण एक बेहद जटिल प्रक्रिया है। चिप निर्माण में 500 केमिकल्स और 50 प्रकार की गैसों का उपयोग होता है और इन सभी के निर्माण के लिए भारत में फैक्ट्रियां लगाई जा रही हैं। भविष्य में चिप निर्माण से जुड़ी मशीनें भी भारत में बनेंगी। अभी विक्रम 3201 की साइज़ तुलनात्मक रूप से काफी बड़ी कही जा सकती है लेकिन यह चिप आम जनता के लिए नहीं, अंतरिक्ष यानों और रक्षा संबधी उपकरणों के प्रयोजन की है।

वर्तमान में सबसे छोटी साइज की सेमीकंडक्टर चिप 2 नैनोमीटर की है। इसे ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी द्वारा बनाई जा रही है। हालांकि 2 नैनोमीटर नैनोशीट तकनीक पर आधारित दुनिया की पहली चिप का प्रोटोटाइप आईबीएम ने तैयार किया। यह चिप 50 बिलियन ट्रांजिस्टर को एक नाखून के आकार के चिप में समेट सकती है और यह आज की 7 नैनोमीटर चिप्स की तुलना में 45 प्रतिशत से अधिक प्रदर्शन और 75 फीसदी कम ऊर्जा खर्च करती है।

भारत में भी छोटी चिप्स के विकास की दिशा में प्रगति हो रही है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु एंग्स्ट्रॉम-स्केल (लगभग 0.1 नैनोमीटर) चिप विकसित करने पर काम कर रहा है, जो मौजूदा 2 नैनोमीटर चिप्स से भी 10 गुना छोटी होगी। यह परियोजना अभी प्रारंभिक चरण में है।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ दूसरों को सुगंध देने की झूठी दिलासा के बजाय अपने दुर्गंधी पदार्थों को दूर कर उसमें सुगंधित गुलाब की खेती कर लो; जीवन पुष्ट, तुष्ट और संतुष्ट हो जाएगा।

भगवान कहते वही हैं जो कर सकते हैं। सत्पुरुष कहते वही हैं जो कर सकते हैं। महापुरुष कहेगा वही जो कर सकता है।

प्रेम प्रदर्शन का एक यह भी तरीका है कि मैं जीऊँ या ना जिऊँ तुम जिओ।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1864 यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया। 1917 पेत्रोग्राद सोवियत की सैन्य क्रांतिकारी समिति, रूसी क्रांति की तैयारी करने और बाहर ले जाने के आरोप में, को रोक दिया गया था। 1923 24 जुलाई को लॉज़ेन की संधि ने तुर्की के मुस्तफा केमल अतातुर्क के साथ पहले राष्ट्रपति के रूप में निर्माण किया। 1923 मुस्तफा केमल अतातुर्क तुर्की के पहले राष्ट्रपति बने, नए राष्ट्र की स्थापना तुर्क साम्राज्य के अवशेषों से हुई। 1942 नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की। 1955 बेल्जियम ने कामगारों के लिए सप्ताह में पांच दिन काम करने के कानून को मंजूरी दी। 1964 अफ्रीकी देश तंगायिका-जांजीबार संयुक्त गणराज्य का नाम बदलकर संयुक्त गणराज्य तंजानिया किया गया। 1967 छह महीनों में 50 मिलियन से अधिक आगंतुकों को आकर्षित करने के बाद मॉन्ट्रियल में एक्सपो 67 बंद किया गया। 1969 छ्रु के एक छात्र ने स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटर पर ARPANET, इंटरनेट के लिए सबसे पहला संदेश इंटरनेट पर भेजा।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

सत्य की पुकार

सत्य की पुकार हो तीरगी की हार हो पाप बढ़े जमीन परतो सदैव वार हो झूँठ को उखाड़ दो क्यों न कर हजार हो राम राज्य आज हो हर किसी गुजार हो दीप जल उठे धरा फैलता पियार हो धर्म हानि हो कभी तब उठी कटार हो भ्रष्ट लोग अति करे तब कटार मार हो भू हरी भरी रहे दिल हरेक यार हो नफरतें दफन करो प्यार बरकरार हो दीप सब जला रहे तम सदा उतार हो कर 99 हाथ ।

- डॉ मधु त्रिवेदी

जीवन की धारा में

जीवन की धारा में, गति की झंझा में। कार्य के उत्साह में, अग्नि और तूफान में। यहां और वहां ऊपर और नीचे मैं चलता हूँ और घूमता हूँ जन्म और मरण का असीम सागर जहॉ विक्षुब्द तरंगे सदा उठती है अपने उतेजित संघर्ष से नीचे और ऊपर उभरती है और बुनती है जीवन मे परिवर्तन समय के चलते इस करघे में निर्भय होकर मैं ईश्वर के लिए एक वस्त्र बुनता हूँ।

- हेमा पांडेय

वो बोल कर गये, रुको कुछ पल, मैं...

वो बोल कर गये, रुको कुछ पल, मैं... अभी लौट आता हूँ, तब से खड़ा हूँ उसी दर पर, निगाहों को रास्ते से लगा कर, कि... अब लौटेंगे वो वो भूल गये रास्ता या, पल ही नही बढ़ते, मैं... कहीं बेताब तो नही, या निगाहें यूँ ही बेकरार तो नही, मुझे भरोसा तो है उनकी बातों पर, इस जालिम दुनिया पे ऐतबार नही। **- नमन कुमार 'नमन'**

मन जब यह बुझने लगे, कान्हा

मन जब यह बुझने लगे, कान्हा आएँ पास। हँस कर फिर यह बोलते, होते नहीं उदास।। आम नहीं तू खास है, रहता मेरे पास। मुझमें ही तो है बसी, तेरे मन की आस।।

- अलका अग्रवाल

सुनो सुनो तेजस्वी बिहार मे

सुनो सुनो तेजस्वी बिहार मे बिजली फ्री देंगे हो सकता है कल नीतीश जी भी घोषणा कर दे छत्तीसगढ़ के जंगल तैयार रहे खनन हेतु और अपने पावर प्लांट के लिए क्योंकि बिहार दिल्ली मे बहार है,, छत्तीसगढ़ देश के लिए अपना बिजली का बिल फाड़ने तैयार है... **- अंबर दानी**

आओ खेलें साथियों, मिलकर हम सब

आओ खेलें साथियों, मिलकर हम सब खेल। चोर-पुलिस खेलें कभी ,बनें कभी हम रेल। बनें कभी हम रेल , जुड़ें आपस में भाई। खेलें लँगड़ी टाँग, कभी पकड़म -पकड़ाई। खेल फोन में गेम ,समय मत व्यर्थ गँवाओ। भाग-दौड़ के खेल ,सभी मिल खेलें आओ।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

हमारी रसोई में प्राचीन औजार जो

हमारी रसोई में प्राचीन औजार जो आधुनिकता में लुप्त होते जा रहे हैं आज भले ही हमें इनका नाम पता हो पर क्या भविष्य में लोगों को पता रहेगा? कुंडी सोंटा, सिल बट्टा , हमाम दस्ता और ओखली का मैकेनिज्म। अब तो कुंडी सोंटे का प्रयोग मैं भूल गया हुं यह सिल बट्टे से अलग कैसे था ?

- नवीन शंकर शर्मा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज आपके स्वभाव में उतावलापन रहेगा पहले स्वयं ही काम के प्रति लापरवाही करेंगे।

वृषः आज आपका स्वास्थ्य पुर्व में असंयमित भोजन अथवा दिनचार्य के कारण दिन के आरम्भ में कुछ नरम रह सकता है।

मिथुनः आज के दिन परिस्थिति आपके अनुकूल बनी रहेगी लेकिन आलस्य और मौज शौक की प्रवृत्ति भी रहने के कारण समय का पूर्ण लाभ नही उठा पाएंगे।

कर्कः आज आपकी मानसिकता अधिक से अधिक सुखोपभोग की रहेगी इसके लिये धन अथवा समाज की परवाह नही करेंगे।

सिंहः आज आप अपने बुद्धि विवेक का प्रयोग कर लाभ कमाएंगे लेकिन सही समय की प्रतीक्षा अवश्य करें ऐसा ना हो असमय लिया निर्णय लाभ की जगह निराश करें।

कन्याः आज का दिन भी उतार-चढ़ाव वाला रहेगा आज आप जिस कार्य से लाभ की उम्मीद लगाए रहेंगे अंत समय मे उससे निराशा ही हाथ लगेगी।

तुलाः आज के दिन आपकी सेहत तो ठीक रहेगी लेकिन नेत्र संबंधित शिकायत रह सकती है।

वृश्चिकः आज के दिन आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा लेकिन थोड़े से परिश्रम से ही अधिक पसीना और घबराहट बनेगी।

धनुः आज का दिन लाभदायक तो है लेकिन विपरीत लिंगीय आकर्षण और स्वभाव की कामुकता किसी परेशानी में ना डाल दे इसका विशेष ध्यान रखें।

मकरः आज का दिन उदासीनता से भरा रहेगा। सेहत आज भी हल्की रहने से शारीरिक एवं मानसिक कमजोरी रहेगी।

कुंभः आज का दिन सामान्य से उत्तम रहेगा लाभ के कई अवसर हाथ आएंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

मीनः आज आप दिन के पूर्वार्ध में ही योजनाबद्ध होकर कार्य करेंगे मध्यान तक परिश्रम का फल नही मिलने से थोड़े निराश भी होंगे।

सूर्योदय : 06:38, सूर्यास्त : 05:43, चन्द्रोदय : 12:22, चन्द्रास्त :22:32, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वतः : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वतः : 2082 (सिद्धार्थी), मास : कार्तिक, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : उत्तराषाढ, योग : धृति, प्रथम करण : तैतिल (07:59 तक), द्वितीय करण : गर (20:45 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : तुला, चंद्र : मकर (22:14 से), मंगल : वृश्चिक (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृश्चिक (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) भारत की पहली समुद्री तट-वाडर्स पक्षी जनगणना किस स्थान पर आयोजित की गई थी?

2) हाल ही में भारतीय स्किमर पक्षी तेलंगाना में किस बांध पर देखे गए, जो राज्य के लिए पहली बार है?

3) राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस किस दिन मनाया जाता है?

4) ब्रिटेन का वह गवर्नर कौन है जिसने भारत में डाक टिकट शुरू किया था?

5) भारतीय जंगली गधा मुख्य रूप से किस राज्य में पाया जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कोरिंगा वन्यजीव पार्क, काकीनाडा (2) श्रीराम सागर बांध (3) 9 नवंबर (4) लॉर्ड डलहौजी (5) गुजरात

शब्द सागर

पीएम आवास के हितग्राहियों के लिए आवास ऋण मेला

भिलाई नगर/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 संचालित है। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम भिलाई द्वारा शहर के आवासहीन परिवारों को इस योजना के तहत आवास आबंटित किया जा रहा है।

योजना के नोडल अधिकारी सह अधीक्षण अभियंता अजीत तिग्गा ने बताया कि पीएम आवास के हितग्राहियों को मकान की किस्त की राशि जमा करने में समस्या आ रही है। जिन हितग्राहियों को मकान के किस्त की राशि जमा करने में समस्या आ रही है। उनके लिए बैकुण्ठधाम स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में आवास ऋण मेला का आयोजन किया गया है। बीएलसी घटक के हितग्राहियों को भी ऋण मेला में आमंत्रित किया गया है।

ऋण मेला में स्वतंत्र बैंक, ईजी होम लोन फाइनेंस, आवास लोन फाइनेंस, जना बैंक फाइनेंस के कर्मचारी कम ब्याज दर पर आवास ऋण उपलब्ध कराने हितग्राहियों से संपर्क कर रहे है। आवास ऋण मेला में लगभग 130 हितग्राही शामिल हुए, जिनमे से 12-13 हितग्राही ऋण की श्रेणी में है। आवास ऋण मेला में कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, आवास प्रभारी विदयाधर देवांगन, सीएलटीसी किरण चतुर्वेदी, उत्पल शर्मा, अभिषेक बजाज, संभागीय सीएलटीसी जीवन ताम्रकार सहित आवास विभाग से जागेश्वर साहू, महेत्तर सोनी, एम मोहन राव उपस्थित रहे।

15 नवम्बर से शुरू होगी धान खरीदी, किसानों को 9 से मिलेंगे टोकन

- **कलेक्टर ने दिए तैयारी पूरी करने के निर्देश**
- **धान उपार्जन प्रशिक्षण में अधिकारियों को दी गई विस्तृत जानकारी**

दुर्ग/नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए दुर्ग, धमधा, पाटन और भिलाई-3 चरोदा के सभी अनुविभागों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीआईटी कॉलेज दुर्ग में आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, नोडल अधिकारी, धान उपार्जन केंद्र, सहकारी समितियों के अध्यक्ष/प्राधिकृत अधिकारी, समिति प्रबंधक, सेवा सहकारी समिति के प्रतिनिधि और कंप्यूटर ऑपरेटरों को तीन पालियों में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह ने संबंधित विभाग अधिकारियों को 15 नवम्बर से शुरू होने वाली धान खरीदी प्रक्रिया के पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 123 खरीदी केंद्रों (नए व पुराने) में इस वर्ष खरीदी की जाएगी। 9 नवम्बर से टोकन कटना शुरू हो जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि 30 अक्टूबर तक सभी बचे किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन पूरा कर लिया जाए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को अगले तीन दिनों में अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिये हैं। मोबाइल नेटवर्क, स्टोरेज की स्थिति और ट्रकों के मार्ग में आने वाली बाधाओं (जैसे बिजली तार, पेड़ की डालियां आदि) की जांच पहले से करने कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि 36 संवेदनशील केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए। पहली बार नोडल अधिकारी बने अधिकारियों को विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी नीति का गहन अध्ययन करने और किसी भी शंका के समाधान के लिए चर्चा करने कहा। सख्त हिदायत देते हुए कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केंद्रों में कोचिया व बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। खरीदी के दौरान उपस्थित किसानों से उनके दस्तावेज और ऋण पुस्तिका की जांच होनी चाहिये। कलेक्टर ने मिलर्स के साथ समन्वय बनाए रखने, समय पर धान उठाव सुनिश्चित करने और हमालों को समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। किसी भी विवाद या समस्या की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारियों को देने कहा। खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि किसानों से धान उपार्जन के समय मोटा, पतला और सरना के साथ-साथ उप-किस्मों का विवरण भी सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जाए ताकि धान का सही वर्गीकरण हो सके। उप-किस्म के धान का भंडारण मानक स्तर के अनुसार किया जाए। मिलर्स से केवल जूट के बारदाने 40 किलोग्राम धान भराई के मान से ही प्राप्त किए जाएं। बारदाने अच्छे और उपयोग योग्य हों। खरीदी केंद्रों में शेड, पेयजल, शौचालय, हेल्थ डेस्क और इलेक्ट्रॉनिक कांटा जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित होनी चाहिये।

न्यूज गैलरी

अन्तर शालेय विज्ञान प्रतिस्पर्धा में मैत्री विद्या निकेतन का परचम

भिलाई। एमजीएम स्कूल में आयोजित साइंस पलुजा में विभिन्न प्रतियोगिताओं में मैत्री विद्या निकेतन के विद्यार्थियों ने शानदार उपलब्धियां हासिल की। यहां के स्टूडेंट्स ने मॉडल बनाओ, घोंसला बनाओ, घरेलू औषधि, ड्रामा और प्रश्न मंच में भाग लिया। मैत्री विद्या निकेतन के स्टूडेंट्स ने भिलाई-दुर्ग के विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में गौरव वारिवेय, सत्यम मिश्रा (कक्षा 11) तुषार देशलहरा, सोनाक्षी चौबे कक्षा 10, आकांक्षा कुमारी, निशिका, मुस्कान सिंग कक्षा 9 ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

स्व. वासुदेव चन्द्राकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह 30 को

दुर्ग। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पूर्व विधायक स्व, दाऊ वासुदेव चन्द्राकर की 18 वीं पुण्यतिथि 30 अक्टूबर को श्रद्धा व सम्मानपूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा विभिन्न श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है।

सुबह 11 बजे मालवीय नगर चौक दुर्ग में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद दोपहर 12 बजे कांग्रेस भवन दुर्ग में स्व. चन्द्राकर के तैलचित्र का स्थापना समारोह आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दाऊजी के जीवन, संघर्ष और सार्वजनिक सेवा के योगदान पर प्रकाश डालेंगे। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विशाल देशमुख ने सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों से श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थिति की अपील की है।

पटाखे से झुलसे तीन बच्चों के इलाज और सर्जरी के लिए विधायक रिकेश की अनुकरणीय पहल

खम्हरिया, कैम्प क्षेत्र और दुर्ग के बच्चों के इलाज का खर्च खुद वहन कर रहे हैं रिकेश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत कैम्प क्षेत्र में झुलसे दिव्यांश की सर्जरी के लिए विधायक रिकेश सेन ने एक और पहल की है। सेन ने कहा है कि बच्चे की सर्जरी और उपचार का पूरा खर्च वे खुद वहन करेंगे। दिवाली के बाद से विधायक सेन ने तीन बालकों के इलाज का खर्च उठाने की घोषणा कर चुके हैं। वे लगातार अस्पतालों में संपर्क कर बच्चों के इलाज की व्यवस्था की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। आज सुबह विधायक कार्यालय में बच्चे के माता-पिता ने सम्पर्क कर सर्जरी में हो रहे खर्च को लेकर आर्थिक समस्या का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि दिव्यांश साहू के ऊपर कुछ लोगों ने पटाखा जला कर फेंक दिया था, जिससे उनका बेटा बुरी तरह झुलस गया। उसे बीएम शाह हास्पिटल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। उसकी बड़ी सर्जरी होनी है, लेकिन उनके पास रकम नहीं है। विधायक सेन ने दिव्यांश के पिता को सर्जरी के पूरा खर्च खुद वहन करने का आश्वासन दिया। सेन ने बीएम शाह हास्पिटल के सर्जन डॉ कोठारी से दिव्यांश के बेहतर इलाज को लेकर चर्चा भी की। सेन ने हास्पिटल प्रबंधन से सर्जरी का खर्च पूछने के बाद रकम भेज कर शीघ्र सर्जरी शुरू करने कहा। इससे पहले विधायक सेन ने दीपक नगर में पटाखे से झुलसे अभिषेक यादव के इलाज के लिये सेक्टर 9 हॉस्पिटल में भर्ती कराया था और उसके इलाज का पूरा खर्च खुद वहन करने की घोषणा की थी। अभिषेक यादव की मां घरों में झाड़ू-पोंछा का काम करती हैं और पिता भी कचरा बीनकर परिवार का पालन पोषण करते हैं। रिकेश सेन ने खम्हरिया वार्ड में पटाखे से झुलसे बालक हेमचंद्र के इलाज की पहल भी की है। हेमचंद्र के पिता चरणदास ने विधायक से फोन पर चर्चा करते हुए मदद की गुहार लगाई थी। चरणदास व उनकी पत्नी सब्जी विक्रेता हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण विधायक रिकेश सेन ने हेमचंद्र को सेक्टर 9 हास्पिटल में भर्ती कराया और इलाज का पूरा खर्च वहन करने का आश्वासन भी दिया।

बीएसपी : बार एंड रॉड मिल ने रचा एक दिवसीय उत्पादन का नया कीर्तिमान

- **10 मिलीमीटर टीएमटी बार श्रेणी में 2598 टन, 1261 बिलेट्स का रिकॉर्ड उत्पादन**

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के बार एवं रॉड मिल ने उत्कृष्ट उत्पादन करते हुए 26 अक्टूबर को चुनौतीपूर्ण 10 मिलीमीटर टीएमटी बार श्रेणी में 2598 टन, 1261 बिलेट्स का रिकॉर्ड उत्पादन कर नया दिवस कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि के साथ ही बीआरएम ने 21 सितंबर 2024 को दर्ज 2590 टन व 1259 बिलेट्स के रिकॉर्ड को पार किया।

इस उपलब्धि पर भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र और कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार ने बीआरएम बिरादरी को बधाई दी और टीम को नये लक्ष्यों की ओर अग्रसर होने के साथ ही आगे भी नई उपलब्धियाँ अर्जित करने संकल्पित किया।

इस उल्लेखनीय सफलता पर विभागाध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक बीआरएम योगेश शास्त्री ने टीम बीआरएम को मिठाई खिलाकर अपनी शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि संचालन से लेकर प्रबंधन तक पूरे कार्यबल के समर्पण और मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने प्रबंधन समूह, कर्मचारियों, यूनियन प्रतिनिधियों और सहयोगी विभागों के प्रति उनके निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उपस्थित बीआरएम के महाप्रबंधकगण एसएन त्रिपाठी, आशीष शाश्वत मोहंती, समीर पांडे व शिखर तिवारी ने सम्पूर्ण मिल बिरादरी को बधाई दी और सफलता की नई मिसाल कायम करने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

भिलाई इस्पात संयंत्र के बीआरएम में निर्मित उत्पादों का प्रयोग सेंट्रल विस्टा, बुलेट ट्रेन, श्री राम मंदिर अयोध्या जैसी सामरिक महत्व की राष्ट्रीय परियोजनाओं में किया गया हैं।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह : पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में भाषण प्रतियोगिता

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-बीएसपी में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा इस वर्ष की थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। हॉस्पिटल सेक्टर स्थित पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग भिलाई में द्विभाषी, हिन्दी व अंग्रेज़ी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर चित्रकला, निबंध, स्लोगन, तात्कालिक भाषण और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में निर्णायक पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य प्रो डॉ अभिलेखा बिस्वाल और महाप्रबंधक मानव संसाधन आर रंजनी उपस्थित रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के वक्तव्यों का मूल्यांकन करने के साथ-साथ सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर अपने विचार भी साझा किए।

कार्यक्रम में 25 विद्यार्थियों ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी विषय पर अपने विचार प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किए और समाज में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों के प्रसार का संदेश दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक सतर्कता रेणु गुप्ता और वरिष्ठ प्रबंधक सतर्कता अनुराग मित्तल ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नैतिकता और सत्यनिष्ठा बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राध्यापिका स्नेहा गुहा ने किया। प्रोफेसर डॉ श्रीलता पिल्लई ने आभार व्यक्त किया।

भाजयुमो नेता मनीष को बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी ने दी अहम जिम्मेदारी

भिलाईनगर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व रायपुर जिला प्रभारी मनीष पाण्डेय को भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मनीष पांडेय मंगलवार को बिहार के लिए रवाना हो गए। भाजपा संगठन द्वारा उन्हें भाजपा छत्तीसगढ़ प्रभारी और बाराबंकी विधानसभा प्रत्याशी नितिन नबीन के विधानसभा में प्रचार की जिम्मेदारी सौंपी है।

जिले के 40 केंद्रों में शिविर लगाकर किया आधार अपडेशन

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर चिन्हित विद्यालयों में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करने का कार्य किया गया। जिले भर के 40 केन्द्रों पर शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट/आधार अपडेट के लिये कम्प्यूटर ऑपरेटर मशीनों के साथ उपस्थित हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी, सह. जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार संबंधित संस्था प्रमुखों को अपने-अपने विद्यालयों के विद्यार्थियों को आवश्यक दस्तावेज के साथ अपडेशन कार्य में अनिवार्यतः उपस्थिति करने कहा गया है। संस्था प्रमुखों से कहा गया है कि अपने विद्यालय के विद्यार्थियों को प्राथमिकता के साथ में बायोमेट्रिक अद्यतन/आधार अपडेशन कार्य पूर्ण कराने के बाद आसपास के शासकीय/ अशासकीय विद्यालयों के बच्चों का आधार भी अपडेट करें।

मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन कार्य प्रत्येक विद्यार्थी को पाँच वर्ष की आयु में और दूसरा पन्द्रह वर्ष की आयु में करना अनिवार्य है। वर्तमान में 0 से 17 वर्ष आयु के विद्यार्थियों के लिए मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेशन कार्य अक्टूबर 2026 तक के लिए निःशुल्क है। किसी भी स्थिति में मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट/आधार अपडेशन कार्य और अपार आईडी जनरेट करने का कार्य एक माह के भीतर पूर्ण करना अत्यावश्यक है।

मीनाक्षी ने छठी मईया की पूजा-अर्चना की

दुर्ग/नवप्रदेश। आस्था, श्रद्धा और पवित्रता के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की धर्मपत्नी मीनाक्षी चंद्राकर ने आज रूआबांधा बस्ती, 2 नेवई डैम, रिसाली कल्याणी शीलता तालाब वीआईपी नगर तालाब, मोनोमेंट डैम में आयोजित छठ पूजा में शामिल होकर छठी मईया की पूजा-अर्चना की। भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, पार्षद सुनंदा चंद्राकर, सरिता देवांगन, सीमा साहू, विधि यादव, मोगरा देशमुख, शेष जांगड़े, राजू राम, राकेश त्रिपाठी, प्रेमचंद साहू, मनोज साहू, रंजन सिन्हा सहित श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

छठी मैया की पूजा कर मेयर अलका ने दिया सूर्यदेव को अर्घ्य

- **प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि के लिये की मंगल कामना**
- **सिंधिया नगर, शक्ति नगर और शीतला तालाब सहित शहर के प्रमुख तालाबों में छठी मैया की पूजा संपन्न**

दुर्ग/नवप्रदेश। आस्था, श्रद्धा और पवित्रता के प्रतीक महापर्व छठ पूजा के अवसर पर दुर्ग की मेयर अलका बाघमार ने सोमवार को शहर के प्रमुख तालाबों में पहुँचकर छठी मैया की पूजा-अर्चना की। उन्होंने सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पित कर नगर व प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि के लिये मंगल कामना की। मेयर ने कहा कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति की जीवंत मिसाल है। यह पर्व नारी शक्ति, पर्यावरण और आत्मसंयम का संदेश देता है। यह पर्व हमें शुद्धता, अनुशासन और समर्पण की भावना सिखाता है। नगर निगम की टीम द्वारा घाटों की सफाई कराई गई है। प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। ताकि, श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

तालाबों के घाटों पर छठी मैया के गीतों और भजनों से भक्ति भाव का माहौल रहा। महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में फल-सुपारी, ठेकुआ और दीप लेकर पूजा में शामिल हुई।

इस अवसर पर एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर, पार्षद विद्यावती सिंह, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, मनोज सोनी, अरुण सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित रहे। मेयर अलका बाघमार के साथ मिलकर उपस्थितजनों ने छठी मैया से नगर की खुशहाली, समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

साइंस कालेज में रंगारंग जियो कान्क्लेव

भू-विज्ञान में रोजगार की अपार संभावनाएं : वाजपेयी

दुर्ग/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज में भूगर्भ शास्त्र विभाग द्वारा आयोजित रंगारंग जियो कान्क्लेव में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक अमिताभ बाजपेयी ने कहा कि भू-विज्ञान में रोजगार की अपार संभावनाएं है। केवल विद्यार्थियों को लगन और समर्पण की भावना से ईमानदारी पूर्वक अध्ययन करना होगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में क्षमता विकास यानी केपेसिटी बिल्डिंग को विशेष महत्व दिया गया है। विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने जियो कान्कलेव के आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रतियोगिताओं के निर्णायक पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. डी.पी. कुइति और एनआईटी रायपुर के डॉ. डीसी झारिया ने विद्यार्थियों के टैलेंट की सराहना की। भूविज्ञान के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि आज जियो कान्कलेव के अंतर्गत प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। क्विज प्रतियोगिता में पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर प्रथम, एनआईटी रायपुर द्वितीय और साईंस कालेज, दुर्ग व दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में साइंस कालेज दुर्ग की कामिनी देवांगन प्रथम, साइंस कालेज दुर्ग की यूलाया द्वितीय और जयंती बाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में साइंस कालेज, दुर्ग के मोहन लाल पटेल प्रथम, रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर के हेमंत कुमार द्वितीय और दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के सुरेन्द्र उमरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेबल आर्ट प्रतियोगिता में एनआईटी रायपुर की रिया प्रथम, दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के निशांत उमरे द्वितीय और साइंस कालेज दुर्ग के झलक मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे। मॉडल प्रतियोगिता में साइंस कालेज, दुर्ग के अर्जुन सोनकर प्रथम और कुसुम पटेल को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। डिजिटल फोटोग्राफी में साईस कालेज दुर्ग के अर्जुन सोनकर प्रथम, सौम्य पाण्डेय द्वितीय और अभिनाष साहू तृतीय रहे।

समापन सत्र में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा 12 मासी गीत, पंडवानी, सुआ नृत्य और डंडा नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यामिक विद्यालय, जुनवानी की प्राचार्य वर्षा ठाकुर द्वारा संग्रहीत देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों के जल नमूने, मिट्टी के नमूने, रेत के नमूने और जीवाष्म व चट्टान के विभिन्न प्रकारों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। उद्घाटन सत्र का संचालन भूविज्ञान की स्नातकोत्तर छात्रा कु. रूचि देशमुख और फाल्गुनी साहू ने किया।

जश्ने सरकार गौसुल वरा : सैय्यदी मदरसा में बच्चों को सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग

भिलाई/नवप्रदेश। सैय्यदी मदरसा एकता नगर भिलाई तीन में जश्ने-ए-सरकार गौसुल-वरा, सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया। इस दौरान 40 से ज्यादा बच्चों ने विभिन्न विषयों पर धाराप्रवाह हिंदी-उर्दू में अपनी बात रखी। मोहम्मद उमर सिराजी ने बताया कि मदरसा डिजिटाइज किया गया है। इस डिजिटल प्लेटफार्म पर बच्चों के लिए स्कूली पाठ्यक्रम की कोचिंग, स्किल डेवलपमेंट,स्पोकन इंग्लिश, गेम्स, बेसिक कंप्यूटर कोर्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जा रही है। मदरसे में उर्दू-हिंदी भाषण और सॉफ्ट स्किल के लिए बच्चों का विशेष प्रशिक्षण सत्र शुरू किया गया था, जिसके समापन पर यह प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मिर्जा इसराइल बेग शाद बिलासपुरी, लेखक व पत्रकार मुहम्मद ज़ाकिर हुसैन और शायर डॉ. नौशाद सिद्दीकी ने परिणामों की घोषणा की। सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग लेने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए। मदरसे की खिदमत के लिए अर्शी फातिमा का इस्तकबाल किया गया। इस मौके पर मस्जिद-मजार कमेटी भिलाई तीन के सदर रुस्तम खान, इमाम ओ खतीब मौलाना अकील, मौलाना साबिर रजा, एमएएम सादी, खुर्शीद जौहरी, नौशाद अली, मोहम्मद अली, अब्दुल हामिद, मोहम्मद फारूक इमरान, मोहम्मद गुलजार, फिरोज अहमद खान, वाजिद अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

देवारभाट के कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ की सराहनीय पहल, प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

बालोद/नवप्रदेश। जिला के बालोद विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवारभाट में कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ द्वारा दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर गांव के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनका उत्साहवर्धन करने के लिए प्रतिभावान सम्मान समारोह, दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथी ही गांव के ही दो शिक्षको को उत्कृष्ट कार्य के लिए, 2024 में श्री लाल रघुवीर सिंह ठाकुर को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान होने पर , समिति द्वारा सम्मानित किया गया तथा 2025 में श्रीमती खेमलता ठाकुर को मुख्यमंत्री शिक्षा अलंकरण सम्मान मिलने पर, कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ द्वारा सम्मानित किया गया और 2025 मे सेवानिवृत व्याख्याता श्री ईश्वर लाल उइके और श्री बंशी लाल साहू का भी सम्मान उनके गुरु जी मुख्य अतिथि श्री टीआर देशमुख सेनि. व्याख्याता द्वारा सम्मानित किया गया। इस समिति में लगभग 100 से भी अधिक सदस्य जुड़ चुके हैं जिनके द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली के अवसर पर मिलन सम्मान समारोह एवं प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह विगत 4 वर्षों से किया जा रहा है। साथ ही प्रतिवर्ष रात्रिकालीन कार्यक्रम , मनोरंजन के लिए रखा जाता है। इस समिति में 100 से ऊपर अधिकारी कर्मचारी सदस्य जुड़े हुए हैं। नए कर्मचारी का स्वागत अभिनंदन भी किया जाता है। अध्यक्ष श्री दयाराम सुरेंद्र , उपाध्यक्ष श्री दुर्वासा निषाद ,सचिव श्री मानिक लाल धुर्वे ,कोषाध्यक्ष श्री केशव राम साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

उपमुख्यमंत्री ने स्मार्ट क्लास की ऐतिहासिक शुरुआत कर किया पौधरोपण

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा ने आज उच्चतर माध्यमिक शाला बिरकोना में स्मार्ट क्लास की ऐतिहासिक शुरुआत करने के बाद विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि स्मार्ट क्लास तकनीक के माध्यम से विद्यार्थियों को अब नवीन शिक्षण विधियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे शिक्षा अधिक रोचक, व्यवहारिक और गुणवत्तापूर्ण बनेगी। इस अवसर पर बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री रामकिंकर वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री विजय पाटिल, श्री संतोष मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री राजकुमार मेरावी, श्रीमती ललिता रूपसिंह धुर्वे, श्री मोहन धुर्वे, श्री गजानंद यादव, मीलू साहू, श्री सुनील साहू सहित जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी, ग्रामीण, शिक्षक उपस्थित थे।

महापौर पहुंचे मोती तालाब, छठ पर्व की दी बधाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छठ पर्व के अंतिम दिन आज सुबह महापौर श्री मधुसूदन यादव मोती तालाब पहुच कर छठ व्रत रखने वाले महिलाओ व पुरूषों को छठ पर्व की बधाई दी। उन्होंने सुबह परिवार सहित उगते सूरज को अर्ध्य अर्पित कर शहर की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संतान की दीर्धायु व परिवार की खुशहाली एवं स्वस्थ्य जीवन की कामना को लेकर मनाये जाने वाले इस त्यौहार पर मैं आप सभी के परिवारों की खुशहाली के लिये सूर्यदेव से प्रार्थना करता हूॅ और इस त्यौहार को प्रतिवर्ष इसी प्रकार उमंग व उल्लास के साथ मनाये जाने की आप लोगों से अपील करता हूॅ। महापौर श्री यादव ने कहा कि आस्था के इस महा पर्व के तीसरे दिन डुबते हुये सूर्य को अर्ध्य देने बड़ी संख्या में महिला एवं पुरूष मोती तलााब में उपस्थित हुये, और आज चौथे दिन उगते सूर्य को अर्ध्य देकर 36 घण्टे का निर्जला उपवास तोड रहे है। उन्होंने कहा कि कठिन व्रत वाले इस पर्व के लिये लोगों में उत्साह है और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर लोग पूजा अर्चना कर रहे है। उन्होंने उपस्थितजनों को पुनः इस पर्व पर अपनी शुभकामना दी। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, पूर्व महापौर श्री अजीत जैन, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा व श्रीमती केवरा राय, पार्षद श्री प्रमोद झंझाडे, पूर्व पार्षद श्री विजय राय, पार्षद प्रतिनिधि श्री नादान सेन व श्री राजेश यादव ने भी उपस्थितजनों को छठ पर्व की बधाई दी।

निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए जिला कार्यालय में आईटी डेस्क स्थापित

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के निर्देश पर निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण वर्ष 2026 के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला कार्यालय कबीरधाम के एनआईसी कक्ष में आईटी डेस्क की स्थापना की गई है। आईटी डेस्क में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्री नभ वर्मा एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर श्री सितेश देवांगन की ड्यूटी लगाई गई है। यह डेस्क निर्वाचन कार्यों में तकनीकी सहायता प्रदान करते हुए जिले में चल रहे विशेष पुनरीक्षण कार्य की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करेगा।

राज्योत्सव पर म्यूनिस्पिल स्कूल मैदान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्योत्सव 2025 के अवसर पर 2 नवम्बर 2025 को जिला मुख्यालय राजनांदगांव के सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (म्यूनिसिपल स्कूल) राजनांदगांव मैदान में शाम 6 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राज्योत्सव के अवसर पर 2 नवंबर को सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका आरू साहू के सुमधुर गीतों से महफिल सजेगी। कार्यक्रम में विभागीय स्टॉलों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

परिजनों ने किया हंगामा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव के शुक्ला हॉस्पिटल में एक ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा किया और हॉस्पिटल के सामने धरने पर बैठ गए। परिजनों ने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल की लापरवाही के कारण महिला की मौत हुई है। इस मामले में हॉस्पिटल प्रबंधन ने शुक्ला हॉस्पिटल में बने ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया था और 7 दिन के अंदर कार्रवाई करने की बात कही थी।

15 दिन बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे नाराज परिजन और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सीएमओ कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफनारेबाजी की। परिजनों ने चेतावनी दी कि जब तक हॉस्पिटल प्रबंधन के खिलाफकार्रवाई नहीं की जाती है, तब तक वे धरने से नहीं हटेंगे।

सीएमओ ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

सीएमओ ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि मामले की जांच के लिए कागज रायपुर भेज दिए गए हैं। जैसे ही जांच रिपोर्ट आती है, कार्रवाई की जाएगी। इस आश्वासन के बाद परिजन धरने से उठे और हॉस्पिटल प्रबंधन को चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वे फिर से आंदोलन करेंगे।

परिजनों ने लगाए लापरवाही के आरोप

परिजनों ने आरोप लगाया कि हॉस्पिटल की लापरवाही के कारण महिला की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि अगर समय पर इलाज किया जाता तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने हॉस्पिटल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

हॉस्पिटल प्रबंधन का बयान

हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा कि वे जांच में सहयोग करेंगे और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल की प्राथमिकता मरीजों का इलाज करना है और वे इसमें कोई समझौता नहीं करेंगे।

मोदी की योजना नहीं, मोदी की गारंटी लागू करे छग सरकार : दुबे

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव अधिवक्ता कुसुम दुबे ने छ ग सरकार राज्योत्सव के अवसर पर उज्जवला गैस कनेक्शन राज्य की 2लाख 23 हजार हितग्राहियों को गैस कनेक्शन देने की योजना दुहाई दे रही है जिसके अंतर्गत राजनादगांव जिले में 5618 हितग्राहियों को कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य है। तो सरकार को मोदी जी की योजना लागू करने से पहले मोदी की गारंटी जिसके तहत 500 में गैस सिलेंडर देने की योजना है उसे लागू करे।

छ ग प्रदेश महिला कांग्रेस की सचिव एवं शहर जिला कांग्रेस की कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती दुबे ने साफगोई से कही कि देश ही नहीं प्रदेश में उज्जवला गैस योजना अंतर्गत गैस सिलेंडर रिफिलिंग दर का आकलन किया जाए तो आधे से अधिक हितग्राही महंगाई के चलते गैस का रिफिलिंग ही नहीं कराते है क्योंकि उन्हें गैस लेने हेतु 902 रु खर्च करने पड़ते है सब्सिडी के रूप में ?300 देने की बात की जाती है किंतु सब्सिडी की राशि मिलने का कोई ठिकाना रहता नहीं रहता यदि ?500 में गैस देने की मोदी की गारंटी को छ ग सरकार लागू कर देती है तो उज्जवला गैस कनेक्शन धारी महिलाओं को भी 600 रु के बजाय 500 में गैस सिलेंडर मिलना प्रारंभ हो जाएगा जो उनके लिए सुखद भी होगा विडंबना यह है की उज्जवला गैस कनेक्शन को बीजापुर ,सुकमा, नारायणपुर बस्तर क्षेत्र में पहले लागू करने की बात की जा रही है लेकिन उन स्थानों पर गैस के डीलर नहीं होने के कारण उन्हें रिफिलिंग की परेशानियों का भी सामना करना पड़ेगा ।

अशोका पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने बेसबॉल-सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में जीते 20 पदक

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर के प्रतिष्ठित अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के बेसबॉल एवं सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों ने शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 06 स्वर्ण,11रजत एवं 03 कांस्य पदक अर्जित किए।

विगत दिनो शालेय 25वीं राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता (मिनी एवं सीनियर बालक/बालिका वर्ग) का आयोजन रायगढ़ में 05 से 08 अक्टूबर 2025 तक तथा सॉफ्टबॉल जूनियर वर्ग का आयोजन कवर्धा में 10 से 13 अक्टूबर 2025 तक किया गया। वहीं बेसबॉल मिनी,जूनियर एवं सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता बिलासपुर में15से18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हुई।

इन प्रतियोगिताओं में अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा के कुल 20 विद्यार्थियों का चयन हुआ,जिन्होंने दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व कियाढ्ढसॉफ्टबॉल जूनियर एवं सीनियर वर्ग में सोहम सिंह,हिमेश यादव,निकिता नारंग,श्रवण राजपूत,सोमेश पाल एवं आयुष सिंह ने स्वर्ण पदक हासिल किए।

सॉफ्टबॉल मिनी वर्ग में कावेश देवांगन,गुनिस्का जांगड़े और अनन्या चंद्रवंशी ने रजत पदक प्राप्त किए।

वहीं बेसबॉल प्रतियोगिता में दीक्षांत पुष्कर सिन्हा,वासुदेव वैष्णव,कृष सिन्हा,गोपी सिंह,हिमेश जांगड़े एवं विनय राजपूत ने कुल 11 रजत पदक अर्जित किए और तान्या सिन्हा,सौम्या चंद्राकर और सौम्याना गेंद्रे ने कांस्य पदक प्राप्त किए।

इन खिलाड़ियों ने रायगढ़,कवर्धा और बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रदेश के अन्य संभागों-रायपुर,बस्तर,सरगुजा एवं बिलासपुर की टीमों को पछाड़ते हुए विजेता और उपविजेता स्थान प्राप्त किया।

धान खरीदी के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य

किसानों से समय-सीमा में फार्मर आईडी बनवाने की अपील

कवर्धा/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 हेतु समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को अनिवार्य किया गया है। इसके तहत जिले के सभी किसानों को 31 अक्टूबर 2025 तक पोर्टल में पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीकृत किसानों को 11 अंकों की फार्मर आईडी प्राप्त होगी, जिसके माध्यम से वे पारदर्शी रूप से धान विक्रय, फसल बीमा तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त सहित अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। किसानों से अपील की गई है कि वे समय-सीमा के भीतर एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अवश्य कराएं। पंजीयन की सुविधा स्वयं ऑनलाइन, अथवा अपने क्षेत्र की सेवा सहकारी समिति, लोक सेवा केंद्र अथवा राजस्व विभाग के पटवारी के माध्यम से उपलब्ध है। फार्मर आईडी हेतु किसान को अपनी बी-1 भूमि अभिलेख पुस्तिका, आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ रखना अनिवार्य है।

पंजीकरण के पश्चात प्रत्येक किसान को 11 अंकों की यूनिक डिजिटल आईडी प्रदान की जाएगी, जो उनकी डिजिटल पहचान होगी। एग्रीस्टेक पोर्टल भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण डिजिटल पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों की पहचान, भूमि रिकॉर्ड, फसल जानकारी, वित्तीय विवरण एवं बीमा इतिहास को एकीकृत कर भारतीय कृषि को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। राज्य शासन द्वारा यह व्यवस्था किसानों को शासन की सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं एकीकृत प्रणाली से उपलब्ध कराने के लिए की गई है। सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है कि वे किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबा संशोधन कार्य प्राथमिकता से पूर्ण करें। पंजीयन की प्रक्रिया प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक संचालित होती है। इस वर्ष एग्रीस्टेक पंजीयन प्रक्रिया को और मजबूत करने के लिए कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित किया गया है। खाद्य विभाग द्वारा धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डाटा एग्रीस्टेक रजिस्ट्री से एपीआई इंटीग्रेशन के माध्यम से लिया जाएगा, जो पूरी तरह ई-केवाईसी आधारित रहेगा।

धान खरीदी की सभी तैयारियां करें पूरी : कलेक्टर गोपाल वर्मा

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल ने वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय काम काज की समीक्षा की। उन्होंने आगामी 15 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत शुरू होने जा रही धान खरीदी को लेकर उपार्जन केंद्रों में तौल मशीन, मॉइश्चरमीटर, डनेज, तिरपाल, सहित किसानों की सुविधा हेतु बैठने और पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतराज्यीय सीमा पर चेकपोस्ट में 24 घंटे निगरानी हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री वर्मा ने सड़कों से सीईओ जनपद, नगरीय निकायों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि सड़कों पर आवारा मवेशियों का विचरण न हो इसके लिए विभागीय अधिकारी विशेष रूप से प्रयास करें। गौधाम योजना क्रियान्वयन के बारे में जानकारी लेते हुए समितियों के चयन की शेष प्रक्रिया जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण एजेंसीज से कहा कि अब बारिश समाप्त हो चुकी है और यह अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए अनुकूल समय है। इसका लाभ लेते हुए सभी निर्माण कार्य अब तेजी से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने नगर पालिका के सामने बन रहे चौपाटी निर्माण का काम जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में अपडेट लिया और काम को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने स्कूली छात्रों के अपार आईडी निर्माण को प्रगति के बारे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि यह छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इसका लाभ उन्हें मिले इसके आवश्यक है कि जल्द जिले में सभी छात्रों के अपार आईडी बनाने का कार्य पूर्ण किया जाए। स्वास्थ्य विभाग से उन्होंने आयुष्मान कार्ड और वय वंदन कार्ड निर्माण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में हितग्राहियों के लक्ष्य अनुरूप हेल्थ कार्ड बनवाना अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर श्री वर्मा ने पीएम आवास एवं जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए आवास निर्माण की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली।

प्रथम पेज का शेष

महत्वपूर्ण उर्वरकों ...

निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से सब्सिडी वाले मूल्यों पर उपलब्ध करवा रही है। एनबीएस योजना के तहत पी एंड के उर्वरकों पर 1 अप्रैल 2010 से ही किसानों को सब्सिडी दी जा रही है।

एनबीएस दरों को मंजूरी

यूरिया, डीएपी, एमओपी और सल्फर जैसे उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हाल के रुझानों को देखते हुए केंद्र सरकार ने डीएपी और एनपीकेएस ग्रेड सहित फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर इस वर्ष 1 अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक की अवधि वाले रबी सीजन 2025-26 के लिए एनबीएस दरों को मंजूरी देने का फैसला किया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि अपने किसान हितैषी दृष्टिकोण के तहत सरकार किसानों को सस्ती कीमतों पर पी एंड के उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मार्केटिंग सीजन 2026-27 के लिए सभी अनिवार्य रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना सुनिश्चित करना था।

आठवें वेतन आयोग ...

लाख केंद्र सरकार के कर्मचारियों को कवर करेंगी।

देश के कई हिस्सों में रबी की बुवाई शुरू हो चुकी है। इस मौसम में प्रमुख फसलें गेहूं, सरसों और चना होती हैं। सरकार का मानना है कि नई सब्सिडी दरें किसानों की लागत कम कर फसल उत्पादन को समर्थन देंगी।

जनपद उपाध्यक्ष के ..

के लिए रवाना हो गए हैं और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

गौरतलब है कि इस घटना के बाद से मस्तूरी इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली जा रही है। वहीं घटना के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश है। समर्थक अस्पताल और थाने दोनों जगह बड़ी संख्या में जुट गए हैं। पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। फिलहाल दोनों घायलों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज जारी है।

तीरंदाजी के क्षेत्र में ...

काल से ही तीरंदाजी में अग्रणी रहा है। महाभारत और रामायण जैसे हमारे पवित्र ग्रंथों के नायक भी इस विधा में पारंगत रहे हैं। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए हमें आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षित मार्गदर्शन के माध्यम से नए आर्चर्स तैयार करने होंगे।

उल्लेखनीय है कि सन्ना पंडरापाठ में 10.27 एकड़ भूमि में यह अकादमी स्थापित की जाएगी। यहां आउटडोर तीरंदाजी रेंज, खिलाड़ियों के लिए छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर, खिलाड़ियों की सुविधा हेतु भवन, जैविक खेती के लिए छायादार नर्सरी, पुस्तकालय, चिकित्सा केंद्र, कौशल विकास केंद्र, हर्बल वृक्षारोपण तथा प्रशिक्षण मैदान जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

45 सालों से सक्रिय...

खबर सामने आई है। फुलबगड़ी-बड़ेशेट्टी मार्ग के किनारे सुरक्षाबलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया है। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से नक्सलियों ने सड़क किनारे लगभग 40 किलो वजनी आईईडी बम प्लांट किया था। सतर्कता बरतते हुए सुरक्षाबलों ने मौके पर ही बम को सुरक्षित तरीके से विस्फोट कर निष्क्रिय कर दिया। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति की क्षति नहीं हुई।घटना के बाद सुरक्षाबलों द्वारा आसपास के इलाकों में सघन सर्चिंग अभियान चलाया जा रहा है। आईईडी की बरामदगी और निष्क्रिय करने की कार्रवाई में जिला पुलिस बल और 159वीं बटालियन सीआरपीएफ की संयुक्त टीम की अहम भूमिका रही।

न्यूज गैलरी

तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को रवानगी दी गई

धमतरी/नवप्रदेश। आज जनपद पंचायत परिसर से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत तीर्थ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को विधिवत रूप से रवानगी दी गई। इस अवसर पर नगर निगम धमतरी के महापौर रामू रोहरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने यात्रियों को शुभकामनाएँ दिए । महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना प्रदेश सरकार की एक जनकल्याणकारी योजना है, जिसके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्राप्त हो रहा है। जनपद अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में यह योजना निरंतर सफलतापूर्वक संचालित हो रही है, जिससे हजारों श्रद्धालु अपने जीवन का यह महत्वपूर्ण धार्मिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।रवानगी के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू , जनपद सदस्य कैलाश देवांगन, उमेश साहू भारतीय जनता पार्टी मीडिया प्रभारी , विजय साहू , चंद्रभागा साहू पार्षद, जनपद पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने यात्रियों को पुष्प माला पहना कर शुभ यात्रा की मंगलकामनाएँ दीं।

भैंसमुंडी में साहू समाज का दिवाली मिलान समारोह

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद ब्लॉक के ग्राम भैंसमुंडी में ग्रामीण साहू समाज द्वारा दिवाली मिलन समारोह रखा गया। जिसके मुख्य अतिथि नव निर्वाचित तहसील साहू समाज अध्यक्ष कृष्णकांत साहू रहे। श्री साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि साहू समाज की अधिष्ठात्री माता कर्मा के विचार, दयालुता, सेवा, परोपकार, भक्ति और सामाजिक समरसता पर केंद्रित हैं। उनके जीवन और शिक्षाओं से पता चलता है कि सच्ची भक्ति ईश्वर को प्रसन्न करती है , और समाज में एकता और समानता का संदेश देती है, जहाँ व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है, न कि किसी अन्य आधार से। उनका सिद्धांत यह भी सिखाता है कि व्यक्ति को अपने कर्मों के प्रति सकारात्मक रहना चाहिए, क्योंकि कर्म ही भविष्य का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में तहसील उपाध्यक्ष लेखराम साहू संगठन सचिव कुलदीप साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष हरीनारायण साहू निवर्तमान अध्यक्ष , जागेश्वर साहू गौतम साहू सनत साहू सोम साहू तरुण साहू व ग्रामीण पदाधिकारी एवं सभी ग्रामीण सदस्य उपस्थित रहे । साथ ही साथ माताओं द्वारा सुवा नृत्य कर अतिथि स्वागत किया गया आप सभी को आभार धन्यवाद मंच संचालन लखन लाल साहू ने किया व अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया।

खेलों के साथ पढ़ाई में भी दें ध्यान: तुषार

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, खेल में हार कोई मायने नहीं रखता, हारने वाली टीम भी जीतने वाली टीम के बराबर की ही मानी जाती है। विजेता टीम के मुकाबले हारने वाली टीम को और अधिक प्रयास करना चाहिए, ताकि अगले मुकाबले में विजय हासिल कर सकें। भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू के है।

आस्था और अनुशासन का महापर्व 'छठ'

पिथौरा के लाखागढ़ तालाब पर उमड़ा जन सैलाब, डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

पिथौरा/नवप्रदेश। जीवन की ऊर्जा और नव चेतना का प्रतीक माने जाने वाला, लोक आस्था का महापर्व 'छठ' पिथौरा में पूरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस पवित्र अनुष्ठान के तीसरे दिन, मंगलवार को, व्रती महिलाओं और पुरुषों ने लाखागढ़ तालाब के तट पर एकत्रित होकर डूबते हुए सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान न होकर, वास्तव में जीवन में अनुशासन, शारीरिक शुद्धता, प्रकृति के प्रति समर्पण और सकारात्मकता का एक महान संदेश देता है।

भक्तिमय हुआ लाखागढ़ तालाब का किनारा : पर्व की शुरुआत से ही, पिथौरा का लाखागढ़ तालाब भक्ति के रंग में रंग गया था। मंगलवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब तट की ओर उमड़ने लगा। व्रतधारी महिलाएं और पुरुष पारंपरिक, साफ-सुथरे परिधानों में सजे हुए, सिर पर फल-फूल और प्रसाद से सजी टोकरी तथा हाथों में पूजन सामग्री लिए तालाब की ओर जाते हुए दिखाई दिए।

तालाब के किनारे का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। चारों ओर छठी मैया के पारंपरिक गीत, ढोल-नगाड़ों की गूंज और सुमधुर भक्ति संगीत वातावरण में एक अद्भुत ऊर्जा का संचार कर रहे थे।

सूर्यदेव को अर्घ्य और मनोकामनाओं की प्रार्थना

जैसे ही शाम ढलने लगी और सूर्यदेव क्षितिज की ओर अस्त होने लगे, व्रतधारियों ने जल में प्रवेश कर 'खड़े होकर' भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। उनके साथ परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग भी श्रद्धा के भाव से इस पवित्र क्षण में शामिल हुए।
36 घंटे का निर्जला उपवास रखने वाली व्रतधारी महिलाओं ने जन-कल्याण, समाज की समृद्धि, और अपनी संतान की सफलता की कामना करते हुए छठी मैया और भगवान सूर्य नारायण की आराधना की। इस दौरान, व्रतधारियों ने छठी मैया के पारंपरिक गीत गाए और संपूर्ण राष्ट्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

अनुशासन और समर्पण का संदेश

छठ महापर्व ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि जब अटूट श्रद्धा, कठोर अनुशासन और प्रकृति के प्रति निस्वार्थ समर्पण एक साथ आते हैं, तो यह जीवन में नई ऊर्जा, बेहतर संतुलन और सकारात्मक रोशनी का संचार करता है। प्रकृति के सबसे बड़े स्रोत, सूर्यदेव की आराधना का यह पर्व, हमें प्रकृति के संरक्षण का भी मौन संदेश देता है। लाखागढ़ तालाब पर पूजा कर रही महिलाओं में रुक्मिणी देवी सोनी, पूजा सोनी, ज्योति सोनी, अनीता सोनी, नंदिनी सोनी और मोनी सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं।

राजिम त्रिवेणी संगम पर छठ पर्व की धूम

राजिम। छत्तीसगढ़ की धर्म नगरी राजिम, जिसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है इन दिनों छठ पर्व के रंग में रंगी हुई है। महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के पवित्र त्रिवेणी संगम के एनीकट घाट पर उत्तर भारतीय परिवारों के साथ-साथ स्थानीय छत्तीसगढ़ी समुदाय की सैकड़ों व्रती महिलाओं ने सूर्य देव की आराधना की। संतान की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना के साथ व्रतधारी महिलाएं फल, ठेकुआ, गन्ना और पूजा सामग्री लेकर घाट पर पहुंचीं। सुबह से शुरू हुआ यह आयोजन शाम तक चला। अस्ताचलगामी सूर्य को पहला अर्घ्य देने के बाद रात्रि जागरण और सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देने की परंपरा का निर्वहन किया गया। विगत कई वर्षों से राजिम में छठ पूजा का आयोजन भव्य रूप से हो रहा है। स्थानीय प्रशासन और संगठनों के सहयोग से घाटों की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की गई।

25 वर्षों में बदली महिलाओं और बच्चों की तस्वीर

■ महिलाओं को आत्मनिर्भरता और बच्चों को सुरक्षित भविष्य की दिशा दी योजनाओं ने

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य आगामी 1 नवम्बर को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रजत महोत्सव मना रहा है। इन पच्चीस वर्षों में प्रदेश ने विकास के विविध आयामों में उल्लेखनीय प्रगति की है। विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं ने समाज की जमीनी तस्वीर को बदलने का कार्य किया है। धमतरी जिले में भी इन योजनाओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। लाखों हितग्राही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।'

महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वर्ष 2005-06 से क्रियान्वित की जा रही है। अब तक जिले में 2066 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए कन्याओं के विवाह में सहयोग किया है। इसी प्रकार नोनी सुरक्षा योजना (2014) से 6316 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं, जिसने बेटियों की शिक्षा और भविष्य के लिए वित्तीय संबल प्रदान किया।'

बेटियों की बचत और वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करने हेतु सुकन्या समृद्धि योजना (2015) एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हुई है। जिले की 44,182 बालिकाएँ इस योजना से लाभान्वित होकर अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। वहीं दिशा दर्शन योजना (2012-13) के माध्यम से 892 हितग्राहियों को शिक्षा और रोजगार उन्मुख अवसरों का लाभ मिला है। 'प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई महतारी वंदन योजना (2024) ने अल्प समय में ही व्यापक प्रभाव छोड़ा है। धमतरी जिले में अब तक 2,31,662 हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हुए हैं।

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर विशेष

महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया

महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने हेतु छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना (2003-04) से 1494 महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया गया। इसी क्रम में महिला कोष सक्षम योजना (2009-10) से 147 हितग्राही लाभान्वित हुए, जिन्होंने इस सहायता से अपने जीवन स्तर में सुधार किया।

रामानुजगंज में छठ पर्व की अद्भुत छटा, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

रामानुजगंज/नवप्रदेश। सूर्य उपासना के महापर्व छठ के तीसरे दिन रामानुजगंज नगर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। अस्थलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब कन्हर नदी के तटों पर उमड़ पड़ा। पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण और छठ गीतों की गूंज ने एक अलौकिक दृश्य प्रस्तुत किया। छठ पूजन समितियों और नगर पालिका प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएँ की गई थीं। घाटों पर सुरक्षा, प्रकाश, साफ-सफाई और पेयजल की विशेष व्यवस्था रही।

नगर में कई छठ घाट आकर्षण का केंद्र बने। नवयुवक दुर्गा पूजा संघ द्वारा तैयार की गई सात घोड़ों पर सवार सूर्य भगवान की भव्य मूर्ति, तथा दबगर समाज द्वारा शिव मंदिर घाट में स्थापित सात घोड़ों वाले सूर्य भगवान की मूर्ति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नवयुग दुर्गा पूजा संघ के सदस्य आलोक गुप्ता (गोलू) एवं अमित जायसवाल ने बताया कि छठ पूजन की तैयारियाँ 15 दिन पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। नगर के सात प्रमुख घाटों – जिनमें राम मंदिर कन्हर घाट, शिव मंदिर घाट, द सहित अन्य शामिल हैं जहाश्रद्धालुओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया।

मोदी की मन की बात सकारात्मकता और राष्ट्रप्रेम की भावना को करता है प्रबल

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा स्थित जरही माता मंदिर परिसर में रविवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय मासिक संवाद कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री डीपेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांग प्रेरणा जन कल्याण समिति, धमतरी के सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री जी के उद्बोधन को श्रद्धा और उत्साह के साथ सुना तथा उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। श्री डीपेन्द्र साहू ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम से देशभर के नागरिकों को प्रेरणा मिलती है। यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता, स्वावलंबन और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रबल करता है। विशेष रूप से दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं ।

ग्राम गढ़डोंगरी में जैविक किसान मेले का आयोजन

बड़ी संख्या में किसानों को जानकारी दी

नगरी/नवप्रदेश। जैविक खेती मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम गढ़डोंगरी (माल) में जैविक किसान मेला सह वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले एवं जनपद के जनप्रतिनिधियों तथा कृषि विभाग के अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को जैविक खेती के महत्व, उसकी तकनीकी प्रक्रिया एवं दीर्घकालीन लाभों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। वही कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों में टीकाराम कंवर, सभापति, कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत धमतरी, अजय ध्रुव, सभापति, वन स्थायी समिति, जिला पंचायत धमतरी, गरिमा नेताम, सदस्य, जिला पंचायत धमतरी, महेश गोटा, अध्यक्ष, जनपद पंचायत नगरी, प्रेमलता नागवंशी, सभापति, जनपद पंचायत नगरी, पन्नालाल मरकाम, सभापति, कृषि स्थायी समिति, जनपद पंचायत नगरी,राजू गोसाई, सभापति, जनपद पंचायत नगरी,शिवनाथ मरकाम, सदस्य, जनपद पंचायत नगरी, रजनी नेताम, सरपंच, ग्राम पंचायत गढ़डोंगरी इंदुमती मरकाम, शकुंतला ठाकुर, सरपंच, ग्राम पंचायत गिधावा, पूर्व सरपंच, गढ़डोंगरी (माल), प्रवीण ठाकुर, पूर्व सरपंच, गिधावा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिसमे कृषि विभाग से मोनेश साहू, उपसंचालक कृषि, दीपिका चंद्रवंशी एवं प्रेमलाल साहू, विषय वस्तु विशेषज्ञ, कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी, लाकेश साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, चंद्र प्रकाश साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी तथा अन्य अधिकारीगण एवं क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित रहे।

दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट और लूटपाट, चार गिरफ्तार

आरोपियों के कब्जे से 03 नग मोटर सायकल , 04 नग मोबाइल व 2800 रूपये नगदी जब्त

फिंगेश्वर/गरियाबंद/नवप्रदेश। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 25.10.2025 के शाम लगभग 05.00 बजे प्रार्थी अकेले अपने मोटर सायकल से ग्राम अरण्ड से अपने घर ग्राम बिरकोनी जा रहा था। ग्राम हथखोज पुल के उपर पहुंचा था। उसी दौरान पुल के उपर पहले से 04 व्यक्ति मोटर सायकल में खडे थे। आरोपियों के द्वारा प्रार्थी के मोटर सायकल के सामने आकर प्रार्थी का रास्ता रोककर इसके मोटर सायकल के चाबी को छीन कर शराब पीने के लिये पैसे का मांग करने लगे, प्रार्थी द्वारा पैसा देने से मना करने पर आरोपियां के द्वारा प्रार्थी को पकड़ कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुऐ पैंट के जेब से 8000 रूपये को लूट लिये। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुए गरियाबंद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा लूट के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के संबंध में थाना फिंगेष्वर को निर्देषित किया गया था। दिये गये निर्देष के परिपालन में थाना फिंगेष्वर टीम द्वारा प्रकरण के प्रार्थी से आरोपियों के संबंध में पुछताछ के दौरान ग्राम दुतकैया के बादशाह खान, अशफाक कुरैशी व ग्राम अरण्ड के मोतीलाल साहू, थानेश साहू के द्वारा घटना कारित करना बताया गया। जिस पर थाना फिंगेश्वर पुलिस के द्वारा उक्त आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपियों के द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक मोटर सायकल, 04 नग मोबाइल व नगदी 800 रू को जप्त किया गया है।

थाना राजिम- थाना फिंगेष्वर के प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपियों पुछताछ में बताया कि थाना राजिम क्षेत्रांतर्गत ग्राम अरण्ड में दिनांक 25.10.2025 के शाम लगभग 07:00 बजे रोड में चल रहे प्रार्थी के मोटर सायकल को रोक कर प्रार्थी को गंदी-गंदी गाली गलौच करते हुए हांथ मुक्का से मारपीट करते हुए प्रार्थी के पैंट के जेब से 2800 रूपये नगदी रकम को लूटना स्वीकार करने पर चारो आरोपियों के विरूद्ध थाना फिंगेष्वर एवं थाना राजिम में सुसंगत धाराओं में 126(2),296, 309(6), 119(1), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चारो आरोपियों को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेष किया गया।

दीपावली मिलन पर कृष्ण मित्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। कृष्ण मित्र फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारीयो का दीपावली मिलन एवं वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सहयोगी जिनका शमशान घाट के विकास, संरक्षण ,संवर्धन में योगदान है का सम्मान समारोह एवं अन्य जरूरी विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया।

सम्मान समारोह संस्था के कार्यालय में हुई।

कृष्ण मित्र मंडल फाउन्डेशन द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार सर्वप्रथम उपस्थित समस्त सदस्यों ने भगवान सोमेश्वर महादेव की पूजा आरती की गई। तत्पश्चात उद्बोधन के पक्ष सम्मान समारोह प्रारंभ हुआ जिन वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया गया उनके नाम इस प्रकार हैं फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव, उपाध्यक्ष श्री रवि धनगर, सचिव श्री गोवर्धन झंवर, सदस्य धन्नू लाल देवांगन, रतन जैन ,राजेश सिंह ठाकुर,अशोक पटेल ,हरिराम सेन ,अरुण सोनी ,विजयपाल, सागर पारिकर नवभारत समाचार पत्र,पत्रिका अखबार से हिमांशु शर्मा ,आर एन से संजय यदु, संतोष लखोटिया, अभिमन्यु धनगर,रामेश्वर नाथ यादव सभी का सम्मान समिति के पदाधिकारी ने श्रीफल शाल,भगवान का दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।

धार्मिक अनुष्ठान | **नगर के सभी समाज के लोगों की भागीदारी होगी**

श्री राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी वर्ष में होंगे पूरे माह विविध आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नगर के सबसे प्राचीन मंदिरों में एक सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर के 30 नवंबर 2025 को 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी महोत्सव के रूप में पूरे नवंबर माह मंदिर परिसर में श्री राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट एवं समस्त नगरवासियों व सर्वसमाज के सहयोग से बहुत ही भव्य धार्मिक अनुष्ठान होने जा रहा है जिसमें नगर के सभी समाज के लोगो की भागीदारी होगी। इस संबंध में सोमवार शाम मंदिर परिसर में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन कर मंदिर कमेटी ट्रस्ट द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

मंदिर का संक्षिप्त इतिहास

भक्ति रस के प्राण संचार से सतत गुंजायमान नवापारा नगर के भक्तों, धर्मानुरागी बंधुओं के पुण्योदय प्रभाव से नगर के धर्मप्रधान एवं दानशील अग्रवाल परिवार की परम भगवदीय गोलोक वासी स्व. कलावती देवी अग्रवाल को हरिहर श्री कृष्ण जी से प्रेरणा प्राप्त हुई एवं राधाकृष्ण मंदिर के निर्माण का मनोरम स्वप्न नयनों में समा गया।

इस अलौकिक प्रेरणा को मूर्त रूप देने का कार्य स्व. रेखराज चतुर्भुज भागीरथ अग्रवाल ने स्वयं के कर्मयोग से उठाया एवं

श्री राधाकृष्ण मंदिर का निर्माण प्रारंभ हुआ। अंततः माघ सुदी त्रयोदशी संवत् 1980 को मंदिर का निर्माण प्रारंभ होकर मार्गशीर्ष बदी दशमी संवत् 1982 को मंदिर निर्माण पूर्ण हुआ एवं स्व. सेठ भागीरथ अग्रवाल ने नगर को भव्य श्री राधाकृष्ण मंदिर समर्पित किया। महानदी की पावन धारा में पवित्र त्रिवेणी संगम के तट के निकट छ.ग. की प्रयागधरा नवापारा नगर के धर्मानुरागी बंधुओं को अति सुंदर श्री राधाकृष्ण मंदिर समर्पित हुआ। इस भव्य मंदिर में श्री राधाकृष्ण भगवान के दिव्य स्वरूप की स्थापना के साथ देवाधिदेव महादेव, शक्ति स्वरूप मां दुर्गा, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी, सुभद्रा मैया एवं संकट मोचन बजरंगबली के सिद्ध स्वरूप विभिन्न मंदिर में विराजमान हैं। मंदिर के साथ ही साथ नगर की प्रबल आवश्यकता को देखते हुए बाहर से आए तीर्थयात्रियों की सेवा के लिए स्व. सेठ श्री भागीरथ अग्रवाल जी ने धर्मशाला का निर्माण भी कराया। भगवान के श्री चरणों में समर्पित करने एवं सेवाभाव पूर्ण करने हेतु मंदिर के दाहिनी ओर विशाल क्षेत्र में पुष्प वाटिका भी समर्पित किया। मंदिर में अलौकिक सिद्ध स्वरूपों की स्थापना के साथ ही नगर कृष्णमय हो गया।

ट्रस्ट के माध्यम से कर रहे जन जन की सेवा

स्व. सेठ भागीरथ अग्रवाल के जीवन दर्शन से जो कुछ पाया उसके अनुसार परंपरा कायम रखी एवं आज नवीन निर्माण इस मंदिर में श्री वृंदावन कुंज का किया गया। आज श्री वृंदावन कुंज इस नगर के जन-जन के लिए अत्यंत उपयोगी एवं अलौकिक समर्पण है। आज इस संपूर्ण व्यवस्था का संचालन श्री राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट कमेटी कर रही है जिनके तत्वावधान में विगत 26 वर्षों से देवाधिदेव महादेव का सहस्त्रधारा जलाभिषेक का भव्य एवं अलौकिक आयोजन हो रहा है।

कसपुर शाला में विदाई एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन

कसपुर/नवप्रदेश। गोंडवाना प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कसपुर में आज भावपूर्ण विदाई एवं स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार ने सेवा दे रहे शिक्षक श्री बाबूराम मरकाम को वनरक्षक के रूप में नियुक्ति प्राप्त होने पर ससम्मान विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

साथ ही विद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने वाली नई शिक्षिका श्रीमती चांदनी ठाकुर का भी शाला परिवार द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे शिवनाथ मरकाम, जनपद सदस्य नगरी, अध्यक्षता बोधन सिंह मरकाम, सरपंच ग्राम पंचायत कसपुर ने की, तथा विशेष अतिथि के रूप में श्री भंवर सिंह साक्षी, उपाध्यक्ष गोंडवाना समाज सेवा समिति, उपक्षेत्र कसपुर उपस्थित रहे। जिसमे कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। बच्चों द्वारा स्वागत एवं विदाई गीत प्रस्तुत किए गए, जिससे वातावरण भावनात्मक हो उठा।मुख्य अतिथि शिवनाथ मरकाम ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को नियमित रूप से शाला आने और अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

नहर मरम्मत के नाम पर फर्जीवाड़ा, फिर दस्तावेज गायब

▸ विभागीय अधिकारी ने ही कर दी पुलिस में शिकायत

जीवन एस साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के जल संसाधन उप संभाग फिंगेश्वर में नहरों की मरम्मत के नाम गबन व भ्रष्टाचार की शिकायत उच्च अधिकारियों सहित पुलिस विभाग में भी की गई है। आपको बता दें कि डब्ल्यू.आर.डी.के ही एक कनिष्ठ अधिकारी तथा एक पूर्व कर्मचारी द्वारा अपने ही वरिष्ठ अधिकारी एस.के.बर्मन, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग गरियाबंद, संतोष कुमार चंदेल अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग राजिम,विकास ध्रुव उप अभियंता कार्यालय एस.डी. ओ. डब्ल्यू. आर. डी.छुरा एवं एक लिपिक के विरुद्ध अनुशंसात्मक कार्यवाही और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

दरअसल पूरा मामला नहरों की मरम्मत के नाम फर्जी भुगतान का है, जिसका खुलासा सूचना के अधिकार के माध्यम से हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिंगेश्वर वितरक शाखा नहर के टेल एरिया की 9 माईनर नहरों को 50 से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त बताया गया, इन नहरों से 10 के करीब गांवों, रोबा, भसेरा, पसौद, सिर्रिकला आदि को सिंचाई सुविधा मिलती रही है, विभागीय दावे के अनुसार 1600 मीटर से अधिक माप में मरम्मत कार्य किया गया, 4 हजार 600 सौ प्लास्टिक की बोरियों में रेत भरकर क्षतिग्रस्त स्थलों की मरम्मत की गई और इस कार्य के लिये, कोरबा के ठेकेदार विजय

कुमार तथा एक अन्य फर्म इंडियन इंफ्रा बिल्ड को 4.46 लाख रु का भुगतान कर दिया गया, मजे की बात ये है कि ये कार्य वित्तीय वर्ष 2025 की समाप्ति के पूर्व फरवरी माह के अंतिम सप्ताह में कर दिया गया।

इधर फिंगेश्वर के किसान यादराम जो पहले विभाग में कार्यरत रहे, उन्हें गोलमाल का अंदेशा हुआ, उन्होंने सूचना का अधिकार से जानकारी प्राप्त की और देखा कि मरम्मत के नाम केवल कागजी खानापूर्ति की गई है, उन्हें नहर में ना कहीं टूट फूट नजर आई ना ही मरम्मत के निशान ?

जलसंसाधन विभाग पर किसानों का आरोप है कि एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान फर्जी बिलो के माध्यम से किया गया है और दस्तावेज गायब कर दिये गये है।

गायब दस्तावेजों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन उप संभाग फिंगेश्वर व्ही व्ही मलैय्या द्वारा कलेक्टर गरियाबंद से पत्राचार किया गया है, उन्होंने 8 सितम्बर 2025 कलेक्टर को प्रेषित अपने कार्यालयीन पत्र मंह विभागीय ई.ई.एस.के.बर्मन पर दस्तावेज गायब कराने का आरोप लगाया है, उन्होंने स्पष्ट लिखा है कि शिकायत स्थान फिंगेश्वर वितरक शाखा ष्टा। 1380 से 1570 के मध्य एवं लघु नहरों की मरम्मत एवं रखरखाव से संबंधित दस्तावेज एस.के.बर्मन द्वारा गायब करवा दिये गये है, अब जांच समिति को निष्पक्ष जांच साथ ही प्रभावित किसानों को घटना स्थल के निरीक्षण के लिये दस्तावेजों की आवश्यकता है जिसे उपलब्ध कराया जाये।

29 सितम्बर 2025 को एक दूसरे पत्र में एसडीओ मलैय्या ने कलेक्टर से, संयुक्त जांच टीम का प्रतिवेदन और कार्यालय पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत शिकायती दस्तावेजों के साथ साथ शीघ्र कार्यवाही की मांग की है, समय सीमा में दस्तावेज उपलब्ध नही कराये जाने की सूरत में उन्होंने न्यायालय के शरण में जाने की चेतावनी भी दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में जांच समिति की कार्यवाही जारी है, 03 अक्टूबर को कार्यपालन अभियंता जल संसाधन गरियाबंद, कार्यालय जल संसाधन उप संभाग फिंगेश्वर के एसडीओ, उप अभियंता तथा अमीन पटवारी की हाजिरी न्यायलय अपर कलेक्टर में तलब की गई थी।

न्यूज गैलरी

अनिता के वर्षों पुराने पक्के मकान का हुआ सपना साकार

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को विभिन्न प्रकार की शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। पीएम जनमन आवास योजना विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के जीवन में न केवल सुधार ला रहा है, बल्कि पक्के मकान के सपनों को भी साकार कर रहा है। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखंड कुसमी के ग्राम पंचायत पुंदाग की निवासी श्रीमती अनिता ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ वर्षों से कच्चे मकान में रह रही थी। उनका परिवार रोजी-मजदूरी कर जीवन यापन करता है। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए चुनौती था। बरसात में टपकती छत, सर्दियों की ठिठुरन और गर्मियों की तपन उनके परिवार के लिए हमेशा की मजबूरी बनी रही। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनके पक्के घर का सपना साकार नहीं हो पा रहा था। लेकिन वर्ष 2024-25 में उन्हें प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत आवास की स्वीकृति मिली। समय पर राशि और सामग्री उपलब्ध होने से उनका मकान बनकर तैयार हुआ और आज वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित पक्के घर में रह रही हैं।

साधारण किसान से प्रगतिशील किसान की ओर बढ़ रहे महावीर पुषाम

रायपुर/ नवप्रदेश। महावीर पुषाम अब प्रगतिशील किसान के रूप में उभर कर आ रहे हैं। वे एक साधारण किसान हैं, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रम, लगन और सरकारी योजनाओं के सही उपयोग से न सिर्फअपनी खेती को लाभकारी बनाया, बल्कि अन्य किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। महावीर पुषाम की मेहनत और विभागीय सहयोग से उनके खेतों में बड़ा बदलाव आया। उन्होंने बीज और खाद के संतुलित उपयोग पर ध्यान दिया। पहले जहाँ वे 2 एकड़ में तिल, 2 एकड़ में रामतिल और 1 एकड़ में मूंगफली उगाते थे, अब उन्होंने सही बीज, उन्नत खेती तकनीक और उचित खाद का प्रयोग किया। इस बदलाव से उत्पादन लागत में भी कमी आई, और कुल आय में वृद्धि हुई। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम विमलापुर निवासी महावीर पुषाम कई वर्षों से खेती कर रहे हैं और लगभग पाँच एकड़ भूमि पर तिलहन और मूंगफली की फसल उगाते हैं। प्रारंभ में वे केवल अपनी पारंपरिक तकनीकों और अपने द्वारा संरक्षित बीजों का उपयोग करते थे। लेकिन समय के साथ उन्होंने समझा की पारंपरिक तरीके हर वर्ष बेहतर आय के साथ बढ़ोतरी नहीं ला सकते।

व्यापारियों से वसूली के मामले में कार्रवाई, श्रम निरीक्षक निलंबित

रायपुर/ नवप्रदेश। व्यापारियों से पैसा वसूलने के मामले में त्वरित एवं बड़ी कार्रवाई करते हुए बलौदाबाजार श्रमायुक्त द्वारा भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के चलते श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा गठित जांच समिति की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में पाया गया कि श्रम पदाधिकारी बलौदाबाजार में पदस्थ श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक द्वारा कार्यक्षेत्र में भ्रमण के दौरान कथित रूप से अवैध वसूली और अनियमितताएं की गई हैं। श्रम आयुक्त, छत्तीसगढ़ द्वारा रिपोर्ट के आधार पर श्रम निरीक्षक रामचरन कौशिक को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान कौशिक को जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय श्रमायुक्त कार्यालय, नवा रायपुर, अटल नगर निर्धारित किया गया है।

प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की

मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ का लिया दर्शन लाभ

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के कुनकुरी स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलराम जी के दर्शन किए। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति और कल्याण की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में श्री जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी द्वारा आयोजित तुलसी अर्चन कार्यक्रम में भी भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ को 51 हजार तुलसी दल अर्पित कर विशेष पूजन किया। उन्होंने प्रदेश की निरंतर प्रगति, सामाजिक समरसता और जनकल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से आत्मीय भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी और श्री जगन्नाथ सेवा समिति कुनकुरी के सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत ऐसी धार्मिक परंपराओं से ही सशक्त होती है। ऐसे आयोजन समाज को एकता, श्रद्धा और भक्ति के सूत्र में जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने समिति को इस पावन आयोजन के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने कुनकुरी छठ घाट में सूर्य को दिया अर्घ्य

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने आज छठ महापर्व के पावन अवसर पर जशपुर जिले के कुनकुरी छठ घाट में उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए प्रदेशवासियों को छठ पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य उपासना और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है कि उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र में छठ महापर्व जैसे आस्था और श्रद्धा से जुड़े पर्व में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि कुनकुरी छठ घाट के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 5 करोड़ 17 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार होगा।

इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बच्चों के संग विद्यार्थी बने उपमुख्यमंत्री शर्मा

▸ डिजिटल बोर्ड एवं इंटरएक्टिव लर्निंग से बच्चों को विज्ञान एवं गणित जैसे विषयों को समझने में होगी आसानी

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के ग्राम बिरकोना स्थित उच्चतर माध्यमिक शाला से कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत संचालित 17 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम सुविधा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्मार्ट कक्षाओं का स्कूली बच्चों के साथ रिबन काटकर शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में कवर्धा विकासखण्ड के सभी स्कूल जहां स्मार्ट कक्षाओं की शुरुआत हो रही है वहां के बच्चे वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़े।

इस अवसर पर सभी शिक्षा के डिजिटलीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के साक्षी बने। इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा स्मार्ट क्लास में जाकर बच्चों के साथ बैठकर खुद भी विद्यार्थी बन गए। उन्होंने बच्चों के साथ बैठकर आदर्श विद्यार्थी की तरह डिजिटल बोर्ड के माध्यम से हृदय की संरचना, पौधों में पादप हार्मोन एवं इलेक्ट्रो केमिस्ट्री में बैटरी की कार्यप्रणाली के बारे में डिजिटल बोर्ड द्वारा जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों के साथ डिजिटल कक्षा के संचालन, उपयोग एवं कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वयं भी स्मार्ट बोर्ड संचालित कर इसकी उपयोगिता को परखा। उन्होंने इस पहल को जिले में डिजिटल शिक्षा व्यवस्था के सुव्यवस्थित विस्तार की दिशा में अभूतपूर्व कदम बताया। उन्होंने बच्चों से सीधा संवाद भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह परियोजना केवल उपकरण या तकनीक की उपलब्धता नहीं, बल्कि पूरी शिक्षा संस्कृति में परिवर्तन की पहल है।

राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सतर्कता जागरूकता की शपथ ली

रायपुर/ नवप्रदेश। राजभवन में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर आज अधिकारियों-कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता के प्रति शपथ ली। यह सप्ताह 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर 2025 तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को ''सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी'' के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजभवन की उप सचिव सुश्री निधि

साहू सहित राजभवन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यो में पारदर्शिता, निष्ठा और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

ग्रामीणों का जीवन स्तर ऊंचा होने से ही बनेगा विकसित छत्तीसगढ़ : टंक राम

▸ 1 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक कार्यो का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा ने आज बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के रावन ग्राम पंचायत में करोड़ों रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर जनता को नई सौगातें दीं। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सरकार गांव एवं कस्बों के विकास की गति तीव्र हुई है। उन्होंने कहा कि केवल 20 महीनों में रावन ग्राम पंचायत में ही लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपये के कार्य कराया गया

है,जो अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड है तथा सरकार की विकासात्मक नीतियों का प्रतिबिंब है।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास किया और आज वही गारंटियाँ धरातल पर साकार हो रही हैं। धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर की जा रही है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हर माह 1000 रुपए सीधे खाते में देने के साथ-साथ भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हज़ार रुपए प्रतिवर्ष का प्रत्यक्ष लाभ दिया जा रहा है।

मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि गरीब हितैषी नीतियों के कारण 20 महीनों में राज्य के हितग्राहियों को 50 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खातों में हस्तांतरित की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शून्य-भ्रष्टाचार की नीति के तहत पारदर्शिता और डिजिटल सिस्टम को प्राथमिकता दी गई है, जिससे दलाली, कमीशन खोरी और कटौती की प्रथा समाप्त हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आगे बढ़ेगा तो देश विकसित होगा। ग्रामीण स्तर तक योजनाओं को पहुंचाकर गांवों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का काम हो रहा है।

मंत्री राजवाड़े के प्रयासों से ग्रामीणों की मांग हुई पूरी

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण अंचलों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी दिशा में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से सूरजपुर जिले के ग्रामीणों की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा करते हुए कुल 11 करोड़ 39 लाख 63 हजार रुपये (1,139.63 लाख रुपये) की लागत से दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्यों का आज भूमि पूजन एवं शुभारंभ किया गया।

पहला निर्माण कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग-43 से नया कृष्ण मंदिर होकर सिलफिली बनारस रोड तक (5.20 किमी) का है, जिस पर

6 करोड़ 90 लाख 68 हजार रुपये की लागत स्वीकृत की गई है।दूसरा निर्माण कार्य एनएच-43 से नावापारा दुर्गाबाड़ी होकर रवीन्द्र नगर (3.96 किमी) तक सड़क निर्माण का है, जिसकी लागत 4 करोड़ 48 लाख 95 हजार रुपये है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से सैकड़ों ग्रामीण परिवारों को आवागमन की सुविधा, व्यापारिक गतिविधियों में वृद्धि और जीवन स्तर में सुधार मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गांव-गांव तक पक्की सड़क और विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

महिलाओं को आत्मनिर्भरता और बच्चों के सुरक्षित भविष्य की योजनाएं

25 वर्षों में बदली महिलाओं-बच्चों की सामाजिक-आर्थिक तस्वीर

धमतरी/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य आगामी 1 नवम्बर को अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूरे कर रजत महोत्सव मना रहा है। इन पच्चीस वर्षों में प्रदेश ने विकास के विविध आयामों में उल्लेखनीय प्रगति की है। विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं ने समाज की जमीनी तस्वीर को बदलने का कार्य किया है। धमतरी जिले में भी इन योजनाओं के सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। लाखों हितग्राही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होकर सशक्त, आत्मनिर्भर और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वर्ष 2005-06 से क्रियान्वित की जा रही है। अब तक जिले में 2066 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। इस योजना ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते

हुए कन्याओं के विवाह में सहयोग किया है। इसी प्रकार नोनी सुरक्षा योजना (2014) से 6316 हितग्राही लाभान्वित हुए हैं, जिसने बेटियों की शिक्षा और भविष्य के लिए वित्तीय संबल प्रदान किया।

बेटियों की बचत और वित्तीय स्वतंत्रता सुनिश्चित करने हेतु सुकन्या समृद्धि योजना (2015) एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध हुई है। जिले की 44,182 बालिकाएँ इस योजना से लाभान्वित होकर अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। वहीं दिशा दर्शन योजना (2012-13) के माध्यम से 892 हितग्राहियों को शिक्षा और रोजगार उन्मुख अवसरों का लाभ मिला है।

जिले में 2,31,662 हितग्राही इस योजना से लाभान्वित

प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई महतारी वंदन योजना (2024) ने अल्प समय में ही व्यापक प्रभाव छोड़ा है। धमतरी जिले में अब तक 2,31,662 हितग्राही इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। यह योजना मातृत्व सुरक्षा, पोषण और आर्थिक सहयोग के क्षेत्र में ऐतिहासिक पहल है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (2017) से 58,822 हितग्राही लाभान्वित होकर सुरक्षित मातृत्व की दिशा में कदम बढ़ा चुकी हैं। महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने हेतु छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजना (2003-04) से 1494 महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराया गया। इसी क्रम में महिला कोष सक्षम योजना (2009-10) से 147 हितग्राही लाभान्वित हुए।

महिलाओं ने उगते सूरज को अर्घ्य देकर की सुख, समद्धि की कामना

■ विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर किया व्रत का पारण

महासमुंद/नवप्रदेश। चार दिवसीय छठ महापर्व के आखिरी दिन आज शहर के महामाया तालाब पर 36 घंटे की व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया और छठी मैया की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर व्रत का पारण किया। इस दौरान बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं यहाँ पहुंची और सूर्य को अर्घ्य देकर सुख, समद्धि की कामना की। भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित छठ पर्व का चौथा और आखिरी दिन ऊषा अर्घ्य के रूप में मनाया जाता है। छठ पूजा के चौथे दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है।

बता दें कि छठ पूजा की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इस दिन स्नान के साथ सूर्य देवता को साक्षी मानकर व्रती महिलाएं व्रत का संकल्प लेती हैं। बाद चने की सब्जी, चावल और साग ग्रहण करने के बाद व्रत की शुरूआत होती है। छठ पूजा के दूसरे दिन खरना होता है। इस दिन महिलाएं व्रत करती हैं। शाम को इस दिन गुड़ की खीर बनाई जाती है और सबसे खास बात यह कि इस खीर को मिट्टी के चूल्हे पर बनाने की परंपरा है और उसी के साथ 36 घंटे का कठिन व्रत शुरू होता है। आज सुबह शहर के महामाया तालाब घाट सहित अन्य जगहों पर बने छठ घाटों पर बड़ी संख्या में व्रती महिलाएं पहुंचीं। ब्रह्ममुहूर्त में स्नान कर सूर्य उदय से पहले ही अर्घ्य देने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। घाट के किनारे आतिशबाजी की गई। अर्घ्य देने के बाद महिलाएं ठेकुआ का प्रसाद ग्रहण कर निर्जला व्रत का पारणा किया।

महानदी तट के डोंगा घाट पर जुटीं व्रती महिलाएं

महानदी तट पर श्रद्धालुओं ने आज उगते सूरज को अर्घ्य देकर संतान की दीर्घायु की कामना की। महानदी तट के डोंगा घाट पर स्थायी रूप से छठ माई का निर्माण किया गया है, जिसमें क्षेत्र की व्रती महिलाएं परिवार सहित उपस्थित होकर छठ पर्व धूमधाम से मनाती हैं। भोजपुरी समाज की व्रती महिलाओं को पं. सूरज दुबे ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। इस अवसर पर मालती अशोक महतो, निर्मला परशुराम महतो, विभा राजेश शाह, सोनी कामेश्वर पंडित, निर्मला तिवारी, भैरवनाथ नीतू तिवारी, अर्जुन तिवारी, रेखा बब्बन शाह, शारदा देवी अनिल कुमार, लक्ष्मण शर्मा, रत्नेश शर्मा, सुनील महतो, सुमीत महतो, अनिताश तिवारी, आनंद कुमार, सोनुशाह, दीपक शाह, सुजीत शाह, अमित शाह सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

छठ पूजा भारतीय परंपरा का अभिन्न हिस्सा

आज छठ पूजा के पावन अवसर पर महामाया तालाब छठ घाट पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भगवान सूर्य एवं छठी माई की पूजा अर्चना कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री साहू ने सभी व्रत धारी माताओं, बहनों तथा समाज के लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। छठी मैया का आशीर्वाद लेकर उन्होंने नगर वासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य उपासना, परिवार के स्वास्थ्य और जीवन के दीर्घायु के संकल्प का प्रतीक है। हमारे देश में सनातन परम्परा आदिकाल से चली आ रही है। भारत ही ऐसा देश है जहां इस तरह की पूजा कर माताएं-बहनें अपने पति की लम्बी आयु और परिवार की सुख समृद्धि के लिये व्रत रखती हैं। यही हमारी भारतीय परम्परा और संस्कार है।

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा आवेदन 31 तक

महासमुंद/नवप्रदेश। दसवीं-बारहवीं सीजी बोर्ड परीक्षा 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्राइवेट छात्र के तौर पर परीक्षा में शामिल होने 31 अक्टूबर तक आवेदन किया जा सकता है। मार्च के पहले सप्ताह से बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। विलंब शुल्क के साथ 1 से 16 नवंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे, जबकि विशेष विलंब शुल्क के साथ 17 से 30 नवंबर तक आवेदन किए जा सकेंगे।

13 पदों पर भर्ती के लिए 14 तक आवेदन

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल नवा रायपुर के अंतर्गत रसायनज्ञ (केमिस्ट) के 13 पदों पर भर्ती होगी। व्यापमं द्वारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 14 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। 11 जनवरी 2026 को व्यापमं से परीक्षा होगी।

पुरानी दुश्मनी को लेकर मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम गढ़पटनी में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को श्रीधर कैवर्त ने बताया कि 26 अक्टूबर की शाम करीब 6.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ताराचंद कैवर्त ने पत्नी सोनई बाई से गाली-गलौज की थी। जानकारी होने पर ताराचंद को समझाया। कुछ देर बाद ताराचंद गाली-गलौज करते हुए अज्ञात वस्तु से सिर, चेहरा व जबड़े में मारकर चोट पहुंचाया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति को पीटा

महासमुंद/नवप्रदेश। गाली देने से मना करने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में बसना पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को वार्ड-11 बसना निवासी भोला सोनी ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात करीब 08 बजे घर के सामने गली में मोहल्ले का धरमू सोनी बहन व मां के साथ गाली-गलौज कर रहा था। इसकी सूचना मिलने पर वह पहुंचा और धरमू सोनी को समझाया। जिस पर धरमू ने उसके साथ गाली-गलौज कर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

वंशावली को लेकर पूर्व ससुरालियों ने की मारपीट

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम सोरिद में एक महिला और उसके परिवार के साथ मारपीट के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को भुनेश्वरी साहू ने बताया कि वह वार्ड नंबर 49 उद्योग भवन चौक काशीराम नगर रायपुर में अपने परिवार के साथ रहती है। उसकी शादी 2016 में सोरिद निवासी लोकनाथ साहू के साथ सामाजिक रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। हमारे तीन बच्चे हैं। लगभग तीन वर्ष पूर्व हम दोनों ने सामाजिक तलाक ले लिया है। लोकनाथ साहू के साथ रहते हुए दोनों पुत्र पढ़ाई कर रहे हैं और उसके साथ पुत्री रहती है। 23 अक्टूबर को वह अपने पापा समारू साहू, भाई डिगेश्वर साहू, बड़ी बहन लता साहू, खेमेश्वरी साहू व पुत्री कावेरी साहू को साथ लेकर लोकनाथ साहू के घर अपनी लड़की की पढ़ाई के लिये वंशावली लेने व दोनों पुत्रों से मिलने सोरिद गई थी। इस दौरान वंशावली मांगने पर लोकनाथ साहू ने तुम लोग हमारे घर क्यों आये हो कहते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंडे से पीटा। पापा, भाई, बड़ी बहन व पुत्री ने बीच बचाव किया।

कांग्रेस ने किया चक्काजाम, 14 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी सिहावा के तत्वावधान में दिन मंगलवार को 14 सूत्रीय मांगों को लेकर नगरी से धमतरी मुख्य मार्ग पर कर्राघाटी चौक में विशाल चक्का जाम किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में उपस्थित थे भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया

सभा स्थल पर विधायक अंबिका मरकाम पूर्व विधायक लक्ष्मी धुव, पूर्व विधायक अशोक सोम ब्लाक अध्यक्ष भूषण साहू कैलाश प्रजापति, जनपद सदस्य प्रमोद कुंजाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी सभी के द्वारा सभा को संबोधित किया गया जिसमे क्षेत्र की जनसमस्याओं, किसानों की परेशानियों तथा अधूरे विकास कार्यों है जिसमे कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि आम जनता की तकलीफों को सामने लाने के लिए है।कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र के मुख्य मार्गों की स्थिति जर्जर हो चुकी है।नगरी से धमतरी राजमार्ग सहित कई आप पास नगरी अंचल की सड़कों पर बड़े गड्ढे होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को कई बार जानकारी दी है, किंतु अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ है। साथ ही देखने की फुर्सत नहीं है मुरूमसिली बाध के किनारे किसानों की समस्या जो पानी फसल डूब गया कहा कि इस वर्ष सिंचाई के लिए जल निकासी व्यवस्था ठीक नहीं रहने से कई खेतों में पानी भर गया है, जिससे धान की फसल प्रभावित हुई है। साथ ही,धान खरीदी शीघ्र आरंभ करने और केंद्र सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य ?186 प्रति क्विंटल की राशि समय पर देने की मांग की गई।

व्यापारियों और आम नागरिकों की परेशानियों को लेकर बिजली बिलों में राहत देने, मार्गों के शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने और स्थानीय विकास योजनाओं में तेजी लाने की भी मांग रखी गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात शासन-प्रशासन तक पहुंचा रहे हैं। जनहित की मांगों को मुख्यमंत्री, राज्यपाल और प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाए ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

मुख्य मांगें इस प्रकार हैं

नगरी से धमतरी राज्य मार्ग की तत्काल मरम्मत। नगरी से कांकेर राज्य मार्ग की मरम्मत।. सांकरा से जैतपुरी राज्य मार्ग का मरम्मत एवं चौड़ीकरण।.सिहावा से बोराई राज्य मार्ग का मरम्मत कार्य।. बिजली बिल में बढ़ी हुई दरों को वापस लिया जाए। 1नवम्बर से धान खरीदी हेतु केंद्र द्वारा घोषित ?18 प्रति क्विंटल की राशि दी जाए, जिससे किसानों को ?3282 प्रति क्विंटल की दर से भुगतान सुनिश्चित हो।. माडमसिल्ली बांध से पानी छोड़ा जाए ताकि डूब प्रभावित किसान अपनी फसल कटाई कर सकें।. गट्टासिल्ली एवं दुगली क्षेत्र में सॉंदूर नहर का विस्तार किया जाए।. बरबांधा बांध निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए।. कर्राघाटी से राजपुर मार्ग का डामरीकरण प्रारंभ किया जाए।. सांकरा से बासीन तक सड़क का चौड़ीकरण एवं पक्कीकरण किया जाए।. नगर पंचायत नगरी में बड़े झाड़ क्षेत्र को आबादी घोषित कर पट्टा एवं आवास सुविधा दी जाए।. अरसीकन्हार से रिसगांव मार्ग को पक्का बनाया जाए।.दुगली-मेघा मार्ग एवं जबर्रा पहुँच मार्ग सहित काजन नदी पर पुल निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ किया जाए। यह कि ये मांगें क्षेत्र की जनता की भावनाओं से जुड़ी हैं और सरकार को तत्काल प्रभाव से इन पर कार्रवाई करनी चाहिए।

महासमुंद में एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे गये पौधे

महासमुंद/नवप्रदेश। मेरा युवा भारत महासमुंद के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन शासकीय वेटनरी पॉलिटेक्निक में किया गया। पौधारोपण के साथ-साथ शपथ व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. देवेश गिरी गोस्वामी वेटनरी पॉलिटेक्निक, विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविंदा देवांगन, काशिफ रजा, शैलेश विशाल उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ देवेश गिरी ने युवाओं के साथ मिलकर पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति दोनों जीवनदायनी है। इस अवसर पर युवाओं ने पौधे लगाने और पर्यावरण की रक्षा के लिए शपथ ली। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम हिमांशु दुबे, द्वितीय सरस्वती जायसवाल व तृतीय साक्षी कुजूर रहे। मेरा युवा भारत से अशोक चक्रधारी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मां, प्रकृति और हरियाली जैसे विषयों पर युवाओं को जागरुक किया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लगाए गए पौधा की देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजेश कन्नौजे, रमेश मार्कंडेय, सौरभ, खोमानी कन्नौजे, थामलेश नागेश आदि मौजूद रहे।

पति को रास्ते से हटाने प्रेमी के साथ मिलकर पति पर हमला, गिरफ्तार

सिमगा पुलिस ने आरोपी को छिंदवाड़ा से किया गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। सिमगा के बेमेतरा पुराना पुल के पास भवानी नगर निवासी उमा शंकर कुंभकार पर उसकी पत्नी के सहयोग से उसकी हत्या करने के उद्देश्य से लोहे के धारदार कैंची से प्राण घातक हमला कर फरार हुए आरोपी को सिमगा पुलिस ने जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है,मामले में आहत पति की पत्नी को पूर्व में ही सिमगा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए सिमगा थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने बताया कि आहत उमा शंकर कुंभकार निवासी भवानी नगर सिमगा की आरोपिया पत्नी निशा कुंभकार से पूछताछ पर यह पाया गया कि- आरोपिया की शादी करीबन 09 माह पूर्व उमाशंकर कुंभकार के साथ सामाजिक रीति रिवाज से हुई है। शादी के पहले आरोपिया का आरोपी प्रदीप कहार से प्रेम संबंध स्थापित था। शादी के बाद आरोपिया को अपने प्रेमी प्रदीप कहार से मिलने जुलने में परेशानी हो रही थी, जिस पर आरोपीया द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति उमाशंकर कुंभकार को रास्ते से हटाने की योजना बनाई गई। योजना अनुसार दिनांक 25.10.2025 को आरोपिया द्वारा आरोपी प्रदीप कहार को फोन कर सिमगा

बुलाया गया एवं शाम 07:30 बजे अपने पति उमाशंकर को फोन कर आरोपिया द्वारा अपने एक परिचित आदमी को बेमेतरा पुराना पुल के पास पैसों की जरूरत होना बताकर पति उमाशंकर कुंभकार को वहां पर भेजा गया, जिस पर पहले से तैयार आरोपी प्रेमी प्रदीप कहार द्वारा धारदार कैंची से मारपीट कर उमाशंकर कुंभकार को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना पश्चात आरोपी प्रदीप कहार वहां से भाग गया।प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा तत्काल आरोपिया निशा कुंभकार को गिरफ्तार किया गया तथा उसके पति पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी फरार हो गया था। आरोपी के संबंध में थाना सिमगा एवं साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण पर आरोपी प्रदीप कहार उर्फ अनुज साहू उर्फ मैथ्यू ग्राम लखनवाड़ा थानाअमरवाड़ा जिला छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में हिरासत में लेकर सिमगा लाया गया ।

बिना ऋण पुस्तिका जमीन की रजिस्ट्री किसान हित नहीं है : लेखराम साहू

कुरूद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य में जमीन विक्रय पंजीयन के दौरान ऋण पुस्तिका प्रस्तुत करने की अनिवार्यता समाप्त करने शासन की योजना को लेकर किसानों में गहरी चिंता व्याप्त है। यह निर्णय प्रक्रिया सरल बताकर लागू किया जा। सकता है, किंतु इससे किसानों की भूमि की सुरक्षा पारदर्शिता और ऋण सत्यापन व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह लग गया है। उपरोक्त बातें पूर्व विधायक लेख राम साहू ने कही। उन्होंने कहा है कि ऋण पुस्तिका से यह प्रमाणित होता है, कि जमीन बेचने वाला ही जमीन का वास्तविक मालिक है, भूमि किसी लोन अथवा बंधक से मुक्त है, किंतु अब बिना ऋण पुस्तिका के रजिस्ट्री किए जाने से फर्जी बिक्री दोहरी रजिस्ट्री और ठगी (धोखाधड़ी) घटनाओं की संभावना बढ़ जाएगी।

पूर्व विधायक लेखराम साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि लोन एवं गिरवी रखी गई भूमि भी बैंक की जानकारी के बिना बेचे जाने का खतरा है।

मानव वध मामले में झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

मामला थाना सिटीकोतवाली थाना गरियाबंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। थाना गरियाबंद में सूचक जागेश्वर देवदास के द्वारा थाना उपस्थित आकर आस्पताली मेमों पेश किया। मर्ग जांच पर मृतक पुरूषोत्म ध्रुव का शव का मर्ग इंटीमेशन कर जांच पंचनामा में लिया गया। मृतक के शव का पंचनामा के बाद शव का पीएम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा गलत तरीके से सर्जरी करने से मृत्यु होना लेख किया गया है। मर्ग जांच के दौरान मृतक पुरूषोत्तम ध्रुव पिता दुलखू राम ध्रुव उम्र 45 साल ग्राम पेण्ड्रा थाना व जिला गरियाबंद के परिजन एवं गवाह को पूछताछ कर कथन लेख किया गया।

कथन में दिनांक घटना को संजू एवं बबलू नाम के व्यक्ति के द्वारा ईलाज एवं सर्जरी करने हेतु अधिकृत नही होते हुये एवं सर्जरी से पीड़ित का मृत्यु होने का ज्ञान रखते हुये बिना पर्याप्त सुरक्षा साधन के पुरूषोत्तम ध्रुव का ईलाज किया गया। जिसके कारण उत्पन्न हुई परिस्थिति से पुरूषोत्तम ध्रुव की मृत्यु होना बताया गया।

आरोपी संजू एवं बबलू का कृत्य आपराधीक मानव वध की धारा 105,3(5) भा. न्याय. सं. का पाये जाने से मर्ग जांच पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही मे लिया गया है। विवेचना दौरान प्रकरण के आरोपी बबलू ताण्डी की पतासाजी पर आरोपी बबलू ताण्डी उर्फ थबीर ताण्डी पिता खेत्रताण्डी उम्र 54 साल साकिन ग्राम कोमना दुरीयापड़ा थाना कोमना जिला नुवापाड़ा (उड़ीसा) को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ में आरोपी बबलू ताण्डी उर्फ थबीर ताण्डी के द्वारा मृतक पुरूषोत्तम ध्रुव का भगन्दर बिमारी का ईलाज बिना प्रर्याप्त सुरक्षा साधन के तथा बिना वैध लायसेंस के अपने साथी संजू के साथ मिलकर ईलाज करने के दौरान मृत्यु होना स्वीकार किया गया। आरोपी द्वारा घटना के समय परिजनों के साथ सम्पर्क किया हुआ, एक विवो कंम्पनी का मोबाइल को जप्त किया गया। आरोपी बबलू ताण्डी उर्फ थबीर ताण्डी पिता खेत्रताण्डी उम्र 54 साल साकिन ग्राम कोमना दुरीयापड़ा थाना कोमना जिला नुवापाड़ा (उड़ीसा) के विरूध्द प्रर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर से दिनांक 28.10.2025 समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

बबलू ताण्डी उर्फथबीर ताण्डी पिता स्व. खेत्र ताण्डी उम्र 54 साल ग्राम कोमना दुरीयापड़ा थाना कोमना जिला नुवापाड़ा (उड़ीसा) ।

भूमिपूजन | ग्राम के ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त ग्रामजनों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया

भुरसीडोंगरी में दीपावली मिलन, सम्मान समारोह एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन

नगरी/नवप्रदेश। 26 अक्टूबर 2025, रविवार को ग्राम भुरसीडोंगरी में शीतला माता मंदिर दर्शन उपरांत दीपावली मिलन, सम्मान समारोह एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। पूरे ग्राम में उत्सव जैसा माहौल रहा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण सार्वा, अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी। उन्होंने ग्राम के विकास के लिए नमो पार्क, सी.सी. रोड एवं शेड निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया तथा ग्रामवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। जिसमे विशेष अतिथि के रूप में गरिमा नेताम अध्यक्षता ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी के सरपंच लिलम्बर नागवंशी

इस अवसर पर ग्राम के अनेक जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुख उपस्थित रहे –

उप सरपंच महेन्द्र साहू, ग्रामसभा अध्यक्ष रोहणी नेताम, ग्राम पटेल शंकर पटेल, ग्रामीण अध्यक्ष सुखचंद मरकाम, उपाध्यक्ष श्यामचंद कश्यप, पूर्व अध्यक्ष फूलसिंह सोरी, मनीराम साहू, रामजी नेताम (गोंडवाना समाज प्रमुख), दीपक लाल साहू (समाज प्रमुख), मुकेश बेसरा (गांडा समाज प्रमुख), लादूराम यादव, ग्वालराम नागवंशी (ध्रुव गोंड़ समाज प्रमुख), उमेद निषाद, गिरधे सहारे (महार समाज प्रमुख), राजेश खेलन (सतनामी समाज प्रमुख), पुजारी जोहरलाल नागवंशी, डी.एल. गंजीर, छत्रपाल सोरी, धरमसिंह साक्षी, महेश मरकाम, लखमु राम नेताम, खम्मन गंजीर, मुकेश कुमार साहू, ज्ञानचंद गंजीर, भंजदेव घृष्टा एवं ग्राम पंचायत के समस्त कर्मचारीगण साथ महिला मंडल ने कार्यक्रम में विशेष भूमिका निभाई, जिनमें भागबती सोरी (अध्यक्ष), उतरा साहू (उपाध्यक्ष), सुहागा सोरी (संरक्षक), होलिका नागेश, मालती मरकाम, ओमप्रकाश साहू, संतु यादव, इकेश्वर मरकाम, मनिहार मरकाम, ताकेश्वरी, साधना मरकाम, सुनीता नेताम, बिमलेश्वरी नेताम, मनसुख मरकाम, पूनाराम मरकाम, अनिता निषाद, लोमीन निषाद, अनिता नेताम, गीता यादव आदि महिलाएँ शामिल रहीं। ग्राम के ग्रामवासियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त ग्रामजनों का सम्मान कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

छात्र छात्राओं का अभिनंदन

छत्रपाल सोरी प्राचार्य जया गंजीर – प्रधानपाठक नेहा गंजीर एवं सोनी मरकाम NEET क्वालीफाई ,मोक्ष साहू, दिव्यांशु गंजीर, खिलेश साहू – जवाहर नवोदय विद्यालय चयनित विद्यार्थी साथ ही प्रयास विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं का भी अभिनंदन किया गया। जिसमे कार्यक्रम में ग्रामवासी, समाज प्रमुख, अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दीपावली मिलन के इस अवसर पर ग्राम की एकता, सहयोग और विकास की भावना पूरे दिखाई दी ।

बंदूक चोरी, आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

दूसरे की तलाश जारी

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 और 4 से एक यात्री के बैग और उसमें रखी हुई दो नाली बंदूक की हुई चोरी के मामले में आरपीएफ टीम ने ना केवल चोरी गई बंदूक को जब्त करने में सफलता प्राप्त की बल्कि इस मामले में एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता भी प्राप्त की है,वही एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है,इस सम्पूर्ण मामले में आगे की कार्यवाही जी आर पी कर रही है। उपरोक्त संबंध में आरपीएफ पोस्ट भाटापारा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि 18 अक्टूबर की रात्रि मे किशोर कुमार द्विवेदी पिता रामतोलापन द्विवेदी उम्र 48 वर्ष ग्राम जगदीशपुर पोस्ट नगरवार प्रयागराज उत्तरप्रदेश ने जीआरपी चौकी भाटापारा में जाकर बताया कि उसका बैग भाटापारा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नं 03/04 के बिलासपुर छोर से चोरी हो गया है और बैग में दो नाली बंदूक होने की खबर के बाद चौकी प्रभारी जीआरपी भाटापारा एवं पीडित व्यक्ति रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भाटापारा आए तथा घटना से अवगत करा कर सीसीटीवी फुटेज चेक करने कहा जिस पर तत्काल उप निरीक्षक सी एस मिश्रा एवं स्टाफ को लगाकर खोज बीन प्रारंभ की कर दी गई।

इस संबंध मे आरपीएफपोस्ट भाटापारा द्वारा उपनिरीक्षक सी एस मिश्रा सहित दो स्टाफ लगाकर एक टॉस्क टीम बनाकर खोजबीन आरम्भ करते हुये चारो तरफ मुखबीर सक्रिय कर पुलिस थाना ग्रामीण एवं शहर से भी सहयोग मांगा गया।

■ न्यूज़ गैलरी

तीन दिनी युवा उत्सव आज से

रायपुर/ नवप्रदेश। रविवि में 29 से 31 अक्टूबर तक तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालयीन युवा-उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उप-मुमंत्री अरुण साव इस उत्सव के मुय अतिथि होंगे। कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे, जबकि कुलसचिव प्रो. अबर व्यास और संयोजक/अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. राजीव चौधरी भी उद्घाटन सत्र में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन 10 बजे अतिथियों के आगमन और दीप प्रज्वलन के साथ होगा। इसके बाद प्रेक्षागृह और कॉरिडोर में 10.45 बजे से नृत्य और फाइन आर्ट्स विधाओं की स्पर्धाएं होंगी। इन विधाओं में लोक/जनजातीय नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, पोस्टर मेकिंग, और रंगोली जैसे आयोजन शामिल हैं। साहित्यिक और नाट्य विधाओं के कार्यक्रम 30 और 31 अक्टूबर को होंगे।

अनुपम गार्डन में सुआ महोत्सव 1 को

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से हमारा प्रयास सबका विकास संस्था द्वारा राज्य स्थापना दिवस 1 नवंबर को सुआ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अनुपम गार्डन में दोपहर 3 बजे से होगा। महोत्सव में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित महिलाएं मनमोहक सुआ नृत्य प्रस्तुत करेंगी। विभिन्न दल रंग-बिरंगे परिधानों और पारंपरिक गीतों के साथ अपनी लोक संस्कृति की झलक पेश करेंगे। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं से जोड़ना और सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहित करना है।

महंत कॉलेज में कुश्ती प्रतियोगिता सम्पन्न

रायपुर/ नवप्रदेश। उच्च शिक्षा छ ग शासन एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वाधान में महंत लक्ष्मी नारायणदास महाविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कुश्ती महिला व पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को महाविद्यालय के परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय तिवारी अध्यक्ष शिक्षा प्रचारक समिति रायपुर, विशेष अतिथि के रूप में अशोक यादव दंतेश्री अखाड़ा रायपुर एवं विशेष रूप से महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर देवाशीष मुखर्जी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने कहा कि मल्ल युद्ध हमारे देश की प्राचीन परम्परा व संस्कृति है जिसका उल्लेख महाकाव्य महाभारत में भी है यह भारत की पुरानी व रोचक खेल में से एक खेल है। प्राचार्य डॉ मुखर्जी ने कहा कि 15 से अधिक महाविद्यालयों के खिलाड़ी छात्र छात्रों ने जिस उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया यह अत्यंत सराहनीय है। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सभी विजेताओ को नगद राशि भेट की एवं कहा कि छत्तीसगढ़ में कुश्ती अपने शेसवावस्था में है अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।

दलदलसिवनी मुख्य मार्ग से 7 गाड़ी भवन निर्माण सामग्रियां जब्त

रायपुर/ नवप्रदेश। नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 9 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र अंतर्गत दलदलसिवनी मुख्य मार्ग में अभियान चलाकर कार्यपालन अभियंता शरद ध्रुव, सहायक अभियंता सैयद जोहेब, उप अभियंता अतुल बंसल की उपस्थिति में मुख्य मार्ग में 7 गाड़ी भवन निर्माण सामग्रियां जप्त कर मुख्य मार्ग से यातायात बाधा तत्काल दूर कर नागरिकों को सुगम यातायात बहाल कर राहत दिलवाई।

जांच में फंसा अंबेडकर अस्पताल का फार्मासिस्ट 3000 रुपए प्रति स्ट्रिप वाली महंगी दवा बांटी

रायपुर/ नवप्रदेश। आंबेडकर अस्पताल में डायबिटीज ठीक करने वाली महंगी रेबोलसेस टैबलेट बांटने की जांच पूरी हो गई है। इसमें मेडिसिन विभाग का फार्मासिस्ट फंसता दिख रहा है। कमेटी की जांच पूरी हो गई है, लेकिन अभी रिपोर्ट प्रबंधन को नहीं सौंपी है, लेकिन फार्मासिस्ट पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। डॉक्टरों की भूमिका पर कमेटी द्वारा कुछ खास सवाल नहीं उठाने की जानकारी सामने आ रही है।

डायबिटीज की महंगी टैबलेट रेबोलसेस की कीमत प्रति स्ट्रिप 3000 रुपए है। यानी एक टैबलेट 300 रुपए की। एक रुपए की दवा बांटने में नाकाम प्रबंधन व सीजीएमएससी ने इतनी महंगी दवा क्यों खरीदी, इस पर भी जानकार सवाल उठा रहे हैं। कमेटी ने मरीजों की एक-एक पर्ची की जांच की। इसमें 45 पर्चों में मरीजों के नाम स्पष्ट नहीं है। यानी फार्मासिस्ट ने खेल कर दिया है। चूंकि महंगी दवा थी और डायबिटीज के मरीजों के लिए कारगर है इसलिए इसमें मनमर्जी से भी बांटने की बात भी सामने आ रही है। मेडिसिन विभाग के एक सीनियर डॉक्टर ने भी टैबलेट का बेतहाशा उपयोग किया है। बाजार में इससे काफी कम कीमत में डायबिटीज की दवा उपलब्ध है। जो मरीजों को आसानी से बांटी जा सकती है। जानकार इसमें कमीशनखोरी होने की आशंका कह रहे हैं। दरअसल रीएजेंट व मेडिकल उपकरण घोटाले में इसकी पुष्टि हो गई है कि सीजीएमएससी में कमीशनखोरी आम है।

अधीक्षक से बहस करना भारी पड़ा

अस्पताल प्रबंधन ने जांच के लिए जरूर कमेटी बनाई थी, लेकिन इसे ठंडे बस्ते में डालना चाहता था। मेडिसिन विभाग का फार्मासिस्ट एसोसिएशन से जुड़ा हुआ है इसलिए कुछ दिनों पहले अस्पताल अधीक्षक से बहस कर बैठा। बताया जाता है कि इससे अधीक्षक काफी नाराज हुए और कमेटी को जांच रिपोर्ट जल्द देने को कहा। फार्मासिस्ट बहस नहीं करते तो हो सकता है कि जांच रिपोर्ट सौंपी ही नहीं जाती या इसमें काफी देरी की जाती।

कार्डियोलॉजी विभाग ने मांगी थी 22 हजार टैबलेट

अस्पताल प्रबंधन ने कार्डियोलॉजी विभाग की मांग पर 22 हजार टैबलेट की डिमांड की थी। इनमें एक चौथाई यानी 5 हजार टैबलेट ही आई। इसमें सभी खप गई है। 10 टैबलेट रेबोलसेस की कीमत 3000 रुपए है। एक मरीज को एक माह की दवा 9 हजार रुपए पड़ रही है। इतनी महंगी दवा सीजीएमएससी ने सप्लाई की थी। कार्डियोलॉजी विभाग में 3200 टैबलेट पहुंची थी। इसमें आधी यानी 1600 टैबलेट का उपयोग किया गया। विभाग में फर्मेसी सेंटर बंद हो गया तो बची हुई टैबलेट मिनी दवा स्टोर को वापस कर दी गई थी। मेडिसिन विभाग में भी कोई 3400 के आसपास टैबलेट मरीजों को बांटी गई थी। दोनों विभागों में 5 हजार टैबलेट की खपत हुई है। इसकी कीमत 15 लाख रुपए है। यह दवा हार्ट के अलावा डायबिटीज के मरीजों को दी गई है।

शंकर नगर फ्लाईओवर के नीचे कचरा उठवाकर निगम ने किया त्वरित निदान

रायपुर/ नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम में प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए आदेशानुसार और जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन 3 क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर फ्लाईओवर के नीचे सफाई गैंग भेजकर सफाई करवाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्तस, सहायक अभियंता नरेश साहू, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज, जोन 3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन कुमार ताण्डी की उपस्थिति में नगर निगम रायपुर को प्राप्त गन्दगी सम्बंधित जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

5 दिनों में 25 कलाकार देंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

राज्योत्सव : पहले दिन हंसराज रघुवंशी आखिरी दिन कैलाश खेर बांधेंगे समां

■ इंदिरा कला संगीत विवि की प्रस्तुति रहेगी अंतिम दिन

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती समारोह (राज्योत्सव 2025) में पूरे पांच दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नया रायपुर स्थित राज्योत्सव मैदान में शाम 4 बजे से शुरू होगा। पहले दिन एक नवंबर को प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी अपनी सुरीली प्रस्तुति से समां बांधेंगे। शुरुआत पार्श्वगायिका ऐश्वर्या पंडित करेंगी, फिर पीसीलाल यादव (दूधमोंगरा गंडई), आरू साहू (लोक मंच), चंद्रभूषण वर्मा (लोकमंच), दुष्यंत हरमुख (रंग झरोखा), निर्मला ठाकुर (पुन्नी के चंदा) की प्रस्तुति होगी।

आखिरी में हंसराज रघुवंशी प्रस्तुति देंगे। इस तरह पूरे पांच दिनों में 25 कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। संस्कृति विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक दो नवंबर को सुनील तिवारी (रंग झाझर), जयश्री नायर (चिन्हारी द गॉ बैंड ग्रुप), डोमार सिंह (कंवर नाचा), जितेंद्र कुमार साहू (सोनहा बादर), आदित्य नारायण (पार्श्व) अपनी-अपनी प्रस्तुति देंगे। तीन नवंबर को महेंद्र चौहान एंड बैंड, उषा बारले (पंडवानी), राकेश शर्मा सूफी (भजन गायन), वनश्याम महानंद (पारंपरिक फ्यूजन बैंड), भूमि त्रिवेदी (पार्श्व गायन), चार नवंबर को कला केंद्र रायपुर बैंड, प्रकाश अवस्थी (स्टार नाइट), कविता वासनिक (अनुराग धारा), तिलकराज साहू (लोकधारा), अंकित तिवारी (पार्श्व गायन) और आखिरी दिन पांच नवंबर को पूनम विराट तिवारी (रंग छत्तीसगढ़), इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय और कैलाश खेर (पार्श्व गायन) की प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा।

महतारी वंदन की अगली किस्त पर संकट : 4 लाख महिलाओं का ई-केवायसी बाकी

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना में करीब 4 लाख लाभार्थी महिलाओं का ई-केवायसी अभी बाकी है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने साफ़कर दिया है कि ई-केवायसी पूरा न होने पर अगली किस्त बैंक खाते में नहीं आएगी। बायोमेट्रिक आधारित सत्यापन नजदीकी चॉइस सेंटर (CSC) या आंगनबाड़ी के जरिए कराया जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर जागरूकता फैला रही हैं। विभाग ने पोर्टल पर जिला, विकासखंड, ग्राम और आंगनबाड़ी स्तर की बकाया सूची अपलोड कर दी है।

विभाग ने सीएससी राज्य प्रमुख को एपीआई डेटा और क्षेत्रवार ऑपरेटर सूची सौंपी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पोर्टल लॉगिन से बकाया महिलाओं की लिस्ट देखकर सूचित कर रही हैं। शत-प्रतिशत सत्यापन का लक्ष्य रखा गया है। जिनका ई-केवायसी लंबित है, उन्हें भुगतान तभी मिलेगा जब प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

निःशुल्क ई-केवायसी अनिवार्य, CSC व आंगनबाड़ी में सुविधा

ई-केवायसी पूरी तरह मुफ्त है। किसी भी हाल में शुल्क नहीं वसूला जाएगा। बायोमेट्रिक डिवाइस से सत्यापन CSC केंद्र या आंगनबाड़ी में उपलब्ध है।

20 किस्तों में 12,983 करोड़ वितरित, DBT से होती है ट्रांसफर

योजना 1 मार्च 2024 को शुरू हुई, जिसका मकसद 21 वर्ष से अधिक आयु की विवाहित महिलाओं को मासिक 1,000 रुपए देकर सशक्त बनाना है। अब तक 64 लाख 94 हजार 768 महिलाओं को 20 किस्तों में 12,983 करोड़ रुपए DBT से दिए जा चुके हैं। अधिकारी बोले, आधार इनएक्टिव या DBT इनेबल न होने से कई भुगतान रद्द हो रहे हैं। महिलाओं से अपील है।

पोर्टल-ऐप से ट्रैकिंग, लाभ त्याग का विकल्प भी

महतारी वंदन पोर्टल और मोबाइल ऐप प्लेस्टोर पर उपलब्ध है। महिलाएं यहां किस्त स्थिति, ई-केवायसी प्रोग्रेस और अन्य जानकारी देख सकती हैं। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की सुविधा है। जो योजना का लाभ नहीं लेना चाहतीं, वे लाभ त्याग कर सकती हैं। विभाग ने चेताया कि ई-केवायसी और आधार अपडेट न होने से राशि रुकने की जिम्मेदारी स्वयं हितग्राही की होगी। स्टेट ऑपरेटरों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को त्वरित कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

प्लॉट में मिली लाश की पहचान नहीं, एक और शव बरामद

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रोफेसर कॉलोनी-परशुराम नगर इलाके में खाली प्लाट पर रविवार शाम CRIME मृत मिले 35-40 वर्षीय व्यक्ति की पहचान दूसरे दिन भी नहीं हो पाई है। इधर खमतराई थाने के बंजारी नगर इलाके में भी नाले में युवक का शव मिला। मृतक की पहचान बंजारी नगर में ही रहने वाले वीरेन्द्र ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वीरेन्द्र के शरीर पर चोटें नहीं हैं। फॉरेंसिक एक्सपर्ट ने भी मौत पर संदेह नहीं जताया है। हालांकि मौत की वजह पोस्टमार्टम से ही सामने आएगी।

थाने के साथ क्राइम ब्रांच ने भी शुरू की जांच - खमतराई पुलिस ने वीरेन्द्र ठाकुर की मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। शव के पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर आगे कार्रवाई होगी। थाने के स्टाफ के अलावा एसीसीयू क्राइम ब्रांच की टीम ने भी सोमवार सुबह बंजारी नगर जाकर घटनास्थल के आसपास जांच की। नशेड़ियों की सूची तैयार करके जांच तेज कर दी गई है।

राजधानी के थानों में मृतक के गुमने का केस दर्ज नहीं

पुरानीबस्ती पुलिस ने कंट्रोल रूम के जरिये राजधानी के सभी थानों में दर्ज गुम इंसान के प्रकरणों की जानकारी मांगी। प्रोफेसर कॉलोनी के जलकुंभी वाले प्लाट में बरामद शव का हुलिया व फोटो भी सभी थानों को भेजा गया। किसी भी थाने में मृतक से मिलते-जुलते व्यक्ति के गायब होने का केस दर्ज नहीं पाया गया है। हालांकि पुलिस को मृतक के शरीर पर जाहिर चोटें नहीं मिली हैं, लेकिन केवल पैंट ही पहने होने को लेकर असमंजस की स्थिति है। मृतक घुमंतू और मनोरोगी भी नहीं लग रहा है।

महिला से 65 हजार की उठाईगिरी दो बाइक सवार बदमाश फरार

मनेन्द्रगढ़/ नवप्रदेश। व्यापारी परिवार से वार्ड क्रमांक 19 निवासी दीप्ती अग्रवाल सोमवार शाम करीब 6:43 बजे अपनी 11 वर्षीय बेटी और 3 वर्षीय पोती के साथ तुलसी जनरल स्टोर से मनोकामना जनरल स्टोर जा रही थीं। तभी शीतला माता मंदिर के पास दो बाइक सवार बदमाश सामने आए। उनमें से एक ने महिला की चैन खींचने की कोशिश की,जो टूटकर नीचे गिर गई। इसके बाद दूसरे बदमाश ने पर्स छीन लिया और दोनों तेज़ रफ्तार में फरार हो गए। दीप्ती अग्रवाल के पति विजय अग्रवाल ने पूरी घटना के साथ बताया कि पर्स में करीब 65 हजार रुपये नकद थे। उन्होंने कहा, पैसा तो चला गया, लेकिन उम्मीद है पुलिस जल्द कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करेगी ताकि किसी और के साथ ऐसी घटना न हो। शहर में बीच बाजार भिड़ में हुई घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सिटी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहरवासी अब बीच बाजार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे है।

12000 से ज्यादा में प्लेग्राउंड नहीं

राज्य के 6500 स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट नहीं

रायपुर/ नवप्रदेश। स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृण करने के लिए लगातार सिर्फ बातें तो की जा रही हैं। असल में ग्राउंड पर जाकर देखें तो सच्चाई कुछ उलट ही है। एक तरफ शासन जहां स्कूल की स्थिति सुधारने की बात कह रहा है। दूसरी तरफस्कूलों में आमूल चूल व्यवस्था ही ठप है। शिक्षा मंत्रालय के यूडाइस प्लस की 2024-25 रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के लगभग 6500 स्कूलों में गर्ल्स टॉयलेट ही नहीं है। वहीं, बॉयज के लिए तो इसकी संया लगभग 10 हजार है। साथ ही बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के मद्देनजर खेलकूद के लिए स्कूल में प्लेग्राउंड को महत्वपूर्ण माना गया है, लेकिन राज्य के 12 हजार से ज्यादा स्कूलों में प्लेग्राउंड की सुविधा ही नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में कुल 56802 स्कूल संचालित हैं। वहीं, सरकारी स्कूलों की संया 48827 है।

3 लाख स्टूडेंट्स ने नहीं दिया आधार

अभी राज्य के स्कूलों में अपार आईडी बनाने पर कार्य चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के स्कूलों में 5806871 बच्चों ने प्रवेश लिया। इसमें 5520901 ने आधार कार्ड दिया, बाकि ने आधार कार्ड जमा ही नहीं किया। वहीं, राज्य के स्कूलों में प्यूपिल टीचर रेसियो प्राइमरी 18, अपर प्राइमरी 15, सेकंडरी 14, हायर सेकंडरी 12 है। राज्य में गवर्नमेंट स्कूल 48827 हैं, जिसमें 188578 शिक्षक हैं, इसमें 112321 मेल और 76257 फीमेल है।

धान खरीदी में किसानों की बढ़ सकती है मुसीबत

■ एग्री स्टेक पोर्टल की खामियां बनी आफत

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, लेकिन एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन की तकनीकी खामियां किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन रही हैं। पंजीयन की मियाद खत्म होने में अब चंद दिन बाकी हैं, पर अब तक लाखों किसानों का खसरा न तो एग्री स्टेक पोर्टल से मेल खा रहा है और न ही एकीकृत किसान पोर्टल से मिलान हो पाया है। विभागीय आंकड़े खुद खामियों की पोल खोल रहे हैं। धान खरीदी 2025-26 के लिए पंजीयन कराने वाले लाखों किसानों को आगे चलकर भारी पेचीदगियों का सामना करना पड़ सकता है।

7.88 लाख किसानों का खसरा मैच नहीं, सबसे खराब हाल जांजगीर-चांपा में

भरोसेमंद सूत्रों के मुताबिक, अब तक 7 लाख 88 हजार 66 किसान ऐसे हैं जिनका खसरा दोनों पोर्टलों से मेल नहीं खा रहा। सबसे ज्यादा प्रभावित जांजगीर-चांपा जिला है, जहां 50,231 किसानों का खसरा मिलान नहीं हुआ। इसके बाद बलौदा बाजार में 44,937 और बिलासपुर में 42,870 किसान शामिल हैं। अन्य जिलों में भी बड़ी संख्या में ऐसे मामले हैं। विभागीय अफसरों का कहना है कि खसरा मैच न होने पर किसानों को जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा, जिससे धान बेचाई में भारी मशक्कत होगी।

सिर्फसाढ़े 16 लाख किसानों का ही खसरा मैच, बेमेतरा अव्वल

पंजीयन प्रक्रिया में अब तक सिर्फ 16 लाख 55 हजार 330 किसान ऐसे हैं जिनका खसरा दोनों पोर्टलों में पूरी तरह मेल खा रहा है। इन किसानों को धान खरीदी में कोई दिक्कत नहीं आएगी। बेमेतरा जिला सबसे आगे है, जहां 1 लाख 20 हजार 125 किसानों का खसरा मैच हो चुका है। इसके बाद बालोद, बलौदा बाजार और महासमुंद में एक लाख से ज्यादा किसानों का मिलान हुआ है। बलौदा बाजार में एग्री स्टेक पोर्टल में सबसे ज्यादा 1,52,939 और एकीकृत किसान पोर्टल में 1,56,007 पंजीयन हुए हैं।

पोर्टल खामियां बनीं किसानों की मुसीबत, विभाग मौन

एग्री स्टेक पोर्टल में 24,00,221 और एकीकृत किसान पोर्टल में 23,64,196 किसानों ने पंजीयन कराया, लेकिन 36,025 किसान एग्री स्टेक पोर्टल में अनुपलब्ध हैं। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते पंजीयन प्रक्रिया ठप है। विभागीय अधिकारी इसे ÷तकनीकी समस्या÷ बता रहे हैं, लेकिन सुधार के कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। किसान संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते खसरा मिलान नहीं हुआ तो धान खरीदी केंद्रों पर हंगामा हो सकता है।

गरीब मरीजों को मिलेगा निशुल्क सीटी स्कैन और एमआरआई जांच सुविधा का लाभ

▸ स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल के निर्देश

रायपुर/ नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) में आने वाले मरीजों को सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस विषय में स्वतः संज्ञान लिया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीज हित में फैसला लेते हुए आगामी सामान्य परिषद् की बैठक तक के लिए चिकित्सालयों में आने वाले बी.पी.एल.

राशनकार्डधारी ओपीडी मरीजों को निःशुल्क सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, ऐसे अन्य ओपीडी मरीज जो बी.पी.एल. श्रेणी में नहीं आते है, उन्हें शासन/विभाग द्वारा निर्धारित न्यूनतम दरों पर यह जांच सुविधा प्राप्त होगी।

अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री का यह निर्णय ओपीडी स्तर पर जांच सुविधाओं को सुलभ एवं किफायती बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि - इन आदेशों का पालन सुनिश्चित करते हुए किसी भी मरीज को जांच सुविधा में असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। विदित हो कि प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल के रेडियोडायग्नोसिस विभाग में सीटी स्कैन - एमआरआई जांच की अत्याधुनिक मशीनें स्थापित हैं।

हांगकांग का हैंग सेंग 0.14 प्रतिशत बढ़ा और सिंगापुर का स्ट्रेट्स टाइम्स 0.7 प्रतिशत बढ़ा

डॉलर के मुकाबले रुपया लड़खड़ाया, सेंसेक्स और निफ्टी में दिखी मामूली बढ़त

मुंबई। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 125.93 अंक चढ़कर 84,904.77 पर पहुंचा था. वहीं निफ्टी 39.8 अंक बढ़कर 26,005.85 पर कारोबार कर रहा था. हालांकि बाद में इसमें गिरावट का रुख दिखा. शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे गिरकर 88.40 पर आ गया. भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लगभग सपाट लाल निशान में खुले, जो आगे के सत्र में उतार-चढ़ाव का संकेत देता है, क्योंकि निवेशक इस सप्ताह होने वाली प्रमुख वैश्विक घटनाओं से पहले सतर्क बने हुए हैं. यह उतार-चढ़ाव अन्य एशियाई बाजारों में देखे गए मिश्रित रुख को भी दर्शाता है। निफ्टी 50 सूचकांक 26.10 अंक या 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,939.95 पर खुला. वहीं बीएसई सेंसेक्स ने दिन की शुरुआत 125.41 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 84,653.43 पर की. मंद शुरुआत से संकेत मिलता है कि वैश्विक संकेतों में बढ़ती अनिश्चितता के बीच व्यापारी प्रतीक्षा और निगरानी का रुख अपना सकते हैं। बैंकिंग एवं बाजार विश्लेषक, बाज़ार विशेषज्ञ अजय बग्गा ने बताया, सोमवार को भारतीय बाजारों में मज़बूती रही, बैंकों के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई और एसएमआईडी में मजबूती देखी गई, जो व्यापक बाजारों में नए निवेश प्रवाह का संकेत है। एफपीआई नेट शॉर्टेज 75 प्रतिशत तक कम हो गए हैं. निफ्टी और बैंक निफ्टी की आज मासिक एक्सपायरी और एशियाई बाजारों के सीमित दायरे में रहने के कारण, आज भारत में भी बाजारों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। उन्होंने आगे कहा, मीडिया में सरकारी बैंकों में एफपीआई निवेश सीमा बढ़ाकर 49 प्रतिशत करने की चर्चा है,

लेकिन हकीकत यह है कि मौजूदा 20 प्रतिशत की सीमा भी पूरी नहीं हुई है. यहां तक कि सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, एसबीआई के पास भी लगभग 9 प्रतिशत एफपीआई निवेश है. इस मोर्चे पर वास्तविकता की जांच की जरूरत है। बिहार चुनाव प्रचार के दौरान इस तरह की घोषणा में विश्वसनीयता की कमी दिखती है और यह बिहार चुनावों को प्रभावित करने के लिए गढ़ी गई झूठी बातों से प्रेरित हो सकती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के क्षेत्रीय सूचकांकों में, निफ्टी ऑटो 0.18 प्रतिशत ऊपर, निफ्टी आईटी लाल निशान में सपाट खुला, निफ्टी मीडिया 0.54 प्रतिशत बढ़ा, और निफ्टी फार्मा भी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ स्थिर रहा। इस बीच, वैश्विक बाजार सतर्क रहे क्योंकि निवेशक इस सप्ताह प्रमुख घटनाक्रमों की प्रतीक्षा कर रहे थे. अमेरिकी बाजारों ने एक और रिकॉर्ड बंद दर्ज किया, जिसे अमेरिका-चीन व्यापार समझौते को लेकर आशावाद, मजबूत आय सत्र और बुधवार को फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों का समर्थन प्राप्त था। हालांकि, अमेरिकी सरकार के बंद के चौथे सप्ताह में प्रवेश करने और विरोधी पक्षों के बीच समझौते के कोई संकेत न मिलने के कारण चिंताएं बनी हुई हैं। पूरे एशिया में, मंगलवार सुबह बाजारों में मिला-जुला कारोबार हुआ. जापान का निक्केई 225 0.16 प्रतिशत गिरा, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.11 प्रतिशत गिरा, जबकि ताइवान का भारित सूचकांक 0.08 प्रतिशत बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग 0.14 प्रतिशत बढ़ा और सिंगापुर का स्ट्रेट्स टाइम्स 0.7 प्रतिशत बढ़ा। वैश्विक स्तर पर निवेशक तीन प्रमुख घटनाओं पर बारीकी से नजर रख रहे हैं. कोरिया में ट्रम्प-शी बैठक, फेडरल रिजर्व का नीतिगत निर्णय, और मैग्निफिसेंट सेवन प्रौद्योगिकी दिग्गजों में से 5 की आय रिपोर्ट, जिनमें से सभी से वर्ष के शेष भाग के लिए बाजार की धारणा को निर्धारित करने की उम्मीद है।

न्यूज गैलरी

अमेजन करेगी 30,000 कॉर्पोरेट नौकरियों में कटौती, रिपोर्ट में किया दावा

नईदिल्ली। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन मंगलवार (28 अक्टूबर) से 30,000 कॉर्पोरेट नौकरियों में कटौती करने की योजना बना रही है। कंपनी इस फैसले के जरिए कोरोना महामारी के दौरान मांग बढ़ने के दौरान हुए खर्चों और जरूरत से ज्यादा भर्तियों की भरपाई कर रही है। छंटनी का यह आंकड़ा उसके कुल 15.5 लाख कर्मचारियों का एक छोटा-सा हिस्सा है, लेकिन उसके लगभग 3.5 लाख कॉर्पोरेट कर्मचारियों का लगभग 10 प्रतिशत है। यह 2022 के बाद से उसकी सबसे बड़ी छंटनी होगी। सूत्रों के अनुसार, इस सप्ताह से शुरू होने वाली यह कटौती मानव संसाधन, संचालन और अमेजन वेब सर्विसेज सहित कई विभागों को प्रभावित कर सकती है। प्रभावित टीमों के प्रबंधकों को सोमवार को प्रशिक्षण लेने के लिए कहा गया, ताकि उन्हें बताया जा सके कि मंगलवार सुबह से भेजे जाने वाले ईमेल नोटिफिकेशन के बाद कर्मचारियों से किस प्रकार संवाद करना है। अमेजन पिछले 2 सालों से डिवाइस, संचार और पॉडकास्टिंग सहित कई विभागों में छंटनी कर रहा है। कर्मचारियों में यह कटौती 2022 के बाद सबसे बड़ी है, जब लगभग 27,000 पदों को समाप्त किया गया था। अमेजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंडी जेसी नौकरशाही की अधिकता को कम करने के लिए एक पहल कर रहे हैं, जिसमें प्रबंधकों की संख्या कम करना भी शामिल है। उन्होंने कंपनी की कमियों की पहचान के लिए एक गुमनाम शिकायत लाइन शुरू की है, जिसके तहत लगभग 1,500 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 450 से ज्यादा बदलाव किए गए।

सोने-चांदी के भाव में नरमी आगे लुढ़क सकते हैं दाम

नईदिल्ली। भारतीय सर्राफा बाजार में सोने-चांदी के भाव में नरमी दिख रही है.आज सुबह मार्केट खुलने के बाद 24 कैरेट के एक ग्राम के सोने की कीमत सुबह 12136 रुपए चल रहा था. वहीं चांदी की कीमत भी प्रति ग्राम 144 रुपए चल रहा था. वहीं एक्सपर्ट का अनुमान है कि आने वाले समय में इन चमकीली धातुओं के दाम में कमी आ सकती है।

श्रेयस अय्यर की हालत स्थिर, संदेशों का भी दे रहे हैं जवाब : सूर्यकुमार

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर के स्वास्थ्य पर सकारात्मक अपडेट दिया है। अय्यर को ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान प्लीहा और पसलियों में चोट लग गई थी। आंतरिक रक्त स्राव के बाद उन्हें सोमवार को सिडनी के एक अस्पताल गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अब उन्हें आईसीयू से सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 मैच की कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा, अय्यर की हालत स्थिर है और वह मैसेज का जवाब दे रहे हैं। डॉक्टर पहले से ही वहां मौजूद हैं। वे कुछ दिनों तक उनकी निगरानी में रखेंगे। इधर, बीसीसीआई ने कहा है, स्कैन से पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में चोट लगी है और उनका उपचार चल रहा है। वे चिकित्सकीय रूप से स्थिर हैं और अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल मेडिकल कमेटी और बीसीसीआई मेडिकल पैनल के प्रमुख डॉ दिनशॉ पारदीवाला को सिडनी से अय्यर की मेडिकल रिपोर्ट मिली। उनकी समीक्षा करने के बाद उन्होंने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ की समय पर की गई कार्रवाई के लिए सराहना की जिससे अय्यर की जान बच गई।

पृथ्वी शॉ ने टूर्नामेंट इतिहास का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 में अपनी छाप छोड़ी है। उन्होंने

महाराष्ट्र क्रिकेट टीम की ओर से चंडीगढ़ क्रिकेट टीम के खिलाफ टूर्नामेंट के इतिहास का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक (222) जड़ दिया। यह महाराष्ट्र के लिए उनका पहला रणजी शतक भी था। उनकी इस पारी की बदौलत ही महाराष्ट्र ने चंडीगढ़ के सामने जीत के लिए 464 रन का मजबूत लक्ष्य रखा है। पहली पारी में 8 रन बनाकर आउट हुए शॉ ने दूसरी पारी की धमाकेदार शुरुआत की। उन्होंने अर्शिन कुलकर्णी (31) के साथ पहले विकेट के लिए 73, सिद्धेश वीर (62) के साथ दूसरे विकेट के लिए 197 और रुतुराज गायकवाड़ (36) के साथ तीसरे विकेट के लिए 78 रन की साझेदारी निभाई। उन्होंने महज 141 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह अपनी पारी में 156 गेंदों में 29 चौके और 5 छक्कों से 222 रन बनाकर आउट हुए। शॉ का यह दोहरा शतक रणजी ट्रॉफी इतिहास में दूसरा सबसे तेज है। वह इस मामले में अब केवल पूर्व ऑलराउंडर रवि शास्त्री से पीछे हैं, जिन्होंने 1985 में मुंबई क्रिकेट टीम के लिए बड़ौदा क्रिकेट टीम के खिलाफ 123 गेंदों में दोहरा शतक पूरा किया था। इस सूची में हैदराबाद क्रिकेट टीम के राहुल सिंह तीसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 2024 में नागालैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 143 गेंदों में दोहरा शतक जड़ा था।

आरबीआई ने आवेदन वापस करने का कारण स्पष्ट नहीं किया

आरबीआई ने लौटाई जना एसएफबी की यूनिवर्सल बैंक अर्जी, शेयरों में आई करीब 3 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली। आरबीआई ने जना लघु वित्त बैंक की ओर से दिए गए यूनिवर्सल बैंक का आवेदन लौटाया दिया। हालांकि, आरबीआई ने आवेदन वापस करने के पीछे की सटीक वजहें साझा नहीं की हैं। इसके बाद बाद बैंक के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। मंगलवार सुबह करीब 09:57 बजे बीएसई पर जाना एसएफबी का शेयर 2.79% गिरकर 443.95 पर कारोबार कर रहा था।

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक को यूनिवर्सल बैंक का दर्जा पाने की कोशिश में झटका लगा है। बैंक ने मंगलवार को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक ने उसकी यूनिवर्सल बैंक लाइसेंस के लिए दी गई आवेदन वापस कर दी है। किसी बैंक को यूनिवर्सल बैंक का दर्जा मिलने का मतलब है कि वह अब एक ही छत के नीचे वाणिज्यिक और निवेश बैंकिंग सहित कई तरह की वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए अधिकृत है। इसका मतलब है कि यह ग्राहकों को जमा, ऋण, निवेश बैंकिंग, संपत्ति प्रबंधन और अन्य वित्तीय समाधानों सहित सभी वित्तीय जरूरतों

के लिए एक ही स्थान पर समाधान प्रदान कर सकता है। लघु वित्त बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ अजय कंवल के अनुसार, जून में दायर आवेदन को सोमवार देर शाम लौटाया गया है। हालांकि, आरबीआई ने आवेदन वापस करने के पीछे की सटीक वजहें साझा नहीं की हैं। कंवल ने कहा कि हम जल्द ही समझेंगे कि जवाब के पीछे असल कारण क्या है और नियामक की उम्मीदों के मुताबिक सुधार करेंगे। हमें यह बात ध्यान रखना होगी कि यह वापसी है, अस्वीकृति नहीं। कंवल ने कहा कि वह इस सप्ताह के अंत में आरबीआई के शीर्ष अधिकारियों के साथ यूनिवर्सल बैंक आवेदन को वापस करने के सटीक कारणों पर चर्चा करेंगे, और बैंक द्वारा दोबारा आवेदन करने से पहले उन्हें ठीक कर लेंगे। हालांकि, उन्होंने नए आवेदन के लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। उन्होंने आगे कहा है कि बैंक के वर्तमान संचालन पर इसका कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक एसेट साइड पर देखा जाए तो जाना एसएफबी को वैसे भी लगभग वही सभी गतिविधियां करने की अनुमति है, जो यूनिवर्सल बैंक करते हैं। कंवल ने स्वीकार किया कि को-लेंडिंग की सुविधा नहीं होना एक सीमितता है, पर उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसे बैंक अपने बिजनेस मॉडल पर किसी बड़ी बाधा के रूप में नहीं देखता। कंवल के अनुसार, अगर यूनिवर्सल बैंक लाइसेंस मिल जाता, तो बैंक को लायबिलिटी साइड पर फायदा मिलता और फंड की लागत घटती। लेकिन अब इन योजनाओं को फिलहाल टालना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हाल में बैंक की पैरेंट कंपनी स्ट्रक्चर में हुए बदलाव का यूनिवर्सल बैंक बनने की आकांक्षा से कोई संबंध नहीं था। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को मिली थी हरी झंडी बता दें कि इस साल की शुरुआत में आरबीआई ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को परिभाषित समयावधि के भीतर यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए इन-प्रिंसिपल मंजूरी दी थी। जाना एसएफबी की अर्जी ने भी निवेशकों की उम्मीदें बढ़ाई थीं।

मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज में तकनीकी गड़बड़ी, देरी से शुरू होगा कारोबार

नईदिल्ली। देश के सबसे बड़े कमोडिटी ट्रेडिंग एक्सचेंज मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में मंगलवार (28 अक्टूबर) को तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण ट्रेडिंग शुरू होने में देरी हुई। पहले एमसीएक्स पर ट्रेडिंग सुबह 9 बजे के बजाय 9.30 बजे शुरू होनी थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 10.30 बजे कर दिया गया। एक्सचेंज ने समस्या का कारण या प्रकृति के बारे में नहीं बताया, लेकिन बयान के अनुसार, एमसीएक्स सुबह 10.30 बजे डिजास्टर रिकवरी (DR) साइट से कमोडिटी ट्रेडिंग शुरू करेगा। एमसीएक्स की वेबसाइट पर एक मैसेज में कहा गया है, सुबह 10ः11 बजे तक का अपडेट- सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि तकनीकी समस्या के कारण ट्रेडिंग सुबह 10ः30 बजे शुरू होगी। ट्रेडिंग छ्रक्र से शुरू होगी। असुविधा के लिए खेद है। यह कमोडिटी डेरिवेटिव्स एक्सचेंज मूल्य के हिसाब से कमोडिटी वायदा कारोबार में लगभग 98 फीसदी हिस्सेदारी रखता है। एक्सचेंज सोना-चांदी, ऊर्जा, बेस मेटल और कृषि वस्तुओं में व्यापार की सुविधा प्रदान करता है।

कमोडिटी ट्रेडिंग एक्सचेंज में तकनीकी समस्या तब आई, जब एक्सचेंज ने एमसीएक्स आईकॉमडेक्स बुलियन इंडेक्स (एमसीएक्स बुलडेक्स) पर विकल्प अनुबंध शुरू किए। एमसीएक्स बुलडेक्स एक्सचेंज के बेहद लोकप्रिय और तरल सोने और चांदी के वायदा अनुबंधों का एक समूह है।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 24.10.2025

निम्नांकित कार्यों हेतु आनलाईन निविदा ''डी'' **श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.11.2025 तक है।**

एन.आई.टी. क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT No.32 Tender No. 178088	Boring Work for PWD Bridge Sub Division No. 02 Raipur under PWD Bridge Division Raipur for Budget Year 2024-25	रु.10.44 लाख
NIT No. 33 Tender No. 178089	Boring Work For PWD Bridge Sub Division Gariyaband under PWD Bridge Division Raipur For Budget Year 2024-25	रु.10.98 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रु. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा, एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

जी-252604367/3

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल
रायपुर (छ.ग.)
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771-2574172, FAX NO. 0771-2574174.Website :www.sldccg.com, Email : office@sldccg.com

e-Notice Inviting Tender (e-NIT)

Tender NIT No.: 03-02/SLDC/TENDER/e-bidding/TR-248/1450, Raipur, Dtd.: 28-10-2025

Tender No. : TR-248

Name of The Work:

Tender for Conducting Vulnerability Assessment and Penetration Testing (VAPT) at Main SLDC, CSPTCL, Raipur and Backup SLDC, CSPTCL, Khedamara, Bhilai.

Online bids are invited through CSPTCL Tendering System (SAP-SRM) from Eligible Contractor / Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened and will be allowed registration for this tender till following date.

Important Dates:

Last date for Submission of Tender Document: **19.11.2025, upto 12:00 Hrs Only.**

Date of opening of Tender Document: **19.11.2025 at 12:30 Hrs.**

The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com & www.cspc.co.in.

// Save Electricity // S-45707/3 CHIEF ENGINEER (SLDC), CSPTCL, RAIPUR

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता,
महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
निविदा निरस्तीकरण सूचना

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ''गरियाबंद जिले के विकासखण्ड छुरा पीपरछेड़ी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का शेष मिट्टी का कार्य आर.डी. 870 मी. से 1140 मी. के मध्य नाला क्लोजर का कार्य कटआफ राक टो फिल्टर एवं पिचिंग का निर्माण कार्य, स्लूस का मरम्मत कार्य, वेस्ट वियर का निर्माण कार्य एवं स्पिल चैनल में शूटफाल का निर्माण कार्य '' की आनलाईन निविदा सिस्टम क्रमांक 175010/निविदा सूचना क्रमांक 07/वलेलि/2025-26, गरियाबंद दिनांक 10.09.2025 (प्रथम आमंत्रण) को अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्र. 252604292 दिनांक 17.10.2025

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, गरियाबंद (छ.ग.)
कृते, मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-252604362/7

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho. no. 0771-2535780-90 Fax- 07712227395 E-mail dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक/1867/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 17/10/2025

// आम-सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स ए.व्ही. बिल्डर्स एण्ड डेव्हलपर्स भागीदार 1. श्री आनंद शिवहरे, 2. श्रीमती रंजीता शिवहरे, कैलाशपुरी, रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 स्थित भूमि खसरा क्रं. 15029 कुल रकबा 0.1257 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय (भूखण्डीय) कालोनी में विकास कार्य प्रारंभ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गए भूखण्डों एवं समाज के निम्न आय वर्गों (LIG) हेतु आरक्षित भूखण्डों का विवरण आम लोगों की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है -

(अ) बंधक भूखण्डों का विवरण :-

क्र.	भूखण्ड क्रमांक	संख्या	रकबा प्रति बंधक भूखण्ड	रकबा कुल बंधक भूखण्ड
1	भूखण्ड क्र. 05	01	85.64 Sqm.	85.64 Sqm.
2	भूखण्ड क्र. 06	01	85.66 Sqm.	85.66 Sqm.
	योग	**02**		**171.30 Sqm.**

(ब) निम्न आय वर्गों (एल.आई.जी.) के लिए आरक्षित भूखण्डों का विवरण :-

क्र.	भूखण्ड क्र.	संख्या	रकबा प्रति LIG भूखण्ड	रकबा कुल LIG भूखण्ड
1	भूखण्ड क्र. 07	01	90.06 Sqm.	90.06 Sqm.
	योग	**01**		**90.06 Sqm.**

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं, इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम
रायपुर

RELIANCE INSTITUTE OF NURSING LIMTARA, DHAMTARI (C.G.)
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur
Application are invited for following posts under Statue - 16

S. No.	Name of the Post	No. of Post	Qualification and Experience As per INC Norms
01	Professor cum Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable
02	Professor cum Vice - Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
03	Professor	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
04	Associate Professor / Reader	02	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:-Total 08 years experience with M.Sc.(N) including 05 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable
05	Assistant Professor / Lecturer	04	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 03 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable

Other Terms & Conditions:-
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

Selection Criteria:- Selection will be decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
- Number of paper publications in various national / international journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application:- Within 15 Days from the date of publication of advertisement.

FLORENCE COLLEGE OF NURSING LIMTARA, DHAMTARI (C.G.)
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Nava Raipur
Application are invited for following posts under Statue - 16

S. No.	Name of the Post	No. of Post	Qualification and Experience As per INC Norms
01	Professor cum Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having total 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable
02	Professor cum Vice - Principal	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
03	Professor	01	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N). Ph.D.(N) is desirable
04	Associate Professor / Reader	02	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 08 years experience with M.Sc.(N) including 05 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable
05	Assistant Professor / Lecturer	04	Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 03 years teaching experience. Ph.D.(N) is desirable

Other Terms & Conditions:-
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

Selection Criteria:- Selection will be decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
- Number of paper publications in various national / international journals.
- Paper presentation in conferences.
- Total No. of conferences attended.

Last date of receipt of Application:- Within 15 Days from the date of publication of advertisement.



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com